# ज्ञानम सामयिकी

जनवरी 2021

Gyanम्



6 Months G.K.PACK

## मालाबार नौसेना अभ्यास 2020




For Admission Call

9646 888 377

Scan code to download app

Google Play | App Store

DOWNLOAD THE GYANM APP

ONLINE COURSES | DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

GET IT ON Google Play

Download on the App Store



A Monthly Magazine by Gyanm Publications

₹70


Gyanम्
For Graduates
Punjab Govt Jobs are coming
Are you prepared?
BREAKING NEWS ALERT
Join Online / Offline Coaching
With 24*7 Faculty Support
9117-343434 | 9646-888377
ਸੁਨਹਿਰਾ ਮੌਕਾ
Gyanम्
For Graduates
Punjab Patwari
ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ
Recorded Course
With 24*7 Faculty Support
JOIN NOW | 9117-343434
Gyanम्
10 YEARS OF EXCELLENCE
Jo Gyanm Padhata Hai
Wo Hi Exam Mein Aata hai..!
Gyanm Content
Waqf Question Paper
To Join Course
Download Gyanm App
9117-343434 | 9646-888-354
DOWNLOAD THE GYANM APP TODAY !
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
ONLINE COURSES | FREE DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

ज्ञानम्
# ज्ञानम् सामयिकी

**जनवरी - 2021**

**वर्ष - 5** **अंक - 03**

ज्ञानम् एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन्स्टीच्यूट प्राइवेट लिमिटेड, दूसरी मंज़िल, एससीओ: 13-14-15, सैक्टर 34-ए, चंडीगढ़ द्वारा प्रकाशित

## विषय सूची


| | |
|---|---|
| करेंट अफेयर्स अक्टूबर – नवंबर 2020 | 3-40 |
| बुलेट न्यूज़ जून – सितम्बर 2020 | 41-70 |
| GK टेस्ट पेपर - 1 एवं 2 | 71-78 |
| SBI PO PRELIMS Model Test Paper | 79-92 |
| नवीनतम ज्ञान बिंदु | 93-110 |


## स्मरणीय तथ्य

| | |
|---|---|
| रेपो दर | 4.00% |
| रिवर्स रेपो दर | 3.35% |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर | 4.25% |
| बैंक दर | 4.25% |
| सांविधिक तरलता अनुपात-SLR | 18.00% |
| नकद आरक्षित अनुपात - CRR | 3.00% |
| आधार दर | 8.15 to 9.40% |

## भारत का रैंक

| | |
|---|---|
| ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2020 | 94 |
| शिक्षक स्थिति सूचकांक (GTSI) | 6 |
| एशिया पावर इंडेक्स 2020 | 4 |
| वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक | 106 |
| मानव पूंजी सूचकांक | 116 |
| ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स | 48 |
| विश्व जोखिम सूचकांक (WRI) | 89 |
| बजट पारदर्शिता सूचकांक | 53 |
| वैश्विक ऊर्जा संचार सूचकांक | 7 |
| ग्लोबल प्रेस फ्रीडम इंडेक्स | 142 |
| समावेशी इंटरनेट सूचकांक | 46 |
| वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट | 144 |
| बौद्धिक संपदा सूचकांक | 40 |
| सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स | 77 |
| फ्लॉरिशिंग इंडेक्स | 131 |
| जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक | 9 |
| ग्लोबल टैलेंट कॉम्पिटिटिव इंडेक्स | 72 |
| कार्बन प्रकटीकरण परियोजना रिपोर्ट | 5 |
| लोकतंत्र सूचकांक 2019 | 51 |
| भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक | 80 |



# राष्ट्रीय समाचार

## नवंबर

### लक्समबर्ग- भारत का आभासी शिखर सम्मेलन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके समकक्ष जेवियर बेट्टेल (लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री) ने 19 नवंबर को हुए आभासी शिखर सम्मेलन में भाग लिया. यह पिछले दो दशकों में भारत और लक्ज़मबर्ग के बीच हुई पहली स्टैंड-अलोन शिखर बैठक थी. दोनों नेताओं ने COVID के बाद की दुनिया में भारत-लक्ज़मबर्ग सहयोग को और मज़बूत करने सहित समूचे द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की. छोटा सा यूरोपीय देश लक्समबर्ग बेल्जियम, जर्मनी और फ्रांस से घिरा हुआ है.

### मोदी ने लिया 12वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 नवंबर को वर्चुअल माध्यम से 12वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया. इस शिखर सम्मेलन की मेज़बानी रूस द्वारा की गई थी, जिसका विषय था - अंतराष्ट्रीय स्थिरता, सांझी सुरक्षा और नवचारी विकास. भारत अगले वर्ष (2021) होने वाले 13वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा.

### 7वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को मोदी का सम्बोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 नवंबर को वियतनाम के प्रधानमंत्री गुयेन ज़ुआन फुक के साथ 17वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की. इस शिखर सम्मेलन से भारत को आसियान देशों के साथ उच्चतम स्तर पर जुड़ने का अवसर मिला. आसियान दस दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का क्षेत्रीय समूह है.

### 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत



एन.के. सिंह की अध्यक्षता वाले 15वें वित्त आयोग ने 9 नवंबर को 2021-26 की अवधि के लिए अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को सौंप दी. सरकार की तरफ से इस पर उठाए गए कदमों के बारे में कार्यवाही रिपोर्ट के साथ यह रिपोर्ट अब वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश की जाएगी. संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत राष्ट्रपति हर पांच साल में एक वित्त आयोग का गठन करते हैं. इसका मुख्य कार्य केंद्र व राज्यों के बीच कर प्राप्तियों के वितरण के बारे में सिफारिशें देना है.

## बांग्लादेश को घोड़ों, कुत्तों का उपहार



भारतीय सेना ने बांग्लादेश सेना को दोनों सेनाओं के द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत करने के प्रयासों के भाग के तौर पर पूर्णतय प्रशिक्षित, सैन्य उपयोग वाले पूर्णतय प्रशिक्षित 20 घोड़े और बारूदी सुरंग का पता लगाने वाले 10 कुत्ते उपहार में दिए हैं. भारतीय सेना ने इन विशेषज्ञ कुत्तों और घोड़ों को प्रशिक्षित करने और उन्हें संभालने के मामले में बांग्लादेशी सेना के जवानों को प्रशिक्षित भी किया है.

## DIPAM को मिलेगी विश्व बैंक से मदद

निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) ने विश्व बैंक के साथ अपनी परिसंपत्ति मुद्रीकरण (asset monetization) योजना के लिए सलाहकार सेवाएं प्राप्त करने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. वित्त मंत्रालय के अधीन कार्यरत इकाई DIPAM का काम केंद्र के अधीन सरकारी कंपनियों की नॉन-कोर परिसंपत्तियों का रणनीतिक विनिवेश या उनके बंद होने की सूरत में उनका मुद्रीकरण और 100 करोड़ रु या इससे अधिक मूल्य की शत्रु संपत्ति का मुद्रीकरण करना है. DIPAM-Department of Investment and Public Asset Management

## नेपाली राष्ट्रपति द्वारा गांधी पर पुस्तक जारी

नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने काठमांडू में हुए समारोह में महात्मा गांधी के बारे में रचित 'My understanding about Gandhi' नामक विशेष पुस्तक का विमोचन किया. इस पुस्तक का प्रकाशन भारतीय दूतावास ने बी. पी. कोइराला इंडिया-नेपाल फाउंडेशन के सहयोग से महात्मा गांधी की सार्वभौमिक शिक्षाओं के मूल्यों को संजोने के लिए किया है.

## WEF ने चुने 4 भारतीय शहर

G20 ग्लोबल स्मार्ट सिटीज़ एलायंस के अंग के तौर पर नई तकनीकों को सुरक्षित तरीके से अपनाने के लिए रूपरेखा तैयार करने वाले 36 शहरों की सूची में 4 भारतीय शहरों (बेंगलुरु, फरीदाबाद, इंदौर और हैदराबाद) को जगह दी गई है. अन्य चयनित शहरों में लंदन, मास्को, टोरंटो, ब्राजीलिया, दुबई और मेलबर्न शामिल हैं. विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने दुनिया भर के 22 देशों से 36 शहरों का चयन किया है, जो G 20 ग्लोबल स्मार्ट सिटीज़ एलायंस द्वारा स्मार्ट शहरों के लिए विकसित नई वैश्विक नीति की रूपरेखा अपनाने में अग्रणी होंगे.




## भारत में कारोबारी रिश्वत का जोखिम मध्यम

2020 की कारोबारी रिश्वत जोखिम की 194 देशों की वैश्विक सूची में भारत को 77वें स्थान पर रखा गया है. यह सूची अमेरिका की रिश्वत-रोधी मानक सृजन संगठन TRACE द्वारा संकलित की गई है. ताज़ा आंकड़ों के अनुसार उत्तर कोरिया, तुर्कमेनिस्तान, दक्षिण सूडान, वेनेज़ुएला और इरीट्रिया में कारोबारी रिश्वत का सबसे अधिक जोखिम है, जबकि डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन और न्यूज़ीलैंड में यह जोखिम सबसे कम है.

यह आकलन चार कारकों पर आधारित है, जिनमें शामिल हैं - सरकार के साथ व्यापारिक संवाद, रिश्वत प्रतिरोधन और प्रवर्तन, सरकार और सिविल सेवा की पारदर्शिता तथा मीडिया की भूमिका सहित नागरिक समाज की निगरानी क्षमता.

# अक्टूबर

## भारत और अमेरिका में हुई ऐतिहासिक BECA डील



भारत और अमेरिका ने तीसरे भारत-अमेरिका 2 + 2 शिखर सम्मेलन के अंत में बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (BECA) पर हस्ताक्षर किए. BECA संयुक्त राज्य अमेरिका के करीबी रक्षा सहयोगियों के लिए आरक्षित एक सैन्य संधि है. यह अमेरिकी उपग्रह इमेजरी तक पहुंचने की अनुमति देता है जिस का उपयोग सशस्त्र ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों द्वारा सटीक हमलों में किया जाता है. दोनों देशों ने संयुक्त रूप से सुरक्षा और आर्थिक डोमेन में चीनी आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए विदेशों में विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को शुरू करने का संकल्प लिया.

## टोक्यो में हुई QUAD मंत्रिस्तरीय बैठक

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 6 अक्टूबर को टोक्यो (जापान) में दूसरी QUAD मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया. इस बैठक में पूरे क्षेत्र में चीन के बढ़ते आक्रामक व्यवहार के चलते भारत -प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और मुक्त बनाये रखने के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया गया. QUAD के चारों सदस्यों ने सामूहिक रूप से स्वतंत्र, मुक्त और समावेशी भारत -प्रशांत क्षेत्र क़ायम रखने के महत्व की बात दोहराई.

*QUAD यानी चतुर्भुजीय सुरक्षा संवाद चार देशों - भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका का रणनीतिक समूह है. QUAD के सभी चार सदस्य देशों की चीन के साथ कोई न कोई समस्या है चल रही है और ये सभी चीन के आचरण के प्रति शंकित है. जहां ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के तहत परियोजनाओं को रोकने का प्रण किया है, वहीं जापान सेनकाकू द्वीप समूह के निकट चीनी घुसपैठ के बारे में चिंतित है, और अमेरिका चीन के साथ व्यापारिक युद्ध में संलिप्त है और उसने दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामक गतिविधियों का विरोध किया है.*

## 8 भारतीय समुद्री तटों को 'ब्लू फ्लैग'




8 भारतीय समुद्री तटों को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 'ब्लू फ्लैग' से नवाज़ा गया है. समुद्री तटों को दिया जाने वाला 'ब्लू फ्लैग' इस मामले में दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रतिष्ठित पुरस्कारों में शामिल है. इस सम्मान को हासिल करने का पात्र बनने के लिए कड़े पर्यावरणीय, शैक्षणिक, सुरक्षात्मक और सुगमता के मापदंडों का पालन करने के साथ साथ इन्हें बनाए रखना आवश्यक होता है. यह सम्मान हासिल करने वाले समुद्री तटों में गुजरात के द्वारका का शिवराजपुर बीच, दीव का घोघला बीच, कर्नाटक के कासरकोड़ और पेडुबिदरी, केरल का काप्पड़, आन्ध्र प्रदेश का रूशीकोंडा, ओडिशा के पुरी का गोल्डन बीच और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का राधानगर बीच शामिल हैं.

## भारत बना ILO का अध्यक्ष

श्रम और रोज़गार सचिव श्री अपूर्व चंद्रा को अक्टूबर 2020 से जून 2021 तक की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के शासी निकाय का अध्यक्ष चुना गया है. शासी निकाय ILO का शीर्ष कार्यकारी निकाय है जो नीतियां, कार्यक्रम, एजेंडा और बजट आदि के बारे में निर्णय करने के अलावा महानिदेशक का चुनाव करता है. वर्तमान में ILO जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में स्थित है और इसके 187 सदस्य हैं.

## हिमाचल में सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में 3 अक्टूबर को दुनिया की सबसे लंबी अटल सुरंग नामक राजमार्ग सुरंग का उद्घाटन किया. लगभग 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सुरंग घोड़े की नाल के आकार की है, जिसे सीमा सड़क संगठन ने बनाया है. 9.02 किमी लंबी और 10.5 मीटर चौड़ी इस सुरंग की ऊंचाई 5.52 मीटर है. इसमें से गुज़र रही कार अधिकतम 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है. हिमालय की पीर पंजाल श्रृंखला में बनी और अति-आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित यह सुरंग औसत समुद्र तल से 10,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई है.

*यह बारहमासी सुरंग मनाली को लेह से जोड़ती है, जिससे लेह और मनाली के बीच की दूरी 46 किलोमीटर कम हो जाएगी, यात्रा का समय भी चार से पांच घंटे कम हो जाएगा और परिवहन लागत में करोड़ों रुपये की बचत होगी. इससे पहले सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण लाहौल स्पीति घाटी करीब छह महीने तक देश के शेष हिस्से से कटी रहती थी. यह सुरंग घाटी के सामाजिक-आर्थिक विकास में वरदान साबित होगी.*

## CBSE की चेहरा पहचान तकनीक लॉन्च

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा अपने दस्तावेज़ डाउनलोड करने को आसान बनाने के लिए 'चेहरा पहचान प्रणाली' शुरू की है. यह चेहरे का कंप्यूटर एप्लिकेशन डेटाबेस में पहले से संग्रहीत डिजिटल छवि से मिलान करेगा, जिसके बाद छात्र को प्रमाण पत्र ईमेल किया जाएगा. यह एप्लिकेशन अब 'परिणाम मंजुषा' और 'डिजिलॉकर' प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है.

## मतदान खर्च सीमा 10% बढ़ी

सरकार ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार खर्च की सीमा 10 प्रतिशत बढ़ा दी है. चुनाव आयोग की सिफारिशों पर कानून मंत्रालय ने यह संशोधन प्रतियोगियों को कोरोना वायरस महामारी के कारण आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए अधिक खर्च करने की अनुमति देने हेतु किया है.

तदनुसार अब लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए उम्मीदवार अधिकतम 77 लाख खर्च कर सकता है (पूर्व में 70 लाख रुपये). इसी तरह विधानसभा चुनाव के लिए इस सीमा को 28 लाख रु से बढ़ाकर 30.80 लाख रु कर दिया गया है. खर्च की यह सीमा पिछली बार 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले बढ़ाई गई थी.

## पराली' जलाने की खबर लेगी लोकुर समिति

सुप्रीम कोर्ट ने तीन राज्यों के किसानों द्वारा पराली जलाने पर लगी रोक से संबंधित निगरानी और रोकथाम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर की अध्यक्षता में एक सदस्यीय कमेटी गठित की है. पराली जलाने का अर्थ है - अगली फसल बोने से पहले खेत में कट चुकी फसल के अवशेषों को जलाना.

इस सर्दी में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को तीन पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाए जाने से जनित प्रदूषण से बचाने के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट और गाइड के छात्र स्वयंसेवक बलों की मदद ली जाएगी. इन बलों के छात्र यह सुनिश्चित करने के लिए कि कहीं पराली तो नहीं जलाई जा रही है, इन तीन राज्यों में राजमार्गों पर और खेतों में गश्त करेंगे.

## सभी सुपर फास्ट ट्रेनों में केवल AC कोच

रेलवे ने हाई स्पीड ट्रेनों के सभी नॉन–एसी स्लीपर कोच को वातानुकूलित (एसी) बनाने का फैसला किया है. रेलवे अधिकतम 130 किमी प्रति घंटे और इससे अधिक गति से चलने वाली सभी ट्रेनों को अपग्रेड कर इनमें विशेष वातानुकूलित कोच लगाएगी. 110 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति वाली सभी मौजूदा मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें स्लीपर कोच के साथ चलती रहेंगी.



## USAID से मिलेगी 19 लाख डॉलर की मदद




अमेरिका भारत में कोविड-19 की वजह से आजीविका गंवाने वाले कमज़ोर लोगों, मसलन असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों,की मदद के लिए 19 लाख डॉलर की सहायता देगा. यह मदद अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) द्वारा दी जाएगी ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं का पुनर्निर्माण किया जा सके और महामारी से सर्वाधिक प्रभावित हुए भारतीयों की आजीविका में सुधार लाया जा सके. यह सुविधा 60,000 से 1,00,000 श्रमिकों तथा उपक्रमों को दिए जाने की उम्मीद है. इस काम में युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी.

## भारत को मिलेगा NDB से ऋण

न्यू डेवलपमेंट बैंक (या ब्रिक्स बैंक) ने दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल और मुंबई मेट्रो सहित भारत में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 74. 1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है. इसमें दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (RRTS) परियोजना के लिए 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर और मुंबई मेट्रो रेल II (लाइन 6) परियोजना के लिए 24. 1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण शामिल हैं. 25 स्टेशनों वाले RRTS की कुल लंबाई 82.15 किमी (68.03 किमी एलीवेटेड और 14.12 किमी भूमिगत) होगी, जबकि मुंबई मेट्रो की लंबाई लगभग 14.47 किमी होगी.

*NDB की स्थापना ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका ने ब्रिक्स देशों और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों में बुनियादी ढांचा और सततशील विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने हेतु की थी. यह बैंक शंघाई में स्थित है और इसके अध्यक्ष मार्कोस ट्रायजो हैं.*

## भारत एशिया पावर इंडेक्स 2020 में चौथा

सिडनी स्थित लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी एशिया पावर इंडेक्स 2020 में 100 में से 39.7 अंक के साथ भारत को चौथे स्थान पर रखा गया है. यह सूचकांक एशिया में देशों की सापेक्ष शक्ति का आकलन करने के लिए 26 देशों और क्षेत्रों को रैंक करता है. संयुक्त राज्य अमेरिका ने 81.6 के स्कोर के साथ एशिया-प्रशांत को प्रभावित करने वाले सबसे शक्तिशाली देश के रूप में अपनी स्थिति को बरकरार रखा है. इसके बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर चीन (76.1) और जापान (41) हैं.

## शिक्षकों के सम्मान में भारत 6वां

ब्रिटेन की वर्की फाउंडेशन द्वारा जारी एक हालिया रिपोर्ट में भारत में शिक्षकों की स्थिति के बारे में लोगों के मन में चल रहे स्वत: अंतर्निहित, और अचेतन विचारों के मामले में भारत को छठे स्थान पर रखा गया है.

*इस रिपोर्ट से यह साबित होता है कि शिक्षकों का सम्मान करना न केवल महत्वपूर्ण नैतिक दायित्व है बल्कि किसी देश में शिक्षण प्रणाली द्वारा शिक्षा सकारात्मक परिणाम देने के लिए भी आवश्यक है. यह रिपोर्ट ग्लोबल टीचर स्टेटस इंडेक्स (GTSI) 2018 द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित है, जो 35 देशों में से हर देश में रहने वाले 1,000 उत्तरदाताओं द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं पर आधारित है.*

## भूख सूचकांक में भारत की स्थिति 'गंभीर"

वैश्विक भूख सूचकांक (GHI) 2020 रिपोर्ट के अनुसार 107 देशों की सूची में भारत 94वें पायदान पर मौजूद है. इस रिपोर्ट के अनुसार 27.2 का स्कोर पाने वाले भारत में भूख की स्थिति 'गंभीर' है, जिसके कारण भारत की 14 प्रतिशत आबादी कुपोषित है. विशेषज्ञों ने इस निम्न रैंकिंग का कारण खराब कार्यान्वयन प्रक्रियायें, कारगर निगरानी का अभाव, कुपोषण से निपटने में एकीकृत दृष्टिकोण की कमी और और बड़े राज्यों का खराब प्रदर्शन बताया है. पिछले साल 117 देशों की सूची में भारत का स्थान 102वां था. Welthungerhilfe, जर्मनी और कंसर्न वर्ल्डवाइड, आयरलैंड हर साल अक्टूबर में वार्षिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स प्रकाशित करते हैं.

*GHI में 17 से अधिक देशों ने 5 से कम स्कोर हासिल कर शीर्ष रैंक प्राप्त किया है. उत्तरी मध्य अफ़्रीका का लैंडलॉक देश चाड 44.7 का चरम स्कोर हासिल कर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है और सूची में अंतिम पायदान पर है. GHI की गणना पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में पाए जाने वाले चार संकेतकों के आधार पर की जाती है – अल्पपोषण, बाल क्षय, बच्चों में शारीरिक विकास का अभाव और बाल मृत्यु दर.*

## भारत में उच्चतम प्रदूषण स्तर

अमेरिका की हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ द्वारा जारी हालिया स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2020 (SOGA 2020) रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले साल PM 2.5 की सर्वाधिक वार्षिक औसत सांद्रता दर्ज की गई. इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में 2010 के बाद से PM 2.5 प्रदूषण में वृद्धि दर्ज की गई है. यह बात केंद्र सरकार द्वारा देश में वार्षिक वायु प्रदूषण का स्तर कम होने के दावों की पोल खोलती है.

*PM 2.5 का अर्थ है - वे सूक्ष्म वायुमंडलीय कण, जिनका व्यास 2.5 माइक्रोमीटर या इससे कम होता है. इसे ऐसे समझें कि मानव बाल की मोटाई लगभग 50 से 70 माइक्रोन होती है. भारत में असमय होने वाली मौतों के मामले में वायु प्रदूषण बहुत बड़ा जोखिम बनता जा रहा है. विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि प्रदूषित हवा में विद्यमान बारीक कण, जो फेफड़ों और हृदय प्रणाली में गहरे प्रवेश कर फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, अवरोधी फेफड़ा रोग, और निमोनिया सहित श्वसन संक्रमण का कारण बनते हैं, जिनके कारण हर साल लगभग 70 लाख लोग काल के गर्त में समा जाते हैं.*



## भारत-श्रीलंका ने मिलाए हाथ



बौद्ध संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और श्रीलंका ने हाथ मिलाए हैं. दोनों देशों के बीच बौद्ध संबंध प्रगाढ़ हो सके इसके लिए भारत ने श्रीलंका को 15 मिलियन डॉलर की सहायता राशि देने की घोषणा की है. यह अनुदान लोगों को बौद्ध धर्म के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच संपर्क को गहरा करने में मदद करेगा.

## भारत में एमनेस्टी के कामकाज पर लगा ताला

लंदन स्थित वैश्विक मानवाधिकार संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल के भारतीय कार्यालय द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम ((FEMA) और विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के प्रावधानों के कथित उल्लंघन के कारण इसके बैंक खाते पूरी तरह से फ्रीज़ होने के कारण भारत में इसका कामकाज बंद हो गया है. इसके साथ ही सभी कर्मचारियों की छंटनी कर दी गयी है और भारत में इसका अभियान और अनुसंधान कार्य बंद हो गया है.

*हालिया वर्षों में एमनेस्टी भारत सरकार की आलोचना करती रही है, जिसमें पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द किये जाने का मुद्दा भी शामिल है. हालांकि, इस सिलसिले में एमनेस्टी का आरोप है कि सरकार का यह क़दम हाल ही में इस साल हुए दिल्ली दंगों और कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले में इसके द्वारा की गई पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग का प्रतिकर्म है. (FEMA- Foreign Exchange Management Act)*

- ❖ *भारत को फिर से दो साल के कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन )ISA) का अध्यक्ष और फ्रांस को इसका उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है .ISA का प्रधान कार्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित है.*

# ख़बर राज्यों से

### नवंबर

## छठ महापर्व हुआ संपन्न

21 नवंबर को बेहद लोकप्रिय छठ पूजा का चार दिवसीय उत्सव देश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धालुओं द्वारा उदीत्यमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया. बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश और इसके आसपास के क्षेत्रों में लोग इस त्योहार को बड़े धूम-धाम से मनाते हैं. किसानों द्वारा अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त करने हेतु हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने वाला यह पर्व फसल कटाई के मौसम के अंत में और दीवाली के छठे दिन से शुरू होता है. भक्तगण सूर्य देव और उनकी बहन छठी मैय्या से आशीर्वाद लेने के लिए प्रार्थना करते हैं.

## 7वीं बार बने नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री

नीतीश कुमार (जनता दल-यूनाइटेड) ने 16 नवंबर को सातवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. बिहार के राज्यपाल फागू चौहान ने पटना में राजभवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. भाजपा विधायक दल के नेता तारकिशोर प्रसाद और उपनेता रेणु देवी नए उप-मुख्यमंत्री बनाये गए हैं.

## कोलकाता को मिली पहली ट्राम कार लाइब्रेरी

पश्चिम बंगाल परिवहन निगम (WBTC) ने एक अनूठी पहल में कोलकाता में बच्चों के लिए पहली ट्राम सेवा शुरू की है. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र भी इसका लाभ उठा सकेंगे. इसमें छात्रों को वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध होगी. फिलहाल यह 32 सीटर ट्राम कार श्यामबाज़ार-एस्प्लेनेड मार्ग पर दौड़ेगी. यह न केवल छात्रों को आकर्षित करेगी, बल्कि उनमें ट्राम और पठन के प्रति रुचि और प्रेम भी और मज़बूत होगा. घोड़ों द्वारा खींची जाने वाली कोलकाता की पहली ट्राम 1873 में शुरू की गई थी.

## दुनिया का सबसे बड़ा हाथी देखभाल केंद्र



तिरुवनंतपुरम (केरल) के कोट्टोर में स्थित हाथी पुनर्वास केंद्र दुनिया में हाथियों का सबसे बड़ा देखभाल और इलाज केंद्र बनने को तैयार है. इस हाथी पुनर्वास केंद्र का पहला चरण फरवरी 2021 में शुरू किया जाएगा. यह परियोजना 108 करोड़ रुपये की लागत से कार्यान्वित की जा रही है. यहां इस केंद्र में मौजूदा 16 हाथियों सहित 50 हाथियों के रहने की सुविधा है. इस केंद्र की स्थापना का उद्देश्य हाथियों को जंगल की तरह ही प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है.

## देश का पहला मॉस (काई) गार्डन

भारत का पहला मॉस (Moss) गार्डन उत्तराखंड के नैनीताल जिले के खुर्पाताल में विकसित किया गया है. उद्यान का उद्देश्य विभिन्न प्रजातियों के मॉस (काई) और अन्य ब्रायोफाइट्स की विभिन्न प्रजातियों का संरक्षण करना और पर्यटकों के लिए एक मनोरंजन केंद्र बनाने के अलावा पर्यावरण में इसके महत्व से लोगों को अवगत कराना है. मॉस पृथ्वी पर सबसे प्राचीन वनस्पतियों में से एक है, जो जुरासिक काल के बाद से मौजूद है. ये चट्टानी भूमि पर और चट्टानों और मिट्टी को तोड़कर बढ़ने वाले पहले पौधे हैं.

## भारत की पहली सौर जलापूर्ति परियोजना



अरुणाचल प्रदेश में भारत के पहली, अनूठी सौर-आधारित एकीकृत बहु-ग्राम जल आपूर्ति परियोजना (IMVWSP) की शुरुआत की गई है. 28.50 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुई इस परियोजना से लोअर दिबांग घाटी जिले (अरुणाचल प्रदेश) के 39 गांवों के 17,480 लोगों को जलापूर्ति की जा सकेगी. इस परियोजना में स्विमिंग पूल, एम्फीथिएटर, फव्वारे और बैठने के लिए एक मनोरंजन पार्क भी शामिल है.

## MSP तय करने वाला देश का पहला राज्य केरल

केरल 16 प्रकार की सब्ज़ियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) तय करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. यह योजना 1 नवंबर से लागू होगी. सब्ज़ियों का न्यूनतम या आधार मूल्य (Base Price) उनकी उत्पादन लागत से 20 प्रतिशत अधिक होगा.

## मुंबई बना पहला महिला-केंद्रित शहर

महिलाओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई लिंग-केंद्रित शहरी योजना लागू करने वाला मुंबई पहला ऐसा भारतीय शहर बन गया है. इस आशय हेतु शहर की आधारभूत संरचना में में महिलाओं के लिए भौतिक-सामाजिक स्थान आरक्षित किये गए हैं. शहर के कार्यबल में महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होने के नाते उनके परिप्रेक्ष्य में पूरे परिदृश्य को बदलने के लिए संशोधित शहरी डिज़ाइन में महिलाओं के आवास, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा जैसे समावेशन के अन्य पहलुओं को केंद्र में रखा गया है.

## पहली सौर ऊर्जा चालित लघु ट्रेन का शुभारंभ

तिरुवनंतपुरम (केरल) से 12 किमी दूर स्थित वेली टूरिस्ट विलेज में सौर ऊर्जा से चलने वाली देश की अपनी तरह की पहली लघु ट्रेन का उद्घाटन किया गया है. यह रेलगाड़ी विशेष रूप से बच्चों के आकर्षण का केन्द्र होगी. इस लघु रेल में एक सुरंग, स्टेशन और टिकट कार्यालय सहित पूर्णतय सुसज्जित रेल प्रणाली की सभी विशेषताएं मौजूद हैं. गुज़रे ज़माने के भाप इंजनों पर आधारित यह कृत्रिम भाप उगलने वाली ट्रेन पुरानी यादों को फिर से ताज़ा कराएगी.

## जल संरक्षण में तमिलनाडु सबसे ऊपर

जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने 11 नवंबर को द्वितीय राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा की. तमिलनाडु ने समग्र जल संरक्षण प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ राज्य होने का पुरस्कार जीता, जिसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे.

## महिलाओं के जन्म में अरुणाचल अव्वल

'नागरिक पंजीकरण प्रणाली पर आधारित महत्वपूर्ण आंकड़े' विषय पर आधारित 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में प्रति हज़ार पुरुषों पर 1,085 महिलाओं जन्म लेती हैं. इस लिहाज़ से यह भारत में सबसे अच्छा लिंग अनुपात है. अरुणाचल प्रदेश के बाद नागालैंड (965) और मिजोरम (964) आते हैं, जबकि सबसे खराब प्रदर्शन मणिपुर का रहा है, जहां प्रति हज़ार पुरुषों पर मात्र 757 लड़कियां जन्म लेती हैं. मणिपुर के बाद लक्षद्वीप में 839, दमन और दीव में 877 लड़कियां जन्म लेती हैं. यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी की गई है.

## आकांक्षात्मक ज़िलों में चंदौली सबसे ऊपर

उत्तर प्रदेश के चंदौली ज़िले ने सितंबर, 2020 में सरकारी वैचारिक मंच नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षात्मक ज़िलों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है. बोकारो और पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रखा गया है. इस रैंकिंग में सितंबर के दौरान 112 से अधिक आकांक्षात्मक ज़िलों में छह विकासात्मक क्षेत्रों में हुई वृद्धिशील प्रगति का आकलन किया गया.

जनवरी 2018 में शुरू किए गए आकांक्षात्मक ज़िले कार्यक्रम का उद्देश्य महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्रों में धीमी प्रगति वाले ज़िलों में बदलाव लाना और उन्हें विकास के लिये प्रेरित करना है.

## भारत का सबसे लंबा मोटरेबल सस्पेंशन ब्रिज

उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल ज़िले में नवनिर्मित, देश के सबसे लंबे डोबरा-चांठी सस्पेंशन ब्रिज (मोटरेबल सिंगल लेन झूले वाला पुल) का उद्घाटन किया गया. 2.95 करोड़ रु की लागत से टिहरी झील पर बने 725 मीटर लंबे इस ब्रिज का निर्माण 14 साल में हुआ है. यह प्रतापनगर शहर को टिहरी गढ़वाल ज़िला मुख्यालय से जोड़ने में मदद करेगा.

## अयोध्या ने बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

स्थानीय कॉलेजों और ग़ैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्रशिक्षित लगभग 8,000 स्वयंसेवकों ने भगवान राम की घर वापसी के अवसर पर 13 नवंबर को अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में सरयू नदी के तट पर छह लाख से अधिक मिट्टी के दीपक जलाए. गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारियों ने 6, 06, 569 दिए जलाये जाने की पुष्टि करते हुए इसे दुनिया में "तेल से जलने वाले दीयों का सबसे बड़ा प्रदर्शन" कहा, जिसने नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है.



## लुहरी जलविद्युत परियोजना को मंज़ूरी



केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी पर 1,810.56 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 210 मेगावाट के लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट के पहले चरण को मंज़ूरी दे दी है. कोटगढ़ (शिमला) में स्थित यह परियोजना सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (SJVNL) द्वारा अगले पांच वर्षों में बिल्ड-ओन-ऑपरेट-मेंटेन (BOOM) आधार पर बनाई जाएगी.

## WB द्वारा मेघालय के परिवहन क्षेत्र में सुधार हेतु ऋण

विश्व बैंक (WB) ने मेघालय के परिवहन क्षेत्र के सुधार और आधुनिकीकरण के लिए 12 करोड़ डॉलर का ऋण दिया है. इस परियोजना में नवीन, जलवायु-रोधी और प्रकृति-आधारित समाधानों का उपयोग कर लगभग रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण सड़क के 300 किमी लंबे हिस्सों और स्वतंत्र पुलों में सुधार किया जाएगा.

- *तमिलनाडु सरकार 80,000 सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षण माहौल सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट ब्लैक बोर्ड योजना लागू कर रही है.*
- *शंघाई स्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक (ब्रिक्स बैंक) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली-ग़ाज़ियाबाद-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांज़िट परियोजना के वित्तपोषण के लिए 50 करोड़ डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है.*
- *एशियाई विकास बैंक ने पश्चिम बंगाल में परिचालन क्षमता, संसाधनों के नियोजन और इनके प्रबंधन में सुधार के लिए 5 करोड़ डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है.*
- *एशियाई विकास बैंक (ADB) ने मेघालय में बिजली वितरण नेटवर्क के उन्नयन और बिजली की गुणवत्ता में सुधार के लिए 13.28 करोड़ डॉलर का ऋण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की है.*

# अक्टूबर

## पर्यटकों को आकर्षित करने में यूपी सबसे ऊपर

पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय पर्यटन सांख्यिकी, 2020 के अनुसार 2019 में सर्वाधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष गंतव्य है. लगभग 53.6 करोड़ घरेलू पर्यटकों (जिनमें से अधिकांश कुंभ तीर्थयात्री थे) ने 2019 में उत्तर प्रदेश का दौरा किया, जो कुल पर्यटकों की संख्या का 23.1% है. इस मामले में दूसरा स्थान तमिलनाडु (21.3%) और तीसरा स्थान आंध्र प्रदेश (10.2%) ने हासिल किया.

*विदेशी पर्यटकों की संख्या के मामले में 2019 में 68 लाख विदेशी पर्यटकों के साथ तमिलनाडु शीर्ष पर रहा. इसके बाद महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर (55 लाख से अधिक) और उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर (47 लाख से अधिक) रहा.*

## एनीमिया को नियंत्रित करने में हरियाणा अव्वल

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत हरियाणा को देश के 29 राज्यों की सूची में पहला स्थान मिला है. पूरे भारत में एनीमिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और यूनिसेफ की संयुक्त पहल एनीमिया मुक्त भारत अभियान शुरू की गयी है.

*एनीमिया में आपके शरीर के ऊतकों में पर्याप्त ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी होती है. एनीमिया होने से आप थका हुआ और कमजोर महसूस करते हैं.*

## गोवा में बनेगा रेत के टीलों वाला पार्क

भारत का पहला सैंड ड्यून (रेत के टीले) पार्क जल्द ही गोवा में समुद्र तट पर बनने जा रहा है. विश्व बैंक ने इस उद्देश्य के लिए राज्य के जैव विविधता बोर्ड के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और परियोजना के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि मंज़ूर की है. इस पार्क की स्थापना से गोवा में पर्यटन के नए मौके खुलेंगे. रेत के टीले हवा की क्रियाओं से बने रेत के भूगर्भीय भंडार होते हैं. ये भू-आकृतियां महासागरीय शक्तियों से प्रकृति की रक्षा करने वाली पहली पंक्ति के तौर पर कार्य करती हैं.

## केरल में सभी सरकारी स्कूल बने स्मार्ट

केरल अपने यहां सभी सरकारी स्कूलों में हाई-टेक क्लासरूम बनाने वाला देश का पहला पहला राज्य बन गया है. स्मार्ट कक्षा परियोजना के तहत 16,027 स्कूलों को 3.74 लाख से अधिक डिजिटल उपकरण दिए गए हैं. यह परियोजना 21 जनवरी, 2018 को शुरू की गई थी. 11,275 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 7 के लिए उन्नत तकनीकी प्रयोगशालाएं (हाई टेक लैब्स) शुरू की गई हैं. यह कार्यक्रम 5 जुलाई, 2019 को शुरू किया गया था.

## गोवा में 100% नल कनेक्शन

"हर घर जल योजना" के तहत गोवा अपने यहां अपने ग्रामीण क्षेत्रों में 100 फीसद घरों में नल कनेक्शन मुहैया कराने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. राज्य में सभी 2.30 लाख ग्रामीण परिवारों को नल के ज़रिये जल कनेक्शन प्रदान किया गया है. सरकार के जल जीवन मिशन का उद्देश्य 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में पाइप से पानी पहुंचाना है.



## केरल का किसान कल्याण कोष



केरल अपने यहां किसानों के कल्याण के लिए केरल किसान कल्याण कोष बोर्ड स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है. बोर्ड की सदस्यता लेने वाले किसान व्यक्तिगत पेंशन, पारिवारिक पेंशन, रोग लाभ, विकलांगता लाभ, चिकित्सा सहायता, विवाह और मातृत्व भत्ता, शिक्षा सहायता और मरणोपरांत लाभ के हकदार होंगे. किसानों को बोर्ड की कल्याण निधि योजना का सदस्य बनने के लिए 100 रुपये के पंजीकरण शुल्क के अलावा न्यूनतम 100 रुपये का मासिक अंशदान देना होगा. सरकार इस कोष के सदस्य को अपनी ओर से इसके बराबर अंशदान (अधिकतम 250 रुपये तक) देगी.

## भारत का पहला जैविक मसाला बीज पार्क

क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक अनूठा जैविक मसाला बीज पार्क गुजरात में दो स्थानों पर बनाया जायेगा. जीरा और सौंफ के बीज इस क्षेत्र की मुख्य फसलें हैं. सौंफ के लिए NABARD-समर्थित जैविक मसाले बीज पार्क बनासकांठा ज़िले में और जीरे का पार्क पाटन में स्थापित किया जाएगा, जिससे जैविक बीज मूल्य श्रृंखला को संवर्धन मिलेगा.

## गिरनार पर्वत पर रोपवे का शुभारंभ

देवी अंबाजी के भक्तों को बड़ी सौग़ात देते हुए गुजरात के जूनागढ़ ज़िले में गिरनार पर्वत पर यात्री रोपवे सेवा शुरू की गई है. 30 करोड़ रु की लागत से निर्मित यह 2.3 किलोमीटर लम्बा गिरनार रोपवे 900 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है. ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर को जोड़ने वाले दुनिया के सबसे लम्बे रोपवे में शामिल है। इससे पहले अम्बाजी के मंदिर पहुंचने के लिए गिरनार पर्वत पर चढ़ाई करने में 5-7 घंटे लगते थे लेकिन अब इस काम में मात्र 7-8 मिनट ही लगेंगे. रोपवे एक घंटे में में 800 श्रद्धालुओं को मंदिर ले जा सकता है.

## पेटेंट लेने में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय शीर्ष पर

पंजाब में मोहाली के निकट घडुआं में स्थित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय एक साल में सबसे अधिक पेटेंट दर्ज कराकर इस मामले में भारत में शीर्ष पर उभरा है. कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट्स, डिजाइन और ट्रेडमार्क कार्यालय द्वारा जारी 2018-19 की रैंकिंग के अनुसार इस विश्वविद्यालय ने एक साल में 336 पेटेंट के लिए आवेदन दाखिल किए. विश्वविद्यालय ने अब तक कुल 779 पेटेंट दाखिल किए हैं.

## भारत का सबसे लंबा BRTS नेटवर्क

कुंभारिया- कादोदोरा मार्ग के खुलने के साथ ही सूरत बस रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (BRTS) गलियारा भारत में 108 किलोमीटर लंबा सबसे बड़ा BRTS नेटवर्क बन गया है. वर्तमान में BRTS कॉरिडोर में कुल 13 मार्गों पर 166 से अधिक बसें चल रही हैं, जिनमें प्रतिदिन 1.03 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं. मेट्रो रेल सेवा की तर्ज़ पर इन में बसों को यातायात या इससे जुड़े किसी अवरोध का सामना नहीं करना पड़ता है.

## मेघालय की इज़राइल से साझेदारी

मेघालय सरकार ने राज्य में उच्च मूल्यवान सब्ज़ियों की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने हेतु इज़रायल से भागीदारी करने का फैसला किया है. इस कदम से मेघालय को अन्य बातों के अलावा सब्ज़ियों को उर्वरक देने, संरक्षित खेती, उत्कृष्ट रोपण सामग्री के मामले में व्यापक इज़राइली विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा. इस समझौते के फलस्वरूप राज्य को इज़रायल की तकनीकी सहायता, उन्नत ज्ञान और उत्कृष्ट रोपण सामग्री मिल सकेगी. इज़रायली तकनीक दुनिया भर में बंजर पड़ी ज़मीनों का कायाकल्प कर उन्हें लहलहाते हरे -भरे खेत बनाने के लिए सुप्रसिद्ध है.

## तीन राज्यों में डॉल्फिन सफारी का शुभारंभ

नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा ने 5 अक्टूबर को 'गंगा नदी डॉल्फिन दिवस' के अवसर पर तीन राज्यों - उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल - में से गुज़रने वाली राष्ट्रीय नदी गंगा में छह जगहों पर डॉल्फिन सफारी सहित डॉल्फिन आधारित इकोटूरिज़्म कार्यक्रम शुरू किया. उत्तर प्रदेश के बिजनौर से नरोरा तक 250 किलोमीटर के क्षेत्र में डॉल्फिन की जनगणना करने के लिए नया अभियान 'माई गंगा, माई डॉल्फिन' भी शुरू किया गया. भारत में हर साल 5 अक्टूबर 'गंगा नदी डॉल्फिन दिवस' के रूप में मनाया जाता है. गंगा डॉल्फ़िन को 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था.

## डल्ले खुर्सानी मिर्च को मिला GI टैग

सिक्किम में उगाई जाने वाली डल्ले खुर्सानी यानी लाल चेरी मिर्च को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) से भौगोलिक संकेत (GI) टैग मिल गया है. इसे दुनिया की सबसे तीखी मिर्चों में से एक माना जाता है. भौगोलिक संकेत (GI) उन विशिष्ट उत्पादों को दिया जाता है जो किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में बनाये/ उगाये जाते हैं.



gyanm.college Edit Profile

1,180 posts 10.4k followers 39 following

Gyanm

Helping students realize their dreams for more than 10 years

Target: Making 5,000 students get a Govt Job before 2022. Be one of them!

Gyanm App

bit.ly/38WjkHt

# Government Jobs Made Easy




Follow Gyanm on Instagram & learn quick facts from trained teachers

https://www.instagram.com/gyanm.college/

www.gyanm.in

### पुडुचेरी बना शून्य ऊर्जा खपत वाला अड्डा



2.8 करोड़ रुपये की लागत से बने 500 KWp की क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र के चालू होने के साथ ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) का पुडुचेरी हवाई अड्डा देश का पहला पूर्णतय सौर ऊर्जा-चालित हवाई अड्डा बन गया है. इस सौर ऊर्जा संयंत्र के चालू होने से इस हवाई अड्डे को प्रति माह 10 लाख रुपये की बिजली की बचत होगी. इस हवाई अड्डे की बिजली की वार्षिक खपत औसतन सात लाख इकाइ से अधिक है, जो अब सौर ऊर्जा से पूरी होगी.

### हरियाणा की 6197 ग्राम पंचायतें हुई डिजिटल

हरियाणा सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'ग्राम दर्शन' की शुरुआत आकर राज्य की 6197 ग्राम पंचायतों का संपूर्ण डाटा ऑनलाइन उपलब्ध कराया है. इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों के लिए ग्राम पंचायत वेबसाइटों के माध्यम से अपने इलाके में सभी सरकारी सेवायें लेना सुलभ होगा और उनकी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति हेतु कुशल, पारदर्शी और विश्वसनीय सेवायें सुनिश्चित हो सकेंगी.

### राजस्थान, मध्य प्रदेश के लिए ADB ऋण को मंजूरी

एशियाई विकास बैंक (ADB) ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में शहरी परियोजनाओं के लिए 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 4,200 करोड़ रुपये) के दो ऋणों को मंजूरी दे दी है. इस राशि में से 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर (22.12 अरब रुपये) राजस्थान के मध्यम दर्जे के शहरों के विकास के लिए है और 27 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण मध्य प्रदेश की शहरी सेवा सुधार परियोजना के लिए है.

- *वेदांता समूह की फर्म हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने 10,000 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात के तापी ज़िले में भारत का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड ज़िंक स्मेल्टर स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए.*
- *एशियाई विकास बैंक ने महाराष्ट्र में (मनीला)450 किलोमीटर लंबे राजमार्गों और प्रमुख ज़िला सड़कों के उन्नयन के लिए 17.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दे दी है.*




# योजनाएं एवं नीतियां

## नवंबर

### राष्ट्रीय नवजात सप्ताह

स्वास्थ्य के संदर्भ में नवजात शिशु स्वास्थ्य की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित और सुदृढ़ करने के मक़सद से भारत में हर साल 15 से 21 नवंबर तक राष्ट्रीय नवजात सप्ताह मनाया जाता है. इसका उद्देश्य नवजात शिशुओं के प्रारम्भिक जीवनकाल में स्वास्थ्य संबंधी सुधार कर शिशु मृत्यु दर को कम करना है. *विषय था -'प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र और प्रत्येक जगह, प्रत्येक नवजात शिशु के लिये गुणवत्ता, समानता, गरिमा'.*

### 'सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज' की शुरुआत

सरकार ने सीवर या सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले कर्मचारियों के लिए 'सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज' शुरू किया है. इसका लक्ष्य सीवरों और सेप्टिक टैंकों की ख़तरनाक तरीके से की जाने वाली सफाई प्रथा की रोकथाम करना और यंत्रीकृत सफाई को बढ़ावा देना है. ज्ञातव्य है कि सीवरों और सेप्टिक टैंकों की मैनुअल सफाई करना कई बार बहुत खतरनाक साबित होता है. इस चैलेंज में मशीनीकृत सफाई को प्रोत्साहन देने के लिए वांछित बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान दिया जाएगा. इस संबंध में सरकार ने मैनुअल स्केवेंजर्स द्वारा सेप्टिक टैंकों की मैनुअल सफाई पर प्रतिबंध लगाने और उनके पुनर्वास से जुड़ा अधिनियम 2013 में पारित किया था परंतु ज़मीनी स्तर पर उनकी हालत में कुछ ख़ास सुधार नहीं हो पाया है.

### आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना

सरकार ने "आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना" की घोषणा की है, जिसके तहत सरकार EPF के साथ पंजीकृत संस्थानों को नए कर्मचारियों की भर्ती करने पर कर्मचारियों और नियोक्ता, दोनों द्वारा देय भविष्य निधि अंशदान का भुगतान करेगी. इस योजना में वे नए कर्मचारी, जिनकी मासिक आय 15000 रु से कम है और वे लोग शामिल होंगे, जिन्होनें किसी EPFO पंजीकृत संस्थान में 1 मार्च से 30 सितंबर के बीच काम करते हुए इस महामारी में अपनी नौकरी गंवाई है. योजना के तहत 1 अक्टूबर 2020 या उसके बाद भर्ती किये गए नए पात्र कर्मचारी केंद्र द्वारा दो साल के लिए दी जाने वाली इस सब्सिडी का लाभ ले सकेंगे.

### NCR में वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए आयोग

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) और आसपास के इलाकों में वायु की गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए आयोग गठित करने संबंधी अध्यादेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं. इस आयोग की अध्यक्षता सचिव या मुख्य सचिव के पद के समकक्ष सरकारी अधिकारी करेंगे और इसमें पर्यावरण मंत्रालय, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से सदस्य और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे. यह आयोग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संस्थानों में बेहतर तालमेल सुनिश्चित करेगा और इसमें आने वाली समस्याओं की पहचान करेगा.

## वायु गुणवत्ता के लिए 2,200 करोड़ रु



15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए 15 राज्यों को 2,200 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की है. इस अनुदान से राज्यों को विभिन्न वायु गुणवत्ता उपाय अपनाने में मदद मिलेगी, जिसमें 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में स्थानीय निकायों का क्षमता-निर्माण भी शामिल है. 15वें वित्त आयोग ने यह रिपोर्ट एनके सिंह की अध्यक्षता में पूरी की.

## रेलवे ने शुरू की 'मेरी सहेली'

रेलवे ने अपने सभी ज़ोन में महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'मेरी सहेली' योजना शुरू की है. इसका उद्देश्य ट्रेन में सफर करने वाली महिलाओं को उनकी संपूर्ण यात्रा के दौरान शुरुआती स्टेशन से उनके गंतव्य स्टेशन तक सुरक्षा प्रदान करना है. यह योजना रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी. RPF टीम सफर करने वाली महिलाओं की सीट संख्या नोट कर इस बारे में बीच वाले स्टेशनों को सूचित करेगी. RPF के सुरक्षाकर्मी महिला यात्रियों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों पर संबंधित कोच और बर्थ पर नज़र रखेंगे.

## महिला वैज्ञानिकों के लिए नई योजना

उभरती और जानी-मानी महिला शोधकर्ताओं को विज्ञान और इंजीनियरिंग के प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने के मक़सद से 'SERB - POWER' नामक नई योजना की शुरूआत की गई है. SERB-POWER का अर्थ है Science and Engineering Research Board – Promoting Opportunities For Women in Exploratory Research. इस योजना का उद्देश्य भारतीय शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं में चल रहे विज्ञान और टेक्नोलॉजी कार्यक्रमों के तहत विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान के वित्तपोषण में लैंगिक असमानता को कम करना है. इससे अनुसंधान और विकास गतिविधियों में कार्यरत भारतीय महिला वैज्ञानिकों के लिए एक समान पहुंच और अधिक अवसर सुनिश्चित हो सकेंगे. यह योजना 35 से 55 वर्ष की आयु की महिला शोधकर्ताओं पर केंद्रित है. SERB विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत सांविधिक निकाय है.

## ई-फाइलिंग के लिए "न्याय कौशल"

भारत के पहले ई-संसाधन केंद्र और "न्याय कौशल" नामक वर्चुअल कोर्ट का उद्घाटन नागपुर (महाराष्ट्र) के न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में किया गया. न्याय कौशल का मक़सद प्रौद्योगिकी के उपयोग से सर्वोच्च न्यायालय, हाईकोर्टों और जिला अदालतों में केसों की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग कर त्वरित न्याय दिलाने में मदद करना है.

## 31 मार्च तक बढ़ी क़र्ज़ गारंटी योजना

वित्त मंत्रालय ने छोटे व्यवसायों, व्यावसायिक उद्यमों और कारोबारी प्रयोजनों के लिए लिए गए व्यक्तिगत ऋणों के लिए मौजूदा आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS) की समय-सीमा बढ़ाकर 31 मार्च 2021 तक कर दी है. ECLGS 2.0 निर्माण, रियल एस्टेट, विद्युत और लोहा एवं इस्पात निर्माण सहित 26 तनावग्रस्त क्षेत्रों के लिए लांच की गई है. इस योजना के तहत इन इकाइयों को उनके बकाया ऋण के 20 प्रतिशत तक का अतिरिक्त ऋण मिलेगा. इस ऋण का भुगतान पांच वर्षों में किया जा सकता है, जिसमें 1 वर्ष की मोरेटोरियम अवधि और 4 वर्ष की भुगतान अवधि शामिल हैं.

## OTT आएंगे I & B मंत्रालय के शिकंजे में

OTT (ओवर द टॉप) मंचों पर बिना सेंसर किये आपत्तिजनक सामग्री दिखाने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने डिजिटल / ऑनलाइन मीडिया को अपने विनियामक दायरे में लेने का ऐलान किया है. वर्तमान में डिजिटल सामग्री को नियंत्रित करने से जुड़ा कोई क़ानून या स्वायत्त निकाय नहीं है. भारत सरकार की दूसरी अनुसूची (व्यवसाय का आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन कर इसमें फिल्मों और ऑडियो-विजुअल कार्यक्रमों, समाचारों और समसामयिक सामग्री को भी शामिल किया गया है. इसका अर्थ यह हुआ कि अब नेटफ्लिक्स, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो और हॉटस्टार जैसे डिजिटल सामग्री प्रदाता भी केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विनियमन के तहत आ गए हैं.

## गिद्ध संरक्षण कार्य योजना

नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ (NBWL) ने गिद्धों के संरक्षण 2020-25 के लिए कार्य योजना को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में गिद्ध संरक्षण कार्य योजना के अनुसार एक एक गिद्ध संरक्षण और प्रजनन केंद्र स्थापित किया जाएगा.

*गिद्धों को अक्सर अनदेखा किया जाता है और उन्हें महज़ "सफाई सेवक" माना जाता है लेकिन ये अपने वातावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. प्रकृति का "निःशुल्क सफाईकर्मी दल" के नाम से जाने जाने वाले गिद्ध मृत पशुओं की लाशों को खाकर सफाई सुनिश्चित करते हैं और पर्यावरण को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं.*

- *सरकार ने बंदरगाहों और जलमार्गों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जहाज़रानी मंत्रालय का नाम बदलकर 'बंदरगाह, जहाज़रानी एवं जलमार्ग मंत्रालय' करने का फैसला किया है.*

## उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहन हेतु नई योजनाएँ




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहन देने हेतु दो नई योजनाओं की घोषणा की है:

### यात्रा अवकाश भत्ता (LTC) कैश वाउचर स्कीम

इसके तहत सरकारी कर्मचारियों को 31 मार्च, 2021 से पहले लीव इनकैशमेंट के ज़रिये कैश प्राप्त करने का विकल्प होगा. उन्हें LTC के अलावा टिकट के दाम का तीन गुना नकदी दी जाएगी, जिसे वे 12 फीसदी या इससे अधिक GST देयता वाले उत्पाद खरीदने पर इस्तेमाल कर पाएंगे. इस सुविधा में केवल डिजिटल लेनदेन की ही अनुमति होगी और GST इनवॉइस (GST Invoice) भी जमा करानी होगी.

### स्पेशल फेस्टिवल एडवांस स्कीम

इस योजना के तहत केंद्र सरकार अपने सभी कर्मचारियों को एकमुश्त 10,000 रुपये की विशेष अग्रिम त्योहार राशि देगी. इस राशि को प्रीपेड रूपे कार्ड के रूप में दिया जाएगा जिसे 31 मार्च, 2021 तक खर्च करना होगा, जिसे प्रीपेड रूपे कार्ड के रूप में दिया जाएगाB इस ब्याज मुक्त राशि का भुगतान कर्मचारी 10 किस्तों में कर पाएंगे.

## ई-धरती जियो पोर्टल' का शुभारंभ

केंद्रीय आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने हाल ही में ई-धरती जियो पोर्टल लॉन्च किया जो प्रबंधन सूचना प्रणाली में मानचित्र और पट्टा योजनाओं को एकीकृत करेगा. इससे डेटा भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) -सक्षम हो सकेगा. इस पोर्टल में लगभग 60,000 वाणिज्यिक, आवासीय, औद्योगिक और संस्थागत संपत्तियों का विवरण होगा. यह पोर्टल प्रत्येक संपत्ति के लिए प्रमाण पत्र जारी करेगा जिसमें अन्य बातों के अलावा भूमि का प्रकार, संपत्ति का प्रकार, आवंटन की तिथि, संपत्ति की स्थिति, संपत्ति का पता, वर्तमान पट्टेदार और मुकदमेबाज़ी की स्थिति से जुड़े विवरण शामिल होंगे.




## AI पर शिखर सम्मेलन RAISE 2020

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और नीति आयोग ने 5 से 9 अक्टूबर तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित मेगा वर्चुअल शिखर सम्मेलन “RAISE” (Responsible AI for Social Empowerment) 2020 का आयोजन किया. इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से इस उद्योग के वैश्विक अगुआओं ने 'महामारी की तैयारी में AI का दोहन', 'नवाचार का डिजिटलीकरण पद दिया जाने वाला बल' और 'सफल नवाचार में समावेशी AI एवं भागीदारी की भूमिका' जैसे अंत: विषयी क्षेत्रों पर चर्चा की.

*शिखर सम्मेलन के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अनुसंधान, नीति निर्धारण और नवाचार से जुड़े प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने अन्य क्षेत्रों के अलावा स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और स्मार्ट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में सामाजिक परिवर्तन, समावेशन और सशक्तिकरण के लिए AI का उपयोग करने के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया.*

## आयुष्मान स्वास्थ्य सेवा

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की “आयुष्मान सहकार” योजना का शुभारम्भ किया. इस योजना का उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्माण में सहकारी समितियों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद देना है. योजना के तहत सहकारी समितियों को भविष्य में 10 हजार करोड़ रुपये तक के ऋण मिलेंगे.

## 'कपिला' कलाम कार्यक्रम का शुभारंभ

सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 89वीं जयंती के उपलक्ष्य में कलाम बौद्धिक संपदा साक्षरता और जागरूकता शिक्षा अभियान कार्यक्रम 'कपिला' (KAPILA) का शुभारंभ किया. इस अभियान के माध्यम से सरकार वैज्ञानिक आविष्कारों के पेटेंट के महत्व के बारे में शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाएगी, ताकि भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाया जा सके. KAPILA -Kalam Program for Intellectual Property Literacy and Awareness

## मज़बूत शिक्षण के लिए STARS परियोजना

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने STARS यानी Strengthening Teaching-Learning and Results for States” नामक विश्व बैंक-समर्थित परियोजना को मंजूरी दे दी है. इस परियोजना में राज्यों को शिक्षण के लक्ष्यों की प्राप्ति में सुधार लाने के लिए इससे जुड़ी गतिविधियों में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के तरीके विकसित करने, उनका कार्यान्वयन और मूल्यांकन करने और सुधार लाने में मदद दी जाएगी. STARS परियोजना को नई केंद्र-प्रायोजित योजना के तौर पर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के तहत लागू किया जाएगा. शुरुआत में यह परियोजना छह राज्यों, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरल और ओडिशा में लागू की जाएगी.



## कामधेनु दीपावली अभियान का शुभारंभ



राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (RKA) ने इस बार के दिवाली महोत्सव के दौरान गाय के गोबर और और इससे बने उत्पादों के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कामधेनु दीपावली अभियान मनाने हेतु राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है. इस वर्ष दिवाली उत्सव में गोबर से बने दीयों, मोमबत्तियों, धूप, अगरबत्ती, शुभ-लाभ, स्वास्तिक, वॉल पीस, पेपर वेट, हवन सामग्री, भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी आदि की मूर्तियों के निर्माण और प्रयोग पर ज़ोर दिया जाएगा.

*RKA का गठन फरवरी 2019 में पशुपालन गतिविधियों को आधुनिक और वैज्ञानिक तर्ज़ पर चलाने, नस्लों के संरक्षण और सुधार, गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू पशुओं के वध को प्रतिबंधित करने के लिए किया गया था. यह निकाय पशुपालन मंत्रालय में पशुपालन और डेयरी विभाग के तहत कार्यरत है.*

*2012 की जनगणना के अनुसार भारत में 30 करोड़ गोजातीय पशु हैं, जिनमें से 19. 1 करोड़ मवेशी (गाय) हैं और 10. 87 करोड़ भैंसें हैं. 2017-18 के दौरान 17.6 करोड़ मीट्रिक टन दूध उत्पादन कर भारत दूध उत्पादन के मामले में विश्व में अग्रणी स्थान पर था.*

## 'स्वामित्व योजना' में ग्रामीणों को संपत्ति अधिकार

प्रधानमंत्री ने 11 अक्टूबर को स्वामित्व योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से संपत्ति कार्ड के भौतिक वितरण का शुभारंभ किया. इस योजना से लगभग एक लाख संपत्ति धारक अपने मोबाइल फोन पर मिले एसएमएस लिंक के माध्यम से अपना संपत्ति कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे. अब वे अपनी ज़मीन जायदाद का उपयोग वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में उपयोग कर ऋण या अन्य वित्तीय लाभ ले सकेंगे. इससे ज़मीन जायदाद के विवादों में भी कमी आएगी. SVAMITVA - "Survey of Villages and Mapping with Improvised Technology in Village Areas" योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के मालिकों को घर के स्वामित्व से जुड़े रिकॉर्ड प्रदान कर उन्हें संपत्ति कार्ड जारी करना है. यह पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संचालित केंद्रीय क्षेत्र की योजना है. योजना के प्रारंभ में छह राज्यों में स्थित एक लाख गाँवों को कवर किया जाएगा.

## राष्ट्रीय स्टार्ट-अप पुरस्कार 2020

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) ने 2020 राष्ट्रीय स्टार्ट अप पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा कर दी है. 12 विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य, ऊर्जा, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में दिए गए ये पुरस्कार 35 श्रेणियों में दिए गए हैं. विजेता स्टार्ट अप्स को ये इनाम नवाचार, उद्यमिता, रोज़गार सृजन और सामाजिक प्रभाव के आधार पर दिए गए हैं. प्रत्येक क्षेत्र में विजेता रहे स्टार्ट अप को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा.

## सामाजिक इनोवेशन और इन्क्यूबेशन मिशन



सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति (SC) के छात्रों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति वेंचर कैपिटल फंड के तहत अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन का शुभारंभ किया. इस फंड का उद्देश्य एससी उद्यमियों की संस्थाओं को रियायती शर्तों पर वित्तपोषण देना है.

## "वैभव" शिखर सम्मेलन का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक (वैभव) शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया. रहवासी और प्रवासी भारतीय अनुसंधानकर्ताओं और शिक्षाविदों का यह आभासी शिखर सम्मेलन 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा.

इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान और विकास संगठनों से जुड़े भारतीय मूल के दिग्गज वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना है. सम्मेलन में प्रतिभागी वैश्विक विकास के लिए भारत में शैक्षणिक और विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधार को मज़बूत करने के लिए सहयोग तंत्र की संभावनाएं तलाशेंगे.

## रेहड़ी-पटरी वालों के व्यवसाय को मिलेगा नया आयाम

आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने स्ट्रीट फूड वेंडर्स को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लाने हेतु प्रमुख फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म "Swiggy" के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है. इसका उद्देश्य रेहड़ी-पटरी वालों को हज़ारों उपभोक्ताओं तक ऑनलाइन पहुंच प्रदान कर उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करना है. यह पहल प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत शुरू की है. इसके माध्यम से रेहड़ी-पटरी वालों को पैन कार्ड बनाने और FSSAI पंजीकरण, मेन्यू के डिजिटाइज़ेशन और कीमत के निर्धारण, स्वच्छता तथा पैकिंग की सर्वोत्तम प्रक्रियायें सीखने में मदद मिलेगी.



# उद्योग-अर्थव्यवस्था

## नवंबर

### अर्थव्यवस्था फिसली मंदी के गर्त में



भारतीय रिज़र्व बैंक की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी रूप से भारत 2020-21 की पहली छमाही में अपने इतिहास की पहली आर्थिक मंदी के दौर में पहुंच गया है. रिज़र्व बैंक के आर्थिक गतिविधि सूचकांक में अनुमान लगाया गया है कि चालू वित्त वर्ष में सितंबर, 2020 में समाप्त हुई तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर में 8.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. सकल घरेलू उत्पाद में क्रमिक रूप से यह दूसरी तिमाही- वार गिरावट है. जून, 2020 में समाप्त हुई पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 24 प्रतिशत तक सिकुड़न आई थी. मंदी से तात्पर्य है - लगातार दो तिमाही तक सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का शून्य से कम होना.

### अबू धाबी के सॉवरेन वेल्थ फंड को 100% आयकर छूट

अबू धाबी का MIC Redwood 1 RSC Limited नामक सॉवरेन वेल्थ फंड पहला ऐसा विदेशी SWF बन गया है, जिसे निर्दिष्ट प्राथमिकता क्षेत्रों में किए जाने वाले दीर्घकालिक निवेश पर 100% आयकर छूट देने का ऐलान किया गया है. MIC Redwood 1 RSC Limited को भारत के प्राथमिकता क्षेत्रों में निवेश किये गए धन से अर्जित ब्याज, लाभांश और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ से प्राप्त आय पर 100 प्रतिशत आयकर छूट दी गई है. SWF और पेंशन फंड को मिली इस आयकर छूट से आधारभूत संरचना क्षेत्र में अत्यधिक वांछित विदेश निवेश आने की उम्मीद है और इस कदम से इस क्षेत्र में विकास को प्रोत्साहन देने में बहुत मदद मिलेगी.

*सरकार के स्वामित्व वाला सॉवरेन वेल्थ फंड एक प्रकार का निवेश कोष होता है, जो अधिकांशत: देश के सरप्लस (अधिशेष भंडार) से प्राप्त धनराशि से बनता है.*




## अक्टूबर

### 10.3% गिरेगी भारतीय अर्थव्यवस्था: IMF

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार कोरोनोवायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्ष 2020 के दौरान 10.3 फीसदी की बड़ी गिरावट आने का अनुमान है. पिछले वर्ष 2019 के दौरान अर्थव्यवस्था की विकास दर 4.2 प्रतिशत रही थी. लेकिन 2021 में भारतीय अर्थव्यवस्था में संभवत: 8.8 फीसदी की ज़ोरदार बढ़त होने की संभावना भी है. यदि ऐसा हुआ तो भारत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली उभरती अर्थव्यवस्था का दर्जा पुनः हासिल कर सकेगा.

### विकास दर सिकुड़ेगी 9.6% तक - विश्व बैंक

विश्व बैंक ने कोरोनावायरस महामारी के चलते लगाये गये लंबे लॉकडाउन के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 9.6 प्रतिशत की गिरावट होने का अनुमान लगाया है. COVID-19 के कारण कंपनियों व लोगों को कमाई के मामले में ज़बरदस्त झटका लगा है. विश्व बैंक ने कहा है कि कोरोनावायरस और इसकी रोकथाम के उपायों के कारण भारत में आपूर्ति और मांग की स्थिति बुरी तरह बाधित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति पहले के किसी भी कालखंड की तुलना में कहीं अधिक "बदतर" हो गयी है.

### 2016 होगा CPI-IW का आधार वर्ष



श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने आधार वर्ष 2016 पर आधारित औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI -IW) की नई श्रृंखला जारी की. CPI-IW का उपयोग मुख्य रूप से सरकारी कर्मचारियों के अलावा सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और बीमा कंपनियों सहित संगठित क्षेत्र में श्रमिकों को देय महंगाई भत्ते की गणना के लिए किया जाता है. इससे पहले CPI-IW का आधार वर्ष 2001 था.

### हींग की खेती हुई शुरू

भारत में पहली बार हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति में हींग (Ferula assafoetida) की खेती शुरू की गई है. वर्तमान में भारत में हींग का उत्पादन नहीं किया जाता है और इसे अफगानिस्तान, ईरान और उजबेकिस्तान से आयात किया जाता है. CSIR के इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी ने नई दिल्ली के नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज़ (NBPGR) के माध्यम से ईरान से लाए गए हींग के छह एक्सेशन से इस की शुरुआत की है. बारहमासी पौधा हींग ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्रों में उगाया जा सकता है. इसकी जड़ें पौधा उगने के पांच साल बाद ओलिओ-गम रेसिन पैदा करती हैं. इसी रेसिन को हींग कहा जाता है, जिसका उपयोग विभिन्न भारतीय व्यंजनों में तीखे, गंध बढ़ाने वाले एजेंट के तौर पर किया जाता है.

## अब पाइये रेल टिकट अमेज़न से



दिग्गज ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेज़न इंडिया ने IRCTC (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) के साथ मिलकर उपयोगकर्ताओं को ई-कॉमर्स साइट के माध्यम से ट्रेन टिकट की बुकिंग देने की सुविधा का ऐलान किया है. इस सुविधा के ज़रिये उपयोगकर्ता बिना किसी झंझट के ट्रेन टिकट उसी तरह से बुक करवा सकेंगे, जैसे हवाई यात्रा या बस यात्रा के लिए टिकट बुक की जाती है. उपयोगकर्ताओं को कोई अतिरिक्त सेवा शुल्क या भुगतान गेटवे शुल्क देने की ज़रूरत नहीं.

## NTPC भारत में सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता

फोर्ब्स द्वारा प्रकाशित 'सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता (वर्ल्ड्स बेस्ट एम्प्लॉयर) 2020' सूचकांक में भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों की सूची में दिग्गज सरकारी कंपनी NTPC शीर्ष पर रही है. यह सम्मान NTPC द्वारा अपने कार्यकलाप में सोच-विचार कर, मज़बूती से क्रियान्वित की जाने वाली सर्वोत्तम परिपाटियों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का सबूत है. NTPC देश की आठ महारत्न कंपनियों में शामिल है.

NTPC- National Thermal Power Corporation

❖ *सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और गैरआवश्यक-युक्त-वस्तुओं के आयात में कटौती के उद्देश्य से रेफ्रिजरेंट .कंडीशनर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है*

# बैंकिंग एवं फाइनेंस

## नवंबर

## रिज़र्व बैंक ने लांच किया इनोवेशन हब

प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के साथ-साथ नवाचार को बढ़ावा देने वाले वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) बनाने की घोषणा की है. इंफोसिस के सह-संस्थापक और और पूर्व सह-अध्यक्ष रहे सेनापति (क्रिस) गोपालकृष्णन RBIH के पहले अध्यक्ष होंगे.

## BSBD खातों पर कोई सेवा शुल्क नहीं

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 60 करोड़ से ज़्यादा बेसिक सैविंग्स बैंक डिपॉजिट यानी बुनियादी बचत खातों (BSBD) (जिनमें 40 करोड़ से अधिक जन धन खाते शामिल हैं) पर कोई सेवा शुल्क लागू नहीं है. यह स्पष्टीकरण सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों द्वारा सेवा शुल्क बढ़ाए जाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों के मद्देनज़र जारी किया गया है.

*RBI के दिशानिर्देशों के अनुसार सार्वजनिक बैंकों सहित सभी बैंकों को अपनी सेवाओं के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से शुल्क वसूलने की अनुमति है, लेकिन BSBD खातों को सेवा शुल्क से छूट दी गई है. हालांकि BSBD खातों पर कुछ बंधन लागू हैं जैसे इनमें बैलेंस राशि 50,000 रु से अधिक नहीं होनी चाहिए और एक महीने में 10,000 रुपये से अधिक की निकासी नहीं की जा सकती है.*

## लक्ष्मी विलास बैंक होगा DBS बैंक में विलय

भारतीय रिज़र्व बैंक ने चेन्नई स्थित लक्ष्मी विलास बैंक की कमज़ोर वित्तीय स्थिति के मद्देनज़र, इसके जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए, इस पर तीस दिनों का मोरेटोरियम (खातों का अस्थायी निष्क्रियण) लगाने का फैसला किया है. इसके अलावा भारतीय रिज़र्व बैंक ने लक्ष्मी विलास बैंक का DBS बैंक ऑफ सिंगापुर की दिल्ली स्थित सहायक कंपनी DBS बैंक इंडिया लिमिटेड में विलयन करने की घोषणा भी की है.

## GenNext के लिए ICICI का Mine लॉंच

ICICI बैंक ने देश का पहला फुल बैंकिंग स्टैक 'Mine' लॉन्च किया है, जो 18 से 35 साल के आयु वर्ग के टेक्नोलॉजी के प्रयोग में सिद्धहस्त युवाओं पर केंद्रित है. इससे इन ग्राहकों को मोबाइल-फर्स्ट, अत्यधिक व्यक्तिगत और अनुभवात्मक नेतृत्व वाला बैंकिंग अनुभव मिलेगा. इसमें त्वरित बचत खातों और विशेषताओं से भरपूर iMobile एप्लिकेशन की सुविधा है, जिससे मिलेनियम ग्राहकों को उनकी ज़रूरतों के मुताबिक़ चुनिंदा क्रेडिट और डेबिट कार्ड, तत्काल व्यक्तिगत ऋण और ओवरड्राफ्ट और यहां तक कि सामाजिक मेलजोल वाली जगह सहित एक अनुभवात्मक ब्रांच बैंकिंग का मज़ा मिलेगा.

## व्हाट्सएप की UPI भुगतान सुविधा शुरू




फेसबुक के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप इंक ने 10 भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में उपयोगकर्ताओं के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) की ओर से अनुमत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) समर्थित भुगतान सेवायें शुरु करने का ऐलान किया है. कोई भी डेबिट कार्ड धारक, जिसका बैंक UPI (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) सक्षम है, इसे आसानी से स्थापित कर सकता है. इसके साथ ही व्हाट्सएप पे अब UPI भुगतान सेवाओं के भीड़ भरे बाज़ार का हिस्सा बन जाएगा. व्यक्तिगत बैंकों की एप के अलावा गूगल पे, फोनपे और पेटीएम UPI भुगतान बाज़ार के सबसे बड़े खिलाड़ियों में शामिल हैं. व्हाट्सएप का उपयोग कर उपयोगकर्ता भारत में 160 बैंकों में धनराशि हस्तांतरित कर सकते हैं.

## DBS बैंक दुनिया में सर्वश्रेष्ठ




न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रकाशन ग्लोबल फाइनेंस ने दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे बड़े बैंक DBS बैंक (सिंगापुर) को लगातार 12वें वर्ष एशिया का सबसे सुरक्षित बैंक क़रार दिया है. इसे दुनिया का "सर्वश्रेष्ठ बैंक" भी कहा गया है. दुनिया में चौथे सबसे सुरक्षित वाणिज्यिक बैंक और विश्व स्तर पर 14वें सबसे सुरक्षित बैंक के तौर पर DBS की रैंकिंग 2019 और 2018 से अब तक बनी हुई है. सिटी बैंक (न्यूयॉर्क) ने सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट बैंक और सर्वश्रेष्ठ वैश्विक लेनदेन बैंक और विभिन्न श्रेणियों में कई अन्य पुरस्कार जीते.

*एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को भारत में वित्तीय क्षेत्र की सर्वोत्तम कंपनी क़रार दिया गया है, यह सर्वेक्षण ब्रिटेन के प्रसिद्ध प्रकाशन एशियामनी द्वारा कराया गया था.*

# अक्टूबर

## ऋणों के ब्याज पर ब्याज में छूट

सरकार ने 23 अक्टूबर को 2 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर देय ब्याज में ब्याज पर छूट की घोषणा की है, भले ही उपभोक्ता ने भुगतान से राहत की योजना का लाभ उठाया था या नहीं. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 14 अक्टूबर को केंद्र को COVID-19 महामारी के मद्देनज़र रिज़र्व बैंक की क़िस्त भुगतान से राहत योजना के तहत 2 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर "यथाशीघ्र" ब्याज पर ब्याज माफी लागू करने का निर्देश दिया था और यह भी कहा था कि आम लोगों की दिवाली अब सरकार के हाथों में है. इन दिशानिर्देशों के अनुसार उधारकर्ताओं द्वारा निर्दिष्ट किये गए ऋण खातों के मामलों में इस योजना का लाभ 1 मार्च से 31 अगस्त, 2020 तक की अवधि के लिए लिया जा सकता है. इस योजना के तहत आवास ऋण, शिक्षा ऋण, क्रेडिट कार्ड बकाया, वाहन क़र्ज़, MSME (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम), टिकाऊ उपभोक्ता सामान के लिये लिया गया कर्ज और खपत ऋण आते हैं.



इस योजना का लाभ नहीं उठाने वाले ग्राहकों के बैंक खाते में देय ब्याज पर ब्याज के बराबर राशि जमा कराने का भी निर्देश दिया गया है, जिसके बाद ऋणदाता संस्थाएं केंद्र सरकार से इस राशि की प्रतिपूर्ति का दावा करेंगी.

## नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने 9 अक्टूबर को लगातार दूसरी बार बेंचमार्क ब्याज दर को 4 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया है. तदनुसार मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (MSF) दर, बैंक दर और रेपो दरें अपरिवर्तित रहेंगी. लेकिन रिज़र्व बैंक ने भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर COVID-19 संकट से प्रभावित अर्थव्यवस्था को संबल देने हेतु दरों में कटौती की गुंजाईश बरक़रार रखते हुए अपना नरम रुख बनाये रखा है.

## RBI को मिला चौथा डिप्टी गवर्नर

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के वरिष्ठतम कार्यकारी निदेशक एम. राजेश्वर राव को केंद्रीय बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है. वे एन. एस. विश्वनाथन की जगह लेंगे, जिन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते अपने विस्तारित किये गए कार्यकाल की समाप्ति से तीन महीने पहले इस्तीफा दे दिया था. RBI अधिनियम, 1934 के अनुसार इसे अपने मौद्रिक नीति विभाग में चार उप-गवर्नरों (दो गवर्नर अपने ही स्टाफ में से, एक वाणिज्यिक बैंकर और एक अर्थशास्त्री / वित्तीय विशेषज्ञ) की नियुक्ति करनी होती है. RBI के अन्य तीन गवर्नर हैं - बी.पी. कानूनगो, एम.के. जैन और माइकल देवव्रत पात्रा. उनका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है.

## दूसरी अनुसूची से हटाए गए 6 सरकारी बैंक




भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल उन छह सार्वजनिक बैंकों को इस सूची से बाहर कर दिया है, जिनका अन्य बैंकों के साथ विलय हो गया है. इन छह बैंकों में सिंडिकेट बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, आंध्रा बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक और इलाहाबाद बैंक शामिल हैं. इन छह बैंकों का एक अप्रैल से अन्य सार्वजनिक बैंकों (PSBs) के साथ विलय कर दिया गया है.

*ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का पंजाब नेशनल बैंक में, सिंडिकेट बैंक का केनरा बैंक में, आंध्र बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में और इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में विलय कर दिया गया है. इन विलय के बाद अब देश में सात बड़े और पांच छोटे सरकारी बैंक रह गए हैं. साल 2017 में देश में 27 सरकारी बैंक थे, जिनकी संख्या इस विलय के बाद 12 रह गई है. भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिनियम की दूसरी अनुसूची में शामिल बैंक को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) कहा जाता है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण लेने के पात्र होते हैं.*

## क्रेडिट/डेबिट कार्ड के लिए नए दिशानिर्देश



डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के उपयोग से होने वाले डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में भारतीय रिज़र्व बैंक ने कई नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जो 1 अक्टूबर, 2020 से लागू हो गए हैं. इन नए नियमों के अनुसार अब ग्राहक ऑप्ट-इन/ऑप्ट-आउट, ऑनलाइन लेनदेन, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन, अनुमत व्यय सीमा, संपर्क-रहित लेनदेन और अन्य सेवाओं के लिए पंजीकरण करा पाएंगे. उपयोगकर्ताओं को 24x7 आधार पर मोबाइल एप्लिकेशन / इंटरनेट बैंकिंग / एटीएम / इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (IVR) जैसे सभी उपलब्ध चैनलों पर सभी लेन-देन सीमाओं को चालू / बंद करने या बदलने की सुविधा मिलेगी.

## RBI ने शुरू किया "पॉजिटिव पे सिस्टम"

बैंकिंग धोखाधड़ी को रोकने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 50,000 रुपये से अधिक के चेक भुगतान के मामलों में सकारात्मक भुगतान प्रणाली (positive pay system) शुरू करने का निर्णय लिया है. यह प्रणाली भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित की जाएगी, जो 1 जनवरी, 2021 से लागू की जाएगी.

*इस प्रणाली के तहत ग्राहकों को अब चेक से जुड़ी जानकारी जैसे चेक पर अंकित तारीख, लाभार्थी का नाम, आदाता और राशि जैसे विवरण इलेक्ट्रॉनिक रूप से एसएमएस, मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम के ज़रिये देने होंगे. लेकिन यह प्रक्रिया चेक की राशि 50,000 रुपये से ऊपर होने पर ही उपलब्ध होगी. इस लेनदेन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बैंक चेक पर अंकित मुख्य विवरणों की पुन: पुष्टि करेगा. हालाँकि, यह प्रक्रिया ग्राहक के अनुरोध पर ही क्रियान्वित की जाएगी.*

## CCB और NSFR का क्रियान्वन स्थगित

भारतीय रिज़र्व बैंक ने मौजूदा कोविड संकट से जनित अनिश्चितता के चलते बेसल III संधि के तहत निर्धारित पूंजी प्रावधानों का क्रियान्वन स्थगित कर दिया है. RBI ने पूंजी संरक्षण बफर (CCB) की अंतिम किश्त और शुद्ध स्थिर वित्तपोषण अनुपात (NSFR) का क्रियान्वन छह महीने स्थगित कर इसकी तिथि 1 अप्रैल, 2021 निर्धारित की है.

*CCB का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंक सामान्य कामकाज वाली अवधि में पूंजीगत बफ़र्स का सृजन करें, जिनमें से वित्तीय तनाव वाली अवधि में ज़रूरत पड़ने पर धनराशि निकली जा सके. NFSR का उद्देश्य बैंकों को अपने कार्यकलाप का वित्तपोषण समुचित रूप से स्थिर वित्तपोषक स्रोतों से करने को प्रेरित करना है, ताकि दीर्घावधि में वित्तपोषण से जुड़ा जोखिम कम किया जा सके.*

## विदेशी मुद्रा भंडार 555 अरब डॉलर पार

16 अक्तूबर, 2020 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.615 अरब डॉलर बढ़कर 555.12 अरब डॉलर के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां, जो इस समग्र भंडार का बड़ा हिस्सा हैं, 3.5 अरब डॉलर बढ़कर 512.322 अरब डॉलर हो गयीं, जबकि स्वर्ण भंडार का स्तर 86 करोड़ डॉलर बढ़कर 36.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया.

## IDBI बैंक ने शुरू की व्हाट्सएप पर बैंकिंग सेवा

आईडीबीआई बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए व्हाट्सएप पर बैंकिंग सेवाओं को शुरू करने की घोषणा की है. व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा एक समर्पित व्हाट्सएप सत्यापित (वेरीफाइड) संख्या के माध्यम से दी जा रही है, जो एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन सुनिश्चित करती है. इस सुविधा से आईडीबीआई बैंक ग्राहकों को विभिन्न आवश्यक सेवाओं जैसे खाता शेष जानकारी, अंतिम पांच लेनदेन, चेक बुक के लिए अनुरोध और ईमेल स्टेटमेंट इत्यादि प्राप्त करने में सुविधा होगी.

- ❖ *FAO -खाद्य एवं कृषि संगठन (रोम, इटली) की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया गया. FAO को संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी के रूप में 16 अक्टूबर, 1945 को कनाडा के क्यूबेक सिटी में स्थापित किया गया था.*
- ❖ *विजया राजे सिंधिया की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया गया. भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक रहीं सिंधिया ग्वालियर की राजमाता के रूप में भी लोकप्रिय हैं.*
- ❖ *भारतीय रिज़र्व बैंक ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को अपने ग्राहक जागरूकता अभियान में काम करने के लिए चुना है. इस अभियान का लक्ष्य सीधे-सादे खाताधारकों को धोखेबाज़ों से बचाना है.*

# रक्षा-विज्ञान-टेक्नोलॉजी

**नवंबर**

## टॉरपीडो वरुणास्त्र नौसेना में शामिल

भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा निर्मित हैवीवेट टॉरपीडो वरुणास्त्र की पहली खेप के भारतीय नौसेना में शामिल होने के साथ ही भारतीय नौसेना की मारक क्षमता नई ऊँचाइयों पर पहुँच गई है. 40 किलोमीटर की रेंज वाली यह टॉरपीडो यह 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हमला कर सकने के अलावा पानी में अधिकतम 400 मीटर की गहराई तक मार कर सकती है. इस विद्युत-चालित उन्नत पनडुब्बी-रोधी टारपीडो को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की नौसेना विज्ञान और तकनीकी प्रयोगशाला (विशाखापत्तनम) में तैयार किया गया है.



## भारतीय नौसेना को अमेरिका से मिला P8-I विमान




भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमताओं में बढ़ावा देने हेतु अमेरिका से मिला नौवां बोइंग P-8I निगरानी विमान 18 नवंबर को गोवा के नौसैनिक हवाई अड्डे पर भारतीय नौसेना को सौंपा गया. इस विमान से नौसेना की सामरिक क्षमताओं में अभूतपूर्व वृद्धि होगी. यह विमान समुद्री निगरानी करने और (गहरे पानी में छिपी पनडुब्बियों की) टोह लेने की बेहतरीन क्षमताओं से लैस है.

## नौसेना में शामिल हुई सबमरीन INS वागीर

भारतीय नौसेना ने उन्नत ध्वनिक अवशोषण तकनीक जैसी बेहतर सुविधाओं से लैस स्कॉर्पीन श्रेणी की पांचवी पनडुब्बी 'INS वागीर' का दक्षिण मुंबई स्थित मझगांव गोदी में 12 नवंबर को जलावतरण किया. ये पनडुब्बियां सतह पर और पनडुब्बी-रोधी कार्रवाई में कारगर होने के साथ साथ ख़ुफ़िया जानकारी जुटाने, समुद्र में बारूदी सुरंग बिछाने और निगरानी करने में भी सक्षम हैं. इस पनडुब्बी का नाम हिंद महासागर में पायी जाने वाली मारक शिकारी मछली 'वागीर' के नाम पर रखा गया है.

**लार्सन एंड टुब्रो (सूरत)** द्वारा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित किया गया भारतीय तटरक्षक जहाज C-452 रत्नागिरी (महाराष्ट्र) बेस पर भारतीय तटरक्षक दल में शामिल किया गया.

## एंटी-शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

भारतीय नौसेना ने 30 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में अपने पोत गाइडेड मिसाइल कोरवेट INS कोरा से एक एंटी-शिप मिसाइल का सफल परीक्षण किया. यह परीक्षण भारत के आसपास स्थित रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण समुद्रों में नौसेना की लड़ाकू तत्परता का आकलन करने हेतु किये गए अभ्यास का हिस्सा था.



## भारत में तीन और राफेल जेट उतरे

फ्रांस में निर्मित तीन और मल्टी-रोल राफेल फाइटर जेट के जामनगर में 4 नवंबर को उतरने के फलस्वरूप भारत को मिलने वाले जेट विमानों की कुल संख्या आठ हो गई है. ये जेट अब हरियाणा के अंबाला में स्थित अपने मूल बेस में शामिल होने के लिए उड़ान भरेंगे.

*इन राफेल जेट ने फ्रांस के इस्ट्रेट्स से सीधी नॉन-स्टॉप उड़ान भरी थी और उनके साथ साथ उड़ान के दौरान ही हवा में ही ईंधन भरने वाले फ्रांसीसी वायु सेना के विमान भी थे. भारत में पहुंचने के लिए इन्होनें आठ घंटे में 6,850 किमी की दूरी तय की. भारतीय वायुसेना को हर दो महीने में तीन से चार राफेल जेट मिलने की उम्मीद है, जिसके फलत: वायुसेना के लड़ाकू बेड़े में अगले साल के अंत तक सभी 36 विमानों के इसमें शामिल होने की संभावना है.*

## सेना ने की SAI मैसेजिंग ऐप विकसित

भारतीय सेना ने सिक्योर एप्लीकेशन फॉर इंटरनेट (SAI) नामक सरल और सुरक्षित मैसेजिंग एप्लीकेशन विकसित की है. इंटरनेट से चालित यह एप्लिकेशन एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे सुरक्षित तरीके से आवाज़, टेक्स्ट और वीडियो कॉलिंग सेवाओं के लिए प्रयोग किया जा सकता है. यह एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम मैसेजिंग एप जैसी ही है यानी कि दो डिवाइसेज़ के बीच भेजे गए संदेश किसी तीसरे पक्ष द्वारा नहीं पढ़े जा सकते हैं.

## नेपाल ने किया सेना प्रमुख को सम्मानित



सेनाध्यक्ष जनरल एम एम नरवने को काठमांडू में नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने अपने आधिकारिक निवास 'शीतल निवास' में एक विशेष समारोह में नेपाली सेना के "जनरल" का मानद रैंक प्रदान किया. समारोह के दौरान उन्हें तलवार और प्रशस्ति पट्टिका भी भेंट की गई. एक दूसरे के देश के सेना प्रमुखों को सम्मानित करने की यह दशकों पुरानी परंपरा दोनों सेनाओं के बीच मज़बूत संबंधों की सूचक है.

## तीनों रक्षा बलों का 'बुल स्ट्राइक'

3 से 5 नवंबर के बीच अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सेना, नौसेना और वायु सेना ने बुल स्ट्राइक नामक विशेष अभ्यास किया गया. देश की युद्धक क्षमता को अधिकतम स्तर पर ले जाने हेतु किये गए इस अभ्यास में तीनों सेवाओं – सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच अंतर-कार्यान्वन और तालमेल पर ध्यान केंद्रित किया गया.

Telegram

**Government Jobs Made Easy**




For Free Learning

Join the

**Gyanm Telegram Channel**

**http://t.me/gyanm34**

www.gyanm.in

## QUAD राष्ट्र मालाबार अभ्यास



क्वाड के सदस्य देशों (भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) ने 3 से 6 नवंबर तक दशक का अपना सबसे बड़ा संयुक्त नौसैनिक 'मालाबार अभ्यास' किया. ऑस्ट्रेलिया इस साल अभ्यास में शामिल हुआ है. QUAD (चतुर्भुज सुरक्षा संवाद) समूह भारत -प्रशांत क्षेत्र में चार सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों का अनौपचारिक समूह है.

**SIMBEX-20:** सिंगापुर नौसेना ने भारतीय नौसेना के साथ 23 नवंबर से 25 तक अंडमान सागर में भारत- सिंगापुर द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास के 27वें संस्करण की मेजबानी की.

**SITMEX-20:** भारत, सिंगापुर और थाईलैंड की नौसेनाओं ने अंडमान सागर में दो-दिवसीय (21-22 नवंबर) त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास SITMEX-20 का आयोजन किया. इस अभ्यास की मेज़बानी रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी ने की.

**इंडो-थाई कॉर्पेट:** भारतीय नौसेना और रॉयल थाई नौसेना की भारत-थाईलैंड समन्वित गश्त का 30वां संस्करण 18 से 20 नवंबर तक अंडमान तट के पास आयोजित किया गया. इस अभ्यास का मक़सद अवैध मछली पकड़ने, मादक पदार्थों की तस्करी, समुद्री आतंकवाद और सशस्त्र समुद्री डकैती की रोकथाम करना है.

## "परम सिद्धि" बना भारत का सबसे तेज़ कंप्यूटर

भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुपरकंप्यूटर 'परम सिद्धि' ने दुनिया के शीर्ष 500 सर्वाधिक शक्तिशाली नॉन डिस्ट्रीब्यूटेड कंप्यूटर सिस्टमों में 63वीं रैंक हासिल की है. यह सुपरकंप्यूटर इस वर्ष की शुरुआत में नेशनल सुपरकंप्यूटर मिशन (NSM) के तहत पुणे (महाराष्ट्र) में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) में स्थापित (इंस्टॉल) किया गया था.



- *इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटिरोलॉजी में मौसम की भविष्यवाणी के लिए इस्तेमाल होने वाला एक और भारतीय सुपरकंप्यूटर प्रत्यूष 78वें स्थान पर रहा.*
- *PARAM-Siddhi में 6.5 पेटाफ्लॉप्स पावर है. इस रैंकिंग में जापानी सुपरकंप्यूटर फुगाकू (442 पेटाफ्लॉप्स) और IBMP का समिट (148.8 पेटाफ्लॉप्स) शीर्ष पर हैं. टॉप 500 परियोजना में दुनिया के सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटरों का आकलन किया जाता है और इसे वर्ष में दो बार प्रकाशित किया जाता है.*

## IRNSS को मिली IMO से मान्यता

भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (IRNSS) को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र में संचालन के लिए वर्ल्ड वाइड रेडियो नेविगेशन सिस्टम (WWRNS) के घटक के तौर पर मान्यता दी गयी है. भारत यह मान्यता प्राप्त करने वाला दुनिया का चौथा ऐसा देश बन गया है. अन्य तीन देश जिनके पास IMO द्वारा मान्यता प्राप्त नेविगेशन सिस्टम हैं, वे हैं - अमेरिका, रूस और चीन. यह नेविगेशन सिस्टम हिंद महासागर में भारतीय सीमा से 1500 किमी दूरी तक GPS (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) का स्थान ले सकता है. ISRO के प्रबंधन के अधीन IRNSS सात उपग्रहों का समूह है, जिसका लोकप्रिय नाम NaVIC (Navigation with Indian Constellation) है.

IRNSS - Indian Regional Navigation Satellite System

ISRO- Indian Space Research Organization

IMO - International Maritime Organization

## पृथ्वी अवलोकन उपग्रह EOS-01 हुआ लॉन्च

ISRO ने अपने अनथक रॉकेट PSLV-C49 के ज़रिये भारत का नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह EOS-01(अर्थ ऑब्ज़र्वेशन सैटेलाइट) सफलतापूर्वक लॉन्च कर इसे 7 नवंबर को इसकी वांछित कक्षा में स्थापित किया. यह अंतरिक्ष उड़ान इस रॉकेट के लिए नए वर्ग की पहली विकासात्मक उड़ान थी, जिसे स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल - SSLV कहा जाता है। SSLV 500 किलोग्राम तक वज़न वाले उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में ले जा सकता है.

*लॉन्च वाहन के ज़रिये नौ अन्य उपग्रह भी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किये गए, जिनमें से चार उपग्रह अमेरिका से संबंधित थे. मुश्किल हालात में भी पृथ्वी की सतह से जुड़े आंकड़े और जानकारी जुटाकर सैटेलाइट EOS-01 कृषि, वानिकी और आपदा प्रबंधन में उपयोगकर्ता एजेंसियों की कार्य क्षमता में बढ़ोत्तरी करेगा.*

## अंडमान में मिली मेंढकों की नई प्रजाति

भारतीय शोधकर्ताओं ने अंडमान द्वीप समूह और पूर्वोत्तर में पेड़ों पर पाए जाने वाले मेंढक की नई प्रजाति की खोज की है. इसका नामकरण श्रीलंकाई जैव वर्गीकरण विशेषज्ञ रोहन पेठियागोड़ा के नाम पर किया गया है. नए जीनस Rohanixalus के मेंढकों की विशेषता इनका छोटा और पतला शरीर (लगभग 2 से 3 सेमी लंबा) है. इस जीनस में कई अनूठे व्यवहार पाए जाते हैं, जिनमें जननी मेंढक द्वारा अंडे को तब तक पकड़े रखना है, जब तक कि उसमें से टैडपोल बाहर नहीं आ जाता है. जननी मेंढक इस टैडपोल को पानी में छोड़ने में भी सहायता करती है.

## प्रकाश उत्सर्जक मशरूम मिला



पूर्वोत्तर भारत के जंगलों में चल रही मशरूम दस्तावेज़ीकरण परियोजना के दौरान मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स के जंगलों में मशरूम की जैव विविध या प्रकाश उत्सर्जक किस्म मिली है. मशरूम की यह प्रजाति दुनिया के 97 चमकने वाले मशरूमों की सूची में शामिल हो गई है. वैज्ञानिकों ने इसे Roridomyces phyllostachydis का वैज्ञानिक नाम दिया है.

## 6G कम्युनिकेशंस टेस्ट सैटलाइट

चीन कथित रूप से शांक्सी प्रांत के ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से 6G संचार परीक्षण उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है. प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 6G टेक्नोलॉजी 5G टेक्नोलॉजी से 100 गुना तेज़ है.

# अक्टूबर

## INS कवारत्ती नौसेना में शामिल

भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 28 (कामोर्ट क्लास) के तहत देश में ही निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर (ASW) गुप्त कोरवेट INS कवारत्ती को विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) स्थित नौसेना डॉकयार्ड में शामिल किया गया है. यह युद्धपोत कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) द्वारा बनाया गया है. कवारत्ती भारत में केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की राजधानी है.

## SANT मिसाइल का सफल परीक्षण



भारत ने ओडिशा तट पर चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से स्वदेशी स्टैंड-ऑफ एंटी-टैंक (SANT) मिसाइल का सफल परीक्षण किया है. इस मिसाइल का परीक्षण ज़मीनी प्लेटफॉर्म के रूफ-टॉप लांचर से किया गया. यह एंटी-टैंक मिसाइल हेलीकॉप्टर लॉंचड नाग (HeliNa) का उन्नत संस्करण है. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित की गयी यह मिसाइल 15 किमी से 20 किमी की दूरी तक लक्ष्यों को नष्ट कर सकती है.

## ATGM नाग का सफल परीक्षण

भारत ने 21 अक्टूबर को राजस्थान के पोखरण रेंज में तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल नाग का सफल परीक्षण किया. इस मिसाइल को जल्द ही सेना में शामिल किया जाएगा. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित नाग रात और दिन में शत्रु के भारी बख्तरबंद टैंकों को प्रभावी ढंग से नष्ट कर सकती है.

## रुद्रम -1: पहली भारतीय एंटी-रेडिएशन मिसाइल

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने सुखोई एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से नई पीढ़ी के स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल रुद्रम का सफल परीक्षण किया है. यह ध्वनि की गति से दोगुना या दो मैक की गति से चलने में सक्षम है. यह मिसाइल 250 किलोमीटर की दूरी तक विभिन्न प्रकार के शत्रु राडार, वायु रक्षा प्रणाली और संचार नेटवर्क को नष्ट करने में सक्षम है.

## 'शौर्य' मिसाइल का सफल परीक्षण

भारत ने ओडिशा में स्थित परीक्षण रेंज से स्वदेशी सतह से सतह पर मार करने वाली परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल 'शौर्य' का सफल परीक्षण किया. इस मिसाइल की मारक क्षमता 700 किलोमीटर से 1,000 किलोमीटर तक है और यह 200 किलोग्राम से 1,000 किलोग्राम भार ले जाने में सक्षम है. यह मिसाइल भारत की K-15 मिसाइल का ज़मीनी संस्करण है.

## ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से निर्मित स्टील्थ विध्वंसक आईएनएस चेन्नई से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का सफलतापूर्वक परीक्षण किया. इस मिसाइल ने अरब सागर में एक लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदा और मिसाइल ने उच्च-स्तरीय और बेहद जटिल युद्धाभ्यास करने के बाद अरब सागर में लक्ष्य को सफलतापूर्वक सटीकता के साथ मार गिराया.

## स्वदेशी पुर्ज़ों वाला ब्रह्मोस लॉन्च

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के बालासोर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से स्वदेशी बूस्टर, एयरफ्रेम और अन्य कलपुर्ज़ों से लैस ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल के विशेष संस्करण का सफल परीक्षण किया. भारत और रूस के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा विकसित इस मिसाइल ने मैक 2.9 से अधिक की गति से उड़ान भर अपना लक्ष्य भेदा. इसकी अत्यंत अधिक उच्च गति की बदौलत इस मिसाइल को अवरोधित करने में दुनिया की कोई भी ज्ञात हथियार प्रणाली अक्षम है.

## गश्ती पोत 'विग्रह' का हुआ जलावतरण

लार्सन एंड टुब्रो द्वारा निर्मित अपतटीय गश्ती पोत (ऑफशोर पैट्रोल वेसल) 'विग्रह' को चेन्नई (तमिलनाडु) के कट्टुपल्ली बंदरगाह पर भारतीय तटरक्षक बल को सौंप दिया गया. इसके व्यापक परीक्षण और उपकरण और मशीनरी के परीक्षण के बाद इस पोत को मार्च, 2021 तक तटरक्षक बल में शामिल किए जाने की उम्मीद है. 98 मीटर लम्बे इस गश्ती पोत की रेंज 5,000 समुद्री मील की है और यह दो हेलीकॉप्टर ले जाने में सक्षम है.

## IAF ने बनाया स्काइडाइविंग में विश्व रिकॉर्ड




भारतीय वायु सेना ने 8 अक्टूबर को अपनी 88वीं वर्षगांठ पर लेह के पास खार दुंगला में सर्वाधिक ऊंचे स्काईडाइव (17,982 फीट) की लैंडिंग का नया रिकॉर्ड बनाया. विंग कमांडर गजनाद यादव और वारंट ऑफिसर ए.के. तिवारी ने C -130J सुपर हरक्यूलिस विमान से सफल लैंडिंग की. वायु के कम घनत्व, उबड़-खाबड़ एवं पहाड़ी इलाका और ऑक्सीजन की कम उपलब्धता के कारण इतनी ऊंचाई पर सफलतापूर्वक उतरना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है.

## तटीय सुरक्षा के लिए "सागर कवच"

किसी समुद्र जनित असमय खतरे से निपटने के लिए सभी नौसैनिक और नागरिक एजेंसियों की तैयारी का आकलन करने के लिए पश्चिमी तट पर अरब सागर में 8-9 अक्टूबर को दो दिवसीय तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच' का आयोजन किया गया. 'सागर कवच' तटीय सुरक्षा तंत्र की जांच करने और तटीय सुरक्षा की मानक संचालन प्रक्रियाओं को प्रमाणित करने के उद्देश्य से किया जाने वाला अर्ध-वार्षिक अभ्यास है.

## ICGS कनकलता बरुआ तटरक्षक बल में शामिल

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE), कोलकाता द्वारा निर्मित तेज़ गश्ती पोत (FPV) ICGS कनकलता बरुआ को 1 अक्टूबर को कोलकाता में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया. FPV मध्यम श्रेणी के सतही पोत होते हैं जिन्हें गश्त लगाने, तस्करी-रोधी और बचाव कार्यों जैसे बहुउद्देशीय प्रयोजनों में इस्तेमाल किया जा सकता है. FPV- fast patrol vessel

## डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज की शुरुआत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX) पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार करने के उद्देश्य से डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज (DISC 4) नामक पहल का शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने iDEX4Fauji कार्यक्रम और उत्पाद प्रबंधन दृष्टिकोण (PMA) दिशा-निर्देशों का भी अनावरण किया. iDEX4Fauji अपनी तरह की पहली पहल है, जो भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा प्रस्तावित नवाचारों को क्रियान्वित करने में मदद देने के लिए शुरू की गई है, जो सैनिकों / युद्ध क्षेत्र संरचनाओं से आने वाले किफायती नवोन्मेषी विचारों को बढ़ावा देगी.

**SLINEX-20:** भारतीय और श्रीलंकाई नौसेनाओं के बीच 8वां वार्षिक संयुक्त अभ्यास 19 से 21 अक्टूबर तक श्रीलंका के त्रिंकोमाली तट पर आयोजित किया गया.

**रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO)** ने ओडिशा के तट पर व्हीलर द्वीप से 5 अक्टूबर को Supersonic Missile Assisted Release of Torpedo" (SMART) का सफल परीक्षण किया.

## जिरकॉन (Zircon) का सफल परीक्षण

रूस ने उत्तर-पश्चिमी रूस में स्थित बैरंट सागर में अपनी बहुचर्चित हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल जिरकॉन (Zircon) का सफल परीक्षण किया. इस मिसाइल की गति 8 मैक से अधिक है और इसकी रेंज 1,000 किमी तक की है.

## अत्यंत किफायती कोरोना टेस्ट विकसित

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित 'COVIRAP' नामक नैदानिक तकनीक को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा COVID-19 का पता लगाने के मामले में कारगर पाए जाने के बाद इसे मान्यता दे दी गई है. इस नई परीक्षण विधि में अति विश्वसनीय और सटीक आणविक नैदानिक प्रक्रिया का प्रयोग होता है, जो अत्यंत किफायती पोर्टेबल डिवाइस यूनिट की मदद से की जा सकती है. इस परीक्षण के परिणाम 1 घंटे के भीतर मिल जाते हैं.

# अंतर्राष्ट्रीय ख़बरें

## नवंबर

## वर्चुअल मोड में हुआ G 20 शिखर सम्मेलन

15वां G20 शिखर सम्मेलन 21-22 नवंबर को वर्चुअल प्रारूप में आयोजित किया गया. 'सभी के लिए 21वीं सदी के अवसरों का दोहन' विषय पर आयोजित इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता सऊदी अरब ने की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया. यह इस वर्ष हुई G 20 नेताओं की दूसरी बैठक थी. शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं ने COVID- 19 महामारी से निपटने की तैयारी और नौकरियां बहाल करने के तरीकों के बारे में चर्चा की.

*ग्रुप ऑफ़ ट्वेंटी या G20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है. 19 देशों और यूरोपीय संघ से बने इस मंच पर हर महाद्वीप से विकसित और विकासशील देश शामिल होते हैं. सामूहिक रूप से G20 सदस्य देशों का विश्व के आर्थिक उत्पादन में लगभग 80%, जनसंख्या में दो-तिहाई और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 75% भागीदारी है.*



## सबसे बड़े व्यापारिक क़रार पर हुए हस्ताक्षर




एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 15 देशों ने दुनिया के सबसे बड़े व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें 10 दक्षिण-पूर्व एशियाई देश और दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड शामिल हैं. इन देशों के बीच चीन के नेतृत्व में क्षेत्रीय वृहद आर्थिक भागीदारी (RCEP) नामक क़रार हुआ है. RCEP के सभी सदस्य देशों की आबादी दुनिया की कुल आबादी का एक तिहाई है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में इनकी कुल हिस्सेदारी 30 प्रतिशत है. RCEP: Regional Comprehensive Economic Partnership

## APEC बैठक हुई वर्चुअल मोड में

2020 एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) इकोनॉमिक लीडर्स की मीटिंग मलेशियाई प्रधानमंत्री टैन श्री मुहैद्दीन यासिन की अध्यक्षता में नवम्बर 21 वर्चुअल मोड में हुई. प्रशांत रिम क्षेत्र में स्थित 21 देशों की अर्थव्यवस्थाओं से बना APEC सिंगापुर आधारित अंतर-सरकारी मंच है, जो पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देता है. APEC शिखर सम्मेलन 2021 की मेज़बानी न्यूज़ीलैंड करेगा.

## ट्रंप को हराकर बिडेन बने 46वें अमेरिकी राष्ट्रपति

डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार जो बिडेन रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराकर संयुक्त राज्य अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति चुने गए हैं. कई नाटकीय मोड़ों से भरी इस कांटे की टक्कर में आखिरकार बिडेन ने कुल 540 मतों में से 279 चुनावी वोट हासिल कर यह दौड़ जीत ली.




डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने भी अमेरिकी उप-राष्ट्रपति बनने वाली पहली महिला का गौरव हासिल किया. सुश्री हैरिस भारतीय-अमेरिकी और अफ्रीकी-अमेरिकी मूल की पहली महिला हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका की सीनेट में पहुंची हैं.

*जनमत द्वारा चुने गए निर्वाचक मंडल के प्रतिनिधि अब अगले महीने की 14 तारीख़ को आधिकारिक रूप से नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए मतदान करेंगे. इसके बाद होने वाले उद्घाटन समारोह के बाद अगले साल 20 जनवरी को नए राष्ट्रपति अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे.*

## खाद्य संकट निवारण हेतु नया गठबंधन

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) ने दुनिया भर की खाद्य प्रणालियों और कृषि पर पड़ने वाले COVID-19 के प्रभाव से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निकाय "खाद्य गठबंधन" की औपचारिक शुरुआत की है. यह स्वैच्छिक बहु-हितधारक और बहु-क्षेत्र गठबंधन COVID-19 महामारी-जनित संभावित खाद्य संकट की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर खाद्यान तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अभिनव पहलों का समर्थन करेगा. इस खाद्य गठबंधन का प्रस्ताव पहली बार इटली ने दिया था और इसकी स्थापना पहली बार संयुक्त राष्ट्र ने इस साल जून में की थी. इस अंतर्राष्ट्रीय अभियान में अब तक कम से कम 30 देश शामिल हो चुके हैं.

## अमेरिका की जलवायु समझौते को बाय-बाय



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने से संबंधित वैश्विक संधि में से अमेरिका के बाहर हो जाने के अपने इरादे की घोषणा के बाद तीन साल की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि के पूरा होने पर बाद 4 नवंबर को अमेरिका औपचारिक रूप से पेरिस जलवायु समझौते से बाहर हो गया है. इस ऐतिहासिक समझौते का लक्ष्य वैश्विक तापन को जलवायु वैज्ञानिकों द्वारा निर्धारित अधिकतम 2 डिग्री सेल्सियस के कम स्तर पर बनाये रखना है, जिसके नाकाम हो जाने पर भयानक, विनाशकारी परिणाम होंगे.

*इस वैश्विक समझौते से बाहर होने वाला अमेरिका एकमात्र देश है. वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस उत्सर्जन में 25 प्रतिशत से अधिक के योगदान वाला अमेरिका चीन के बाद इन गैसों का सबसे बड़ा उतसर्जक है. ट्रम्प ने बार-बार इस समझौते को आर्थिक रूप से हानिकारक क़रार देकर इसकी आलोचना की है और यह आरोप लगाया है कि इस संधि से 2025 तक अमेरिका में 25 लाख रोज़गारों के छिन जाने का ख़तरा है. उनका यह भी कहना है कि इस संधि के ज़रिये चीन और भारत जैसे अन्य प्रमुख उत्सर्जक देशों को इस मामले में बहुत ढील दी गई है.*

## "लॉकडाउन" बना कॉलिंस का Word of the Year

दुनिया भर में सरकारों द्वारा कोविड महामारी के फैलाव को रोकने के लिए लागई गई बंदिशों का सूचक शब्द लॉकडाउन 2020 के लिए कॉलिंस का Word of the Year चुना गया है. शब्दकोश के अनुसार, लॉकडाउन का अर्थ है "सफर करने, सामाजिक मेलजोल और सार्वजनिक जगहों पर जाने के मामले में लगाई गई बंदिशें". कॉलिंस शब्दकोश का कहना है कि 2020 में शब्द लॉकडाउन 2.5 लाख जगह इस्तेमाल किया गया. इससे पिछले साल शब्द यह केवल 4,000 बार इस्तेमाल हुआ था.

## लंदन दुनिया में 'सबसे अच्छा शहर'



वैंकूवर (कनाडा) की रेज़ोनेंस कंसल्टेंसी द्वारा जारी की गई नवीनतम 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहर' रिपोर्ट में 10 लाख से अधिक आबादी वाले 100 सर्वश्रेष्ठ शहरों को स्थान दिया गया है. सूची में लंदन को सर्वश्रेष्ठ शहर का दर्जा दिया गया है, जबकि न्यूयॉर्क, पेरिस और मास्को इसके बाद आते हैं. दिल्ली इस सूची में शामिल एकमात्र भारतीय शहर (62) है.

*इस रैंकिंग को संलकित करने में स्थानीय लोगों और आगंतुकों द्वारा छह कोर श्रेणियों में वर्गीकृत 25 कारकों के मामले में उनके द्वारा किये गए सांख्यिकीय और गुणात्मक मूल्यांकन का उपयोग किया गया है. इसमें मात्र इन शहरों में रहने या पर्यटन की दृष्टि से उनकी संभाव्यता की बजाय उन शहरों की पहचान की गई है जो स्थानीय लोगों, आगंतुकों और कारोबारी लोगों के लिहाज़ से आकर्षक हैं.*

## हांगकांग, ज्यूरिख और पेरिस सबसे महंगे

इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) ने जीवनयापन की लागत के आधार पर 2020 के लिए विश्व के सबसे महंगे शहरों की कॉस्ट ऑफ लिविंग (WCOL) रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार संयुक्त रूप से हांगकांग, ज्यूरिख और पेरिस सबसे महंगे शहर हैं. इस सूची में 133 शहर शामिल हैं. दमिश्क (सीरिया), ताशकंद (उज़बेकिस्तान) और लुसाका (ज़ाम्बिया) इस सूची में सबसे सस्ते शहरों के तौर पर अंतिम तीन स्थानों पर रहे. इस रिपोर्ट में दैनिक उपयोग की 138 वस्तुओं की कीमतों और कोविड के कारण संबंधित देश की मुद्रा के दाम गिरने या बढ़ने के आधार पर शहरों को रैंक किया गया है.

# अक्टूबर

## सिंगापुर में शुरू हुई चेहरा पहचान तकनीक

सिंगापुर फेस स्कैन की तकनीक के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन सरकारी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है. इस नई तकनीक से उपयोगकर्ता सरकारी और निजी वेबसाइटों की ऑनलाइन सेवाओं तक सुरक्षित पहुंच पा सकते हैं. यह सुविधा होम कंप्यूटर, टैबलेट और सेल फोन के साथ-साथ सार्वजनिक कियोस्क पर भी उपलब्ध रहेगी. बैंकिंग जैसी अन्य ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के मामले में भी चेहरा पहचान तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है.

## अंडोरा बना IMF का 190वां सदस्य

16 अक्टूबर को अंडोरा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का 190वां सदस्य बन गया. IMF में अंडोरा का प्रारंभिक कोटा SDR 82.5 अरब (लगभग 11. 64 करोड़ अमेरिकी डॉलर) है. 469 किमी क्षेत्रफल में फैला छोटे से देश अंडोरा के उत्तर में फ्रांस और दक्षिण में स्पेन है.

## विश्व अर्थव्यवस्था में आएगी 4.4% की कमी: आईएमएफ

अपनी नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस वर्ष (2020) में गहरी वैश्विक मंदी की भविष्यवाणी की है और विश्व आर्थिक विकास में 4.4 प्रतिशत के संकुचन की संभावना जताई है, यह कहते हुए कि कोरोनोवायरस महामारी की मार से वैश्विक आर्थिक संकट को उबरने में अभी काफी समय लगेग. रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में विकास दर उछल कर 5.2% होने का अनुमान है. आईएमएफ की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा, "गरीब और गरीब हो गए हैं और इस साल लगभग 9 cr. लोगों के गरीबी के गर्त में गिरने की संभावना है."

## वैश्विक व्यापार में होगी 9.2% गिरावट – WHO

विश्व व्यापार संगठन (WHO) ने 2020 में वस्तुगत व्यापार की मात्रा में 9.2 प्रतिशत गिरावट होने का अनुमान लगाया है. यह अप्रैल में दी गई अनुमानित 12.9 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में बहुत कम है. लेकिन 2021 के लिए दी गई विकास की अनुमानित दर (7.2 प्रतिशत) अप्रैल में दिए गए 21.3 प्रतिशत के विकासानुमान की तुलना में कम है. जून और जुलाई में व्यापार के मामले में देखी गई मज़बूती और 2020 में समग्र व्यापार विकास होने के कुछ आशावादी संकेतों के दृष्टिगत विश्व व्यापार संगठन ने इन अनुमानों में कमी की है.

## रूस करेगा 12वें ब्रिक्स सम्मेलन की अध्यक्षता

12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 17 नवंबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा. ब्रिक्स देशों के नेताओं की इस बैठक, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं, का विषय है- 'वैश्विक स्थिरता के लिए ब्रिक्स भागीदारी, साझा सुरक्षा और नवीन विकास'. इस वर्ष शिखर सम्मेलन रूस की अध्यक्षता में हो रहा है, जिसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग करना है.

# चर्चित चेहरे

# नवंबर



**अज़ीम प्रेमजी:** विप्रो लिमिटेड के संस्थापक-अध्यक्ष एडलिव ह्यूरन भारत परोपकार सूची 2020 में शीर्ष पर रहे. 75 वर्षीय प्रेमजी ने अप्रैल 2019 और मार्च 2020 के बीच परोपकारी सरोकारों के लिए सर्वाधिक राशि 7,904 करोड़ रुपये का योगदान दिया. HCL टेक्नोलॉजीज़ के संस्थापक और अध्यक्ष शिव नादर इस सूची में दूसरे स्थान (795 करोड़ रुपये) पर मौजूद हैं.

**प्रियंका राधाकृष्णन:** 41 वर्षीय भारतवंशी राजनेता ने न्यूज़ीलैंड सरकार में मंत्री बनने वाली पहली भारतीय-न्यूज़ीलैंडी महिला बनकर इतिहास रच दिया है. वे उन पांच मंत्रियों में शामिल हैं जिन्हें नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने अपने मंत्रिमंडल में जगह दी है. दो बार सांसद रही राधाकृष्णन 14 साल तक लेबर पार्टी की नेता रही हैं.

## अक्टूबर

**आयुष्मान खुराना:** लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेता टाइम पत्रिका द्वारा दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता बन गए हैं. उनके अलावा भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सूची में पहले से ही शामिल हैं.

**फॉर्च्यून 40 अंडर 40**

रिलायंस जियो बोर्ड के निदेशक ईशा अंबानी और आकाश अंबानी, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुख्त कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला और बायजू रवींद्रन (भारत की प्रमुख शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के सह-संस्थापक) 40 वर्ष से कम आयु के प्रभावशाली लोगों की वार्षिक फॉर्च्यून सूची में दुनिया भर के "उभरते अगुआओं" में शामिल किये गए हैं. वर्ष 2020 की फॉर्च्यून 40 अंडर 40 सूची में दुनिया भर के वित्त, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवाओं, सरकार और राजनीति, मीडिया और मनोरंजन से जुड़ी पांच श्रेणियों (कुल 200) में हर एक में 40 प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया है.

**ख़ुशी चिंदालिया:** सूरत (गुजरात) की 17 वर्षीय लड़की को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम - टुंजा इको-जेनरेशन द्वारा भारत का क्षेत्रीय राजदूत नियुक्त किया गया है. यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके जूनून और वातावरण की रक्षा करने के विषय में जागरूकता फैलाने के उनके संकल्प के कारण दिया गया है.

# नयी नियुक्तियां

## नवंबर

**यशवर्धन कुमार सिन्हा:** भारत सरकार ने पूर्व विदेश सेवा अधिकारी को केंद्रीय सूचना आयोग नामक सांविधिक निकाय के नए मुख्य सूचना आयुक्त के तौर पर नियुक्त करने का फैसला किया है.

**गिरीश चंद्र मुर्मू:** भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को तीन साल के कार्यकाल के लिए इंटर संसदीय संघ (IPU), जिनेवा का बाहरी लेखा परीक्षक चुना गया है.

**डॉ. एम. एम. कुट्टी:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पूर्व सचिव को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और इसके आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए गठित नए आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

**माइया सैंडू:** रोमानिया और यूक्रेन के बीच सटे हुए छोटे से पूर्व यूरोपीय, स्थल -सीमित देश माल्डोवा के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता.

**जॉन मगुफुली:** हालिया चुनावों में 84% से अधिक वोटों से शानदार जीत हासिल कर तंज़ानिया के राष्ट्रपति दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गये हैं.

**अलसाने औटारा:** तीसरी बार आइवरी कोस्ट के राष्ट्रपति चुने गए. आइवरी कोस्ट को कोटे डी आइवर के तौर पर भी जाना जाता है, आधिकारिक तौर पर कोटे डी आइवर गणराज्य, पश्चिम अफ्रीका के दक्षिण तट पर स्थित देश है.

**लुइस एर्से:** 2020 के बोलीविया के आम चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद इसके राष्ट्रपति चुने गए हैं.

## अक्टूबर

**शेखर कपूर:** प्रसिद्ध फिल्म निर्माता को फिल्म एंड टेलिविज़न इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) सोसाइटी का अध्यक्ष और FTII (पुणे) की गवर्निंग काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है.

**डॉ. पी. डी. वाघेला:** गुजरात कैडर के 1986 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के अधिकारी को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

TRAI- Telecom Regulatory Authority of India

**राजकिरण राय जी:** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को 2020-21 के लिए भारतीय बैंक संघ (IBA) का अध्यक्ष चुना गया है.

**एम. ए. गणपति:** मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को नई दिल्ली स्थित नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) का महानिदेशक बनाये जाने को मंज़ूरी दे दी है.

**वैवेल रामकलावन:** भारतीय मूल के विपक्षी उम्मीदवार (जिनके दादा बिहार में गिरमिटिया मज़दूर थे) ने भारी बहुमत के साथ सेशेल्स का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है. उनकी जीत के फलस्वरूप पहले सत्तारूढ़ रही यूनाइटेड सेशेल्स पार्टी 1977 में द्वीप देश के स्वतंत्र होने के बाद से पहली बार सत्ता से बाहर हो गई है.

**अल्फा कॉनडे:** तीसरी बार गिनी के राष्ट्रपति चुने गए हैं. गिनी पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है.

**साद अल-हरीरी:** लेबनान के सुन्नी मुस्लिम राजनेता को राष्ट्रपति मिशेल एउन ने देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है.

**जेसिंडा अर्डर्न:** इनकी अध्यक्षता में लेबर पार्टी ने न्यूज़ीलैंड में हुए आम चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जिसके फलस्वरूप उन्हें अगले तीन साल के कार्यकाल के लिए फिर से प्रधानमंत्री चुना गया.

**बिशर अल-खसावने:** जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने इन्हें देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है.

**शेख नवाफ अल अहमद अल सबाह:** सत्तारूढ़ रहे अपने सौतेले भाई दिवंगत शासक शेख सबा अल अहमद अल सबाह की मृत्यु के बाद तेल के मामले में समृद्ध छोटे से देश कुवैत के अमीर (क्राउन प्रिंस) के तौर पर शपथ ली.

**मोक्टर ओअने:** माली के पूर्व विदेश मंत्री को माली का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है.

# पुरस्कार एवं सम्मान

## नवंबर

**चिल्ड्रन क्लाइमेट प्राइज़:** तमिलनाडु की 14 वर्षीय छात्रा विनीशा उमाशंकर ने पारंपरिक चारकोल चालित लोहे की प्रेस को विद्युत आपूर्ति देने के लिए सौर पैनलों का उपयोग कर मोबाइल आइरनिंग (कपड़े प्रेस करने वाली इस्त्री) कार्ट डिज़ाइन करने के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता. विनीशा को स्वीडन की बाल जलवायु फाउंडेशन से 100,000 स्वीडिश क्रोन (लगभग 8.64 लाख रु) का नकद पुरस्कार, डिप्लोमा और पदक मिलेगा.

**संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवार्ड:** भारतीय संगठन ग्लोबल हिमालयन एक्सपेडिशन (GHE) (जो सुदूर इलाकों तक सौर ऊर्जा पहुँचाने में प्रौद्योगिकी और पर्यटन का उपयोग करता है) ने मौजूदा COVID-19 महामारी के बीच जलवायु परिवर्तन से निपटने में अपने प्रयासों के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता.

**बुकर फ़िक्शन पुरस्कार:** न्यूयॉर्क में बसे 44 वर्षीय स्कॉटिश लेखक डगलस स्टुअर्ट ने अपने पहले और आत्मकथात्मक उपन्यास 'शगी बेन' के लिए 50,000 पाउंड की इनामी राशि वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता. 1980 के दशक के ग्लासगो की पृष्ठभूमि पर आधारित 'शगी बेन' प्रेम के पनपने और शराबनोशी की कहानी है.

**अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार:** बांग्लादेश के 17 वर्षीय किशोर सादत रहमान को 'साइबर बुलिंग' के ख़िलाफ़ जंग करने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार एम्स्टर्डम में स्थित अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार संगठन किड्स राइट्स द्वारा ऐसे बच्चे को दिया जाता है जो बाल अधिकारों के लिए संघर्ष करता है.

## अक्टूबर

**नोबेल फिज़ियोलॉजी/ चिकित्सा पुरस्कार:** हेपेटाइटिस सी वायरस की खोज करने वाले हार्वे जे. अल्टर (अमेरिका), माइकल ह्यूटन (ब्रिटेन) और चार्ल्स एम. राइस (अमेरिका) को संयुक्त रूप से दिया गया है. 1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (8.24 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि तीनों वैज्ञानिकों में बराबर बांटी जाएगी. हेपेटाइटिस सी वायरस के कारण हर साल करीब चार लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं. इस काम की बदौलत अब रक्त में वायरस की उपस्थिति जांचने के लिए अत्यधिक सटीक परीक्षण उपलब्ध हैं.

*इस पुरस्कार का निर्णयन स्वीडन के स्टॉकहोम में स्थित करोलिंस्का इंस्टीट्यूट की नोबेल असेंबली द्वारा किया जाता है.*



**नोबेल भौतिकी पुरस्कार:** ब्रह्मांड में पाए जाने वाले सर्वाधिक विलक्षण खगोलीय पिंडों 'ब्लैक होल' के राज़ उजागर करने वाले तीन वैज्ञानिकों रोजर पेनरोज़ (ब्रिटेन), रेनहार्ड गेनज़ेल (जर्मनी) और सुश्री एंड्रिया गेज़ (अमेरिका) ने वर्ष 2020 का नोबेल पुरस्कार जीता. इस पुरस्कार का आधा भाग रोजर पेनरोज़ को और शेष आधा भाग संयुक्त रूप से रेनहार्ड गेनज़ेल और एंड्रिया गेज़ को दिया जाएगा.

**नोबेल साहित्य पुरस्कार:** अमेरिकी कवयित्री लुईस ग्लूक को दिया गया है. येल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहीं ग्लुक ने 1968 में 'फर्स्टबोर्न' शीर्षक वाले काव्य संग्रह से अपनी काव्य यात्रा की शुरुआत की थी. उन्हें समकालीन अमेरिकी साहित्य में काव्य और निबंध की सर्वाधिक मुखर आवाज़ों में से एक माना जाता है. इस पुरस्कार का निर्णयन स्वीडिश अकादमी (स्टॉकहोम) द्वारा किया जाता है.

**नोबेल शांति पुरस्कार:** दुनिया भर में टकराव ग्रस्त और खाद्य पदार्थों की तंगी झेल रहे क्षेत्रों में भूख और खाद्य असुरक्षा से निपटने के प्रयासों के लिए संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया. रोम स्थित इस संगठन ने पिछले साल दुनिया के 88 देशों में लगभग 10 करोड़ लोगों को खाद्य सहायता प्रदान की.

**नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार:** अमेरिकी अर्थशास्त्रियों पॉल मिलग्रोम और रॉबर्ट विल्सन ने नीलामी के सिद्धांत को बेहतर बनाने और नीलामी के नए प्रारूपों का अविष्कार करने के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान जीता. अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में कार्यरत इन दोनों प्रोफेसर को एक करोड़ क्रोना (करीब 11 लाख अमेरिकी डॉलर) की पुरस्कार राशि संयुक्त रूप से दी जाएगी. विजेताओं का चयन रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा किया गया है.

*नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल द्वारा 1895 में बनाई गई उनकी वसीयत में वर्णित मूल पांच पुरस्कारों में शामिल नहीं है. यह पुरस्कार बाद में स्वीडन के केंद्रीय बैंक रिक्सबैंक द्वारा स्थापित किया गया था, जिसे पहली बार 1969 में दिया गया.*

**पर्यावरण रक्षा के लिए "अर्थशॉट प्राइज़"**

ड्यूक ऑफ कैम्ब्रिज (ब्रिटेन के राजकुमार विलियम) ने इतिहास में अब तक का सर्वाधिक प्रतिष्ठित वैश्विक पर्यावरण पुरस्कार 'अर्थशॉट प्राइज़' देने की घोषणा की है. 2030 तक दिए जाने वाली इस पुरस्कार को शुरू करने का मकसद वर्ष पृथ्वी को हुई पर्यावरणीय हानि की भरपाई करने के तरीकों की खोज को प्रोत्साहित करना है. इस घोषणा के अनुसार आगामी 10 साल तक हर साल 10-10 लाख पाउंड के पांच पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसका मकसद 2030 तक विश्व की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्याओं के कम से कम 50 समाधान खोजने में मदद करना है. कुल मिलाकर इस पुरस्कार के माध्यम से 10 वर्षों में 5 करोड़ पाउंड की इनामी राशि दी जाएगी. यह पुरस्कार एक वैश्विक साझेदारी गठबंधन द्वारा समर्थित है.

सपने वो नहीं है जो हम नींद में देखते है, सपने वो है जो हमको नींद नहीं आने देते।

**सखारोव पुरस्कार 2020:** यूरोपीय संघ ने अपना शीर्ष मानवाधिकार पुरस्कार बेलारूस के विपक्षी आंदोलन और इसकी नेता स्वेतलाना एलेक्ज़ेंडर को दिया है, जो राष्ट्रपति एलेक्ज़ेंडर लुकाशेंको के लंबे समय से चले आ रहे दमनकारी शासन को चुनौती दे रही हैं. पुरस्कार में 50,000 यूरो की नकद राशि दी जाती है.

**वाइल्डलाइफ़ फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर अवार्ड -2020:** मुंबई की युवा फ़ोटोग्राफ़र ऐश्वर्या श्रीधर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं. यह पुरस्कार ब्रिटेन के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय द्वारा प्रदान किया जाता है.

**2020 SASTRA रामानुजन पुरस्कार**

प्रिंसटन यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के शाई एवरा को कॉम्बीनेटोरियल और ज्यामितीय टोपोलॉजी में उच्च आयामी विस्तारकों और गोल्डन गेट्स पर 3-डी एकात्मक समूहों के उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है.

*SASTRA रामानुजन पुरस्कार प्रतिवर्ष 32 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को गणित में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है. यह पुरस्कार SASTRA विश्वविद्यालय, कुंभकोणम (तमिलनाडु) द्वारा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के सम्मान में दिया जाता है, जिनकी 32 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गयी थी.*

**ग्रैंड टाइटल विनर 2020:** केरल टूरिज़्म के ह्यूमन बाय नेचर प्रिंट कैंपेन को बीजिंग में वर्चुअल पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) ट्रैवल मार्ट 2020 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 2020 के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाज़ा गया है.

**SDG विशेष मानवीय कार्य अवार्ड:** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा कोरोना के कारण फंसे हुए लाखों प्रवासियों को घर भेजने और विदेशों में फंसे और हज़ारों छात्रों को घर भेजने में दी गयी उनकी निस्वार्थ मदद के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

**डॉ. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार - 2020:** 14 सितंबर को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने अपने स्थापना दिवस समारोह में विज्ञान के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च पुरस्कार के लिए 14 वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा की. यह पुरस्कार 45 वर्ष से कम आयु के भारतीय वैज्ञानिकों को सात क्षेत्रों (जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित, चिकित्सा और भौतिकी) में उत्कृष्ट शोध के लिए दिया जाता है.

# चर्चित पुस्तकें

## नवंबर

Burnt Sugar - अवनी दोशी

Boskiyana - यशवंत व्यास (प्रसिद्ध गीतकार गुलज़ार के जीवन पर लिखी किताब)

Insomnia: Army Stories - रचना बिष्ट रावत (वरिष्ठ पत्रकार)

I Am Not a Messiah - सोनू सूद की आत्मकथा, सह-लेखन मीना अय्यर द्वारा

Your Best Day Is Today! - अनुपम खेर (अभिनेता)

How to be a Writer - रस्किन बांड

Till We Win - एम्स निदेशक रणदीप गुलेरिया और सार्वजनिक नीति और स्वास्थ्य प्रणालियों के प्रमुख विशेषज्ञ चंद्रकांत लहरिया और प्रसिद्ध वैक्सीन शोधकर्ता और वायरोलॉजिस्ट गगनदीप कांग द्वारा COVID- 19 पर लिखी किताब

Bye Bye Corona - विश्व की पहली साइंटून (विज्ञान-विषयक कार्टून) किताब- वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव (CSIR- लखनऊ में पूर्व वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक)

Pandemonium - The Great Indian Banking Tragedy तमल बंद्योपाध्याय (सीनियर जर्नलिस्ट, बिजनेस स्टैंडर्ड)

Jacind Ardern - Leading with Empathy: सुप्रिया वाणी और कार्ल ए (न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री की जीवनी)

The Archer - पाउलो कोएलो

A Promised Land - अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के संस्मरण

## अक्टूबर

The Invisible Life of Addie LaRue: वी.ई. श्वाब

Smoke and Mirrors: नील गैमन

Leave the World Behind: रुमान आलम

Magic Lessons: एलिस हॉफमैन

On The Trail of Buddha: A Journey To The East- दीपांकर एरन (वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी)

The Battle of Belonging: शशि थरूर (पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद)

Khalistan Conspiracy: जीबीएस सिद्धू

Portraits of Power: Half a Century of Being at Ringside-एन के सिंह (प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री, पन्द्रवें वित्त आयोग के अध्यक्ष)

# श्रद्धांजलि

## नवंबर



**अहमद पटेल:** पर्दे के पीछे रहने वाले दिग्गज कांग्रेसी रणनीतिकार, संकटमोचक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) कोषाध्यक्ष का 25 नवंबर को 71 साल की उम्र में निधन हो गया. वे करीब 2 महीने पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे. वे गुजरात से राज्यसभा सांसद रहे थे और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव भी रहे. वे आठ बार (पांच बार राज्यसभा में और तीन बार लोकसभा में) सांसद रहे थे.

**तरुण गोगोई:** असम के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे दिग्गज कांग्रेसी नेता का लंबी बीमारी के बाद 23 नवंबर को गुवाहाटी में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनके शरीर के विभिन्न अंगों ने काम करना बंद करना दिया था. वे मई, 2016 तक रिकॉर्ड लगातार 15 साल तक असम के सबसे लंबे समय तक सेवारत मुख्यमंत्री थे. इसके अलावा वे कुल मिलाकर छह बार लोकसभा सांसद भी रहे.

**सौमित्र चटर्जी:** वयोवृद्ध अभिनेता और दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता का कोलकाता के नर्सिंग होम में निधन हो गया. वे 85 वर्ष के थे. उनके उत्कृष्ट अभिनय की बदौलत उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार, पद्म भूषण और लेजियन डी' ऑनर (फ्रांस) सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले. उन्हें सत्यजीत रे की उत्कृष्ट कृतियों में 'आपु त्रयी और अन्य यादगार भूमिकाओं के लिए विशेष रूप से याद रखा जाएगा.



**डिएगो माराडोना:** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी का 25 नवंबर को कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित होने के बाद टाइग्रे (ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में) में उनके घर में निधन हो गया। 1986 के विश्व कप खिताब जीतने के लिए सबसे मशहूर अर्जेंटीना के तेजतर्रार खिलाड़ी, 60 वर्ष के थे। अर्जेंटीना में उनकी 'एल डिओस' - द गॉड - के रूप में पूजा की जाती थी, जो आंशिक रूप से उनकी 10 नंबर की शर्ट के शब्दों 'एल इलज़' का एक रूप था. 1986 के विश्व कप में प्रतिष्ठित और विवादास्पद "हैंड ऑफ गॉड" गोल करने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

**प्रिंस ख़लीफ़ा:** दुनिया में सबसे लंबे समय तक सेवारत रहने वाले प्रधानमंत्री बहरीन के राजकुमार ख़लीफ़ा बिन सलमान अल ख़लीफ़ा का 11 नवंबर को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. उन्होंने 1971 में बहरीन की स्वतंत्रता के बाद से देश के प्रधानमंत्री का पद (लगभग 50 साल तक) संभाला हुआ था.

**सर सीन कॉनरी:** शिष्टता से सराबोर और सजीले चित्तचोर से दिखने वाले स्कॉटिश फिल्म अभिनेता, जिन्होंने फिल्मों में सीक्रेट ब्रिटिश एजेंट 007 जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाकर अकल्पनीय अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि पाई थी, का 90 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई. उन्होंने सुनहरे पर्दे पर 4 दशकों से अधिक समय तक अपना जलवा दिखाया. जेम्स बॉन्ड सीरीज़ की 7 फिल्मों की उनकी यह फ़िल्मी यात्रा 1962 में 'Dr. No' से शुरू हुई थी और 1983 में 'Never Say Never Again' के साथ समाप्त हुई. उन्हें हमेशा उनके ज़बरदस्त, अविस्मरणीय शुरुआती डायलॉग 'बॉन्ड नाम है मेरा ... जेम्स बॉन्ड' के लिए याद किया जाएगा. 2000 में उन्हें महारानी एलिज़ाबेथ ने नाइटहुड से नवाज़ा था.



## अक्टूबर

**रामविलास पासवान:** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री और देश के प्रमुख दलित नेताओं में से एक रहे राजनेता का 8 अक्टूबर को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया. लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक और समाजवादी आंदोलन के दिग्गज नेता रहे पासवान ने 1990 के दशक में मंडल कमीशन रिपोर्ट के कार्यान्वयन में मुख्य भूमिका अदा की थी. वे आठ बार लोकसभा के लिए चुने गए थे और उनका अपने निर्वाचन क्षेत्र हाजीपुर से कई वर्षों तक सर्वाधिक वोटों के अंतर के साथ जीतने का रिकॉर्ड भी रहा था.

**जसवंत सिंह:** बीजेपी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे राजस्थान के बीजेपी नेता ने लंबी बीमारी के बाद 27 सितंबर को दिल्ली के सैन्य अस्पताल में अंतिम सांस ली. 82 वर्षीय पूर्व सैन्य अधिकारी पिछले छह साल से कोमा में थे. उन्होंने रक्षा, विदेश और वित्त मंत्री और योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया. वे सबसे लंबे समय तक सेवारत सांसदों में शामिल रहे जिन्हें चार बार लोकसभा और पांच बार राज्यसभा के लिए चुना गया था. उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी कार्य किया. उन्होंने भारतीय राजनीति पर कई किताबें भी लिखीं.

**डॉ. ईशर जज आहलूवालिया:** 74 वर्षीय प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, जिन्होंने बड़े पैमाने पर शहरीकरण और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी काम किया था, का कैंसर की वजह से नई दिल्ली में निधन हो गया. वे पूर्ववर्ती योजना आयोग के पूर्व डिप्टी चेयरपर्सन रहे डॉ. मोंटेक सिंह अहलूवालिया की धर्मपत्नी थीं. उन्होंने पहले नई दिल्ली स्थित भारतीय आर्थिक अनुसंधान परिषद (ICRIER) की निदेशक के रूप में और बाद में 15 साल तक इसके अध्यक्ष के रूप में कार्य किया. और ICRIER को ग्रणी वैश्विक वैचारिक मंच बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई. 2009 में उन्हें भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था. ICRIER- Indian Council for Research on International Economic Relations

**भानु अथैया:** भारत की प्रथम ऑस्कर विजेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर रहीं भानु का लंबी बीमारी के बाद मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया. वे 91 वर्ष की थीं. 'गांधी' फिल्म में उनके बेहतरीन कार्य के लिये उन्हें 1983 में ऑस्कर पुरस्कार मिला था. पांच दशकों से अधिक के कैरियर में उन्होंने गुलज़ार की "लेकिन" (1990) और भारत में ब्रिटिश काल पर बनी फ़िल्म "लगान" के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कार जीते थे.

**ली कुन-ही:** दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े समूह औद्योगिक समूह सैमसंग के करिश्माई अगुआ का 25 अक्टूबर को दिल का दौरा पड़ने के छह महीने बाद निधन हो गया. 78 वर्ष के ली ने अपने पिता ली ब्यूंग-चुल्ल के नूडल ट्रेडिंग कारोबार को बड़ी रफ्तार देकर इसे विविधीकृत समूह बनाने में मदद की, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, बीमा, जहाज़ निर्माण और निर्माण से जुड़ी दर्जनों कंपनियां शामिल हैं। ली के कार्यकाल के दौरान सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स दोयम दर्जे के टीवी निर्माता से और राजस्व के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी फर्म बन कर उभरा.


Gyanम्
OFFLINE COMBO COURSE
BANK - SSC - STATE GOVT EXAMS
LIMITED SEATS AVAILABLE
BECAUSE OF SOCIAL DISTANCING
CALL NOW TO REGISTER @ 9117-343434
Crack State Exams | Banking | SSC
All the safety precautions will be followed
Scan to Watch
Free Demo Classes
SCO 13-14-15, 2nd Floor, Above Dominos
Sector 34-A, Chandigarh

**एडी वैन हेलन:** रॉक संगीत के महानतम गिटारवादकों में शुमार ब्रिटिश गिटारिस्ट का लॉस एंजेल्स (अमेरिका) में 65 साल की उम्र में निधन हो गया. वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे. उनकी एल्बमें अब तक के शीर्ष 20 सर्वाधिक बिकने वाले एलबमों में शामिल हैं और 2007 में उनके बैंड वैन हेलेन को रॉक एंड रोल हॉल ऑफ फ़ेम में जगह दी गई थी. उनकी एलबमों की 7. 5 करोड़ से अधिक प्रतियां बिक चुकी हैं और उनकी संगीत रचनाएं किसी भी अन्य कलाकार की तुलना में अधिक बार अमेरिकी मुख्यधारा के रॉक चार्ट में प्रथम स्थान पर रहीं हैं.

# चर्चित स्थान

## नवंबर

**चक्रवात निवार:** बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम से उठा मज़बूत उष्णकटिबंधीय चक्रवात 25 नवंबर की देर शाम कराईकल और मामल्लपुरम के बीच तमिलनाडु- पुडुचेरी तटों को पार कर गया, जिससे इन क्षेत्रों में बहुत भारी वर्षा हुई.

**बागजान तेल कुआं:** असम के तिनसुखिया में स्थित बागजान गैस कुएं में लगी आग पर कई महीनों की कड़ी मशक्कत के बाद अंततः पूरी तरह काबू पा लिया गया है. इस आग को ब्राइन घोल से बुझाया गया है. कनाडाई विशेषज्ञों ने 60 टन की स्नबिंग यूनिट की मदद से इस आग पर काबू पाया. ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) द्वारा संचालित इस तेल कुएं में इस साल की 9 जून को आग लग गई थी. प्रचलित सुरक्षा मानदंडों के अनुसार अब इस कुँए को त्याग दिया जाएगा.

**कबरताल आर्द्रभूमि, बेगूसराय (बिहार):** 'कंवर झील' के नाम से लोकप्रिय इस वेटलैंड को अंतरराष्ट्रीय महत्व का स्थल घोषित किए जाने के साथ ही देश में रामसर साइटों की कुल संख्या 39 तक पहुंच गई है, जो दक्षिण एशिया में सर्वाधिक है. यह वर्गीकरण स्विट्जरलैंड के ग्लैंड में स्थित रामसर वेटलैंड्स संधि द्वारा किया जाता है. रामसर आद्रभूमि (वेटलैंड्स) संधि 2 फरवरी, 1971 को कैस्पियन सागर के दक्षिणी किनारे पर बने ईरानी शहर रामसर में अंगीकार की गई अंतर-सरकारी संधि है.

**सुर सरोवर:** उत्तर प्रदेश के आगरा में इसे कीथम झील के नाम से भी जाना जाता है. 2 फरवरी, 1971 को हस्ताक्षरित की गई रामसर संधि के तहत इसे रामसर साइट के रूप में चुना गया है. रामसर संधि पारिस्थितिकी की विशिष्टताओं को बचाये रखने पर केंद्रित, सदस्य देशों द्वारा हस्ताक्षरित सबसे पुराने अंतर-सरकारी समझौतों में से एक है, जिसका मक़सद उनके यहां स्थित अंतरराष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड्स को संरक्षित करना है.

*रामसर सूची का उद्देश्य आर्द्रभूमियों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क विकसित कर इसे क़ायम रखना है, जो वैश्विक जैवि-विविधता के संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र के घटकों, प्रक्रियाओं और लाभों के संरक्षण के ज़रिये मानव जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं.*

**लोनार झील:** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थित गड्ढे वाली झील को 'रामसर संधि' के तहत आर्द्रभूमि क्षेत्र घोषित किया गया है. इस झील का निर्माण लगभग 50 हज़ार साल पहले एक उल्का पिंड के पृथ्वी से टकराने के कारण हुआ था. यह देश में 41वां 'रामसर साइट' है और महाराष्ट्र में दूसरा ऐसा साइट है.

**पन्ना नेशनल पार्क (मध्य प्रदेश):** इस सुरक्षित अभ्यारण्य में, जिसके अंदर के बाघों की पूरी आबादी 2009 में नेस्तनाबूद हो गई थी, किये गए उत्कृष्ट संरक्षण प्रयासों के कारण अब यहां फिर से 54 बाघ विचरण करते नज़र आते है. यूनेस्को ने अब इसे बायोस्फीयर रिज़र्व घोषित किया है, जहाँ पर्यावरण संरक्षण और सततशीलता सुनिश्चित करने के लिए अभिनव तरीकों की खोज की जाएगी. पन्ना टाइगर रिज़र्व मध्य प्रदेश के पन्ना और छतरपुर ज़िलों में 576 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला हुआ है.

**नागोर्नो-कराबाख:** आर्मेनिया और अजरबैजान ने नागोर्नो-काराबाख़ नामक विवादित हिस्से पर कब्ज़े के लिए छह सप्ताह से चल रहे सैन्य संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस की मध्यस्थता में हुए शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं. इस समझौते के तहत अजरबैजान नागोर्नो-करबाख के उन क्षेत्रों पर कब्ज़ा बनाये रखेगा जिन्हें आर्मेनिया से हुए संघर्ष के दौरान इसने अपने नियंत्रण में ले लिया था. युद्धविराम संधि को लागू करने के लिए अग्रिम मोर्चों पर रूसी शांति सैनिक गश्त करने के लिए तैनात किये जाएंगे.

**काबुल:** 2 नवंबर को तीन बंदूकधारियों ने अफगानिस्तान की राजधानी में घुसकर काबुल विश्वविद्यालय में लगे पुस्तक मेले पर धावा बोल दिया. इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए. तीनों हमलावर जवाबी गोलाबारी में मारे गए.

**इज़मिर (तुर्की):** 30 अक्टूबर को आये 6.8 रिक्टर स्केल तीव्रता वाले भूकंप की वजह से पूर्वी तुर्की के इलाज़िग प्रांत में 50 लोग और पड़ोसी प्रांत मालत्या में 4 लोग मारे गए जबकि 1,600 से अधिक लोग लोग घायल हुए. भूकंप से हुआ अधिकांश नुकसान इज़मिर नामक रिज़ॉर्ट शहर में और इसके आसपास हुआ. यहां करीब 30 लाख लोग रहते हैं और यह इलाका ऊँचे अपार्टमेंट ब्लॉकों से पटा हुआ है.

**तूफ़ान एटा:** 3 नवंबर को मध्य अमेरिका के निकारागुआ में 225 किमी / घंटा तक की तेज़ हवाओं के साथ आये शक्तिशाली तूफ़ान के कारण मूसलाधार बारिश हुई. इसके बाद यह कमज़ोर पड़ने के बाद पश्चिमी होंडुरास और बाद में ग्वाटेमाला पहुंचा. इस उष्णकटिबंधीय तूफ़ान के कारण मध्य अमेरिकी क्षेत्र में में 170 से अधिक लोग मारे गए.

**टाइफून गोनी:** फिलीपींस के लूज़ोन नामक मुख्य द्वीप के दक्षिणी हिस्से में 290 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ़्तार से आये इस शक्तिशाली तूफ़ान ने तबाही मचाई. 2013 में आये हैयान तूफ़ान (जिसमें 6,300 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी) के बाद फिलीपींस में आया यह सबसे शक्तिशाली तूफ़ान है.

## अक्टूबर

**तूफान सैली:** 16 सितंबर को आए इस उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण अमेरिका के खाड़ी तट पर स्थित कैरोलिनास और जॉर्जिया में भारी बारिश हुई, जिसके फलस्वरूप बाढ़ आ गई. इस तूफ़ान के प्रभाव से फ्लोरिडा और अलबामा को भी भारी बारिश और तूफान का सामना करना पड़ा, बिजली के कई खंभे गिर गए, सड़के नदियां बन गई और घर जलमग्न हो गए.

**टाइफून हैशन:** दक्षिणी जापान के द्वीपों में दर्जनों लोगों को अपनी चपेट में लेने के बाद दक्षिण कोरिया पहुंचे इस शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई, घरों की बिजली गुल हो गई, सड़कें जलमग्न हो गई और बिजली गुल हो गई.

**तूफान लॉरा:** संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफानों में शामिल इस तूफ़ान ने दक्षिण पूर्वी राज्य लुसियाना में भयंकर तबाही मचाई. इस उष्णकटिबंधीय तूफान ने मैक्सिको की खाड़ी से विकसित होकर पूरे राज्य में व्यापक विनाश लीला रची, जिसके कारण लुसियाना में कम से कम छह लोग मारे गए.
हरीकेन, टायफून और चक्रवात एक ही मौसमी घटनाक्रम के अलग अलग नाम हैं यानी 120 किमी प्रति घंटे से अधिक वायु वेग वाले उष्णकटिबंधीय तूफान, जो समुद्र के ऊपर बनते हैं. इनका नाम उस क्षेत्र पर निर्भर है, जहां ये पैदा होते हैं.

*उत्तरी अटलांटिक (संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको के पूर्वी तट), मध्य और पूर्वी उत्तरी प्रशांत (संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के पश्चिमी तट) में शब्द हरीकेन का उपयोग किया जाता है. उत्तर पश्चिमी प्रशांत (कोरिया, जापान और चीन) में इसी तूफान को टाइफून कहा जाता है. इसी तरह से दक्षिण प्रशांत और हिंद महासागर में आने वाले इन तूफानों को उष्णकटिबंधीय चक्रवात कहा जाता है.*

# खेल जगत

## नवंबर

**विश्व रजत पदक विजेता अमित पंघाल (52 किग्रा) और संजीत (91 किग्रा)** ने कोरोनोवायरस के कारण हुए ज़बरन विराम के बाद फ्रांस के नांटेस में हुए एलेक्सिस वास्टीन इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता. यह स्वर्ण पदक उन्होंने अपनी पहली प्रतियोगिता में ही जीता है.

### IPL मुंबई इंडियंस के नाम

10 नवंबर को दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार IPL (इंडियन प्रीमियर लीग) के खिताब पर कब्ज़ा कर लिया. अब लीग के 13 वर्षीय इतिहास में मुंबई इंडियंस के पास किसी भी अन्य टीम की तुलना में अधिक IPL ख़िताब हैं.

**दिल्ली कैपिटल्स** के कगिसो रबाडा ने इस सत्र में सर्वाधिक 30 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती, जबकि किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान के एल राहुल ने लीग में सर्वाधिक 670 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की.

**ज्ञानेंद्रो निंगोबम:** मणिपुर हॉकी के पूर्व सीईओ को निर्विरोध भारत में हॉकी को बढ़ावा देने वाले आधिकारिक राष्ट्रीय शासी निकाय हॉकी इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है.

**फीफा ने भारत की मेज़बानी** में होने वाले महिला अंडर -17 फुटबॉल विश्व कप 2020 (जिसे पहले 2021 तक स्थगित कर दिया गया था) को रद्द कर दिया है. यह प्रतियोगिता अब भारत की मेज़बानी में ही 2022 में आयोजित की जाएगी.

### अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

**लुईस हैमिल्टन** (ब्रिटेन) ने इमोला (इटली) में हुई एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स में अपने करियर की रिकॉर्ड 93वीं जीत हासिल की.

**ब्रिटिश F 1 चैंपियन लुईस हैमिल्टन** ने इस्तांबुल में हुई तुर्की ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतकर फॉर्मूला वन के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया. अपना सातवां विश्व चैम्पियनशिप ख़िताब हासिल कर उन्होंने माइकल शूमाकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली.

**राफेल नडाल:** टेनिस इतिहास में एटीपी टूर में 1000 एकल मैच जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं. नडाल ने यह उपलब्धि 4 नवंबर को हुए पेरिस मास्टर्स में फेलेसियानो लोपेज (स्पेन) को) हराकर हासिल की. टेनिस में 1000 या इससे ज़्यादा एकल मैच जीतने के मामले में नडाल से पहले जिम्मी कॉनर्स (1,274), रोजर फेडरर (1,242) और इवान लेंडल (1,068) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं. अपनी ताज़ा जीत के साथ ही 34 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी नडाल भी इस प्रतिष्ठित समूह में शामिल हो गए हैं.

**ICC ने साउथ अफ्रीका में 2022** में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को तीन महीने आगे बढ़ा दिया है और अब यह टूर्नामेंट फरवरी (9-26 तक) 2023 में खेला जाएगा.

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC)** ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष कर दी है. खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह नियम बनाया गया है. पहले ऐसी कोई न्यूनतम आयु सीमा नहीं थी.

## अक्टूबर



**विष्णु शिवराज पांडियन:** 16 वर्षीय भारतीय शूटर ने अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन शूटिंग चैम्पियनशिप के पांचवें संस्करण में 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता जीती.

**गुरप्रीत सिंह संधू:** भारतीय पुरुष टीम के गोलकीपर और महिला टीम की मिड-फील्डर संजू यादव को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने वर्ष 2019-20 का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर पुरस्कार देने का ऐलान किया है.

**नीतू डेविड:** 90 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में भारत की सबसे बेहतरीन महिला क्रिकेटरों में शामिल रहीं डेविड को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने चार साल की अवधि के लिए 5 सदस्यीय महिला राष्ट्रीय चयन पैनल का अध्यक्ष (भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य चयनकर्ता) नियुक्त किया है.

**ओडिशा सरकार ने** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के साथ अगले तीन वर्षों के लिए भारतीय राष्ट्रीय रग्बी टीम को प्रायोजित करने और उच्च कोटि प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और कंडीशनिंग से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.

### अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

**लुईस हैमिल्टन (टीम मर्सिडीज़ -ग्रेट ब्रिटेन):** पुर्तगाल के अल्गार्वे इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित 2020 पुर्तगाली ग्रैंड प्रिक्स जीती. इस जीत के साथ ही उन्होंने महान जर्मन चालक माइकल शूमाकर का 91 बार जीत हासिल करने का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया.

**वाल्टेरी बोटास (फिनलैंड):** मर्सिडीज़ ड्राइवर ने सोची में आयोजित रूसी ग्रैंड प्रिक्स जीती.

**एलिसा हीली:** ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट स्टार T20 में सबसे अधिक खिलाड़ियों को आउट करने वाले महेंद्र धोनी के विश्व रिकॉर्ड (91) को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंच गयी हैं. उन्होंने ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया) में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ खेलते हुए इसके खिलाड़ी को अपना 92वां शिकार बनाया.

### फ्रेंच ओपन का समापन

राफेल नडाल (स्पेन) ने नोवाक जोकोविच (सर्बिया) को हराकर अपना 13वां फ्रेंच ओपन जीता और रोजर फेडरर के 20 ग्रैंड स्लैम खिताबों के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. विश्व नंबर वन जोकोविच को मिली इस हार ने उनकी 18वां स्लैम जीतने और 1969 में रॉड लेवर के बाद से दो बार सभी चार बड़ी जीत हासिल करने वाला खिलाड़ी बनने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया.

**पोलिश किशोरी इगा** स्वोटेक ने महिला एकल खिताब जीता. उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020 की विजेता सोफिया केनिन (यूएसए) को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता.

**डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट:** डेनमार्क के एंडर्स एंटोसेन ने पुरुषों का एकल खिताब जीता, जबकि जापान की नोज़ोमी ओकुहारा ने ओडेन्स (डेनमार्क) में आयोजित फाइनल में स्पेन की तीन बार की विश्व चैंपियन कैरोलिना मारिन को हराकर महिला एकल खिताब जीता.




# प्रमुख दिवस

## नवंबर

### 1 नवंबर: विश्व वेगन दिवस/ विश्व विशुद्ध शाकाहार दिवस

यह दिवस प्रतिवर्ष दुनिया भर में विशुद्ध शाकाहारी लोगों द्वारा मनाया जाता है. इसका मक़सद लोगों को विशुद्ध शाकाहारी जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करना है, जिसमें न सिर्फ जानवरों का कल्याण निहित बल्कि जो पर्यावरण के हित में भी है. विशुद्ध शाकाहारी लोग वे शाकाहारी हैं जो डेयरी उत्पादों जैसे दूध, पनीर, पनीर आदि और चमड़े इत्यादि का प्रयोग नहीं करते हैं. इसी दिन 1944 में इंग्लैंड में वेगन सोसाइटी की स्थापना हुई थी.

### 5 नवंबर: विश्व सुनामी जागरूकता दिवस

सुनामी आपदा से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर जोखिम कम करने की योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल मनाया जाता है. 'सुनामी' एक जापानी शब्द है जिस का अर्थ है "हार्बर वेव". सुनामी भूकंप या पानी के नीचे आये ज्वालामुखीय विस्फोट और पानी के नीचे हुए भूस्खलन की वजह से जनित भीमकाय लहरों का नाम है. सुनामी की लहरों की गति 800 किमी / घंटे तक हो सकती है और इनकी ऊँचाई 20 फीट से 300 फीट तक हो सकती है.

*संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2030 तक दुनिया की अनुमानित 50 प्रतिशत आबादी तटीय क्षेत्रों में रह रही होगी और उन्हें बाढ़, तूफान, और सुनामी के जोखिम का सामना करना पड़ेगा. इस वर्ष की थीम जापान के सेंडाई में मार्च 2015 में घोषित किये गए "सेंडाई सेवन अभियान" को बढ़ावा देने पर केंद्रित है.*

### 7 नवंबर: राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

यह दिन कैंसर का प्रसार रोकने और इसके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है. कैंसर वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से है और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार 2018 में हर 6 मौतों में से 1 मौत कैंसर के कारण हुई. भारत में कैंसर का एक प्रमुख कारण तंबाकू का सेवन है. तंबाकू चबाने का सीधा संबंध कैंसर से है.

*यह दिन भौतिकी और रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार विजेता रहीं प्रख्यात वैज्ञानिक मेरी क्यूरी की जयंती भी है. रेडियम में उनके गहन शोध की बदौलत कैंसर के इलाज के सर्वाधिक कारगर तरीकों में से एक रेडियोथेरेपी का विकास हुआ था.*

### 8 नवंबर: अंतर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस

1895 में इसी दिन जर्मन वैज्ञानिक विल्हेम कोनराड रोंट्जेन ने 'एक्स-रे' की खोज की थी. इसी वैज्ञानिक घटना की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है. इस दिन का आयोजन इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर्स एंड रेडियोलॉजिकल टेक्नोलॉजिस्ट्स (ISRRT) द्वारा किया जाता है. इसे मनाने का मक़सद रेडियोलॉजी और विभिन्न हाई टेक नैदानिक प्रक्रियाओं जैसे एक्स-रे, एमआरआई स्कैन, अल्ट्रासाउंड इत्यादि में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जागृत करना है.

### 8 नवंबर: "वर्ल्ड टाउन प्लानिंग डे"

इसे विश्व शहरीकरण दिवस के नाम से भी जाना जाता है. इसका उद्देश्य जीवंत शहरी समुदायों के सृजन में योजना की भूमिका को उजागर करना और शहरों और क्षेत्रों के विकास से जनित पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना है. यह आयोजन पेशेवर योजनाकारों और सामान्य समुदाय को इस मक़सद से एक जगह लाने का अवसर है कि हम किस प्रकार से दुनिया को रहने -योग्य और काम करने योग्य आदर्श जगह बना सकते हैं.

### 9 नवंबर: राष्ट्रीय विधिक /कानूनी सेवा दिवस

यह दिन हर साल सभी विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के लागू होने (जिसके ज़रिये लोक अदालतों का गठन किया गया था) की स्मृति में मनाया जाता है. इसे मनाने का उद्देश्य लोगों को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराना और समाज के कमज़ोर वर्गों को नि: शुल्क, अच्छी कानूनी सेवायें देना है.

### 10 नवंबर: शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस

यह दिन यूनेस्को से सक्रिय समर्थन के साथ लोगों को विज्ञान के महत्व और इसमें हुए नवीनतम विकास से अवगत कराने के लिए मनाया जाता है. इस वर्ष  का विषय है- "Science for and with Society in dealing with the global pandemic".

### 11 नवंबर: राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

यह दिन स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री रहे स्वतंत्रता योद्धा मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के तौर पर मनाया जाता है. उन्होंने 1947 से 1958 तक स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया. पहले देश के पहले IIT, IISc, स्कूल ऑफ़ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की स्थापना उनके कार्यकाल में की गई थी.

*उन्हें 1992 में स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद् के रूप में उनके योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया था. उन्होंने 1958 में अंतिम सांस ली थी.*

### 12 नवंबर: विश्व निमोनिया दिवस

5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पायी जाने वाली प्रमुख संक्रामक जानलेवा बीमारी निमोनिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम और उपचार करने के उद्देश्य से हर साल मनाया जाता है. निमोनिया वयस्कों और बच्चों में पाया जाने वाला सबसे गंभीर संक्रमण है, जिसने 2019 में 672,000 बच्चों सहित 25 लकह लोगों की जान ले ली. निमोनिया एक या दोनों फेफड़ों में संक्रमण फैलाकर गंभीर और जानलेवा रूप ले सकता है.

### 12 नवंबर: लोक सेवा प्रसारण दिवस

यह दिवस 1947 में दिल्ली के ऑल इंडिया रेडियो स्टूडियो में महात्मा गांधी के एकमात्र आगमन की याद में हर साल मनाया जाता है. इसी दिन राष्ट्रपिता ने आकाशवाणी से कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में पकिस्तान से आये, अस्थाई रूप से रह रहे विस्थापितों को सम्बोधित किया था.

### 13 नवंबर:  विश्व दयालुता दिवस

यह दिवस समाज में होने वाले नेकी के कामों, सकारात्मक ऊर्जा और हम सबको एक ही धागे में पिरोने वाली दयालुता की डोर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है. इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को "दूसरों के दर्द" को बेहतर ढंग से समझने और उनके जीवन को "सकारात्मक रूप" से छूने के लिए प्रोत्साहित करना है. वर्ष 2020 का विषय है - लोगों में 'समानुभूति' को बढ़ावा देना.

### 14 नवंबर - बाल दिवस

बच्चों के अधिकारों, उनकी देखभाल और शिक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए देश भर में मनाया जाता है. इस दिन बच्चों से अत्यधिक स्नेह करने वाले प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती भी है. ध्यान में रहे कि विश्व बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता है.

### 14 नवंबर - विश्व मधुमेह दिवस

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समर्थित यह दिवस डायबिटीज़ के स्वास्थ्य-संबंधी ख़तरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे विश्व में मनाया जाता है. इसी दिन सर फ्रेडरिक बैंटिंग का जन्म हुआ था, जिन्होंने 1922 में चार्ल्स बेस्ट के साथ मिलकर इंसुलिन की खोज की थी. इस वर्ष का विषय है "द नर्स एंड डायबिटीज़".

मधुमेह नामक बीमारी मेटाबॉलिज़्म में हुए विकार से पैदा होती है, जिसमें शरीर के अंदर रक्त शर्करा का स्तर अधिक हो जाता है और शरीर इसे पचाने हेतु पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता है.

### 16 नवंबर: राष्ट्रीय प्रेस दिवस

यह दिन भारत में स्वतंत्र और ज़िम्मेदार प्रेस की भूमिका के सम्मान में मनाया जाता है.  1966 में इसी दिन प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) ने इस क्षेत्र के नैतिक प्रहरी के रूप में काम करना शुरू किया था. इसके प्रमुख कामों में शामिल हैं - बिना किसी प्रभाव या डर के प्रेस द्वारा उच्च मानकों को बनाए रखना सुनिश्चित करना. संसद द्वारा पारित अधिनियम के अनुसार परिषद को पत्रकारिता के मानकों में सुधार लाने और इसकी स्वतंत्रता बनाए रखने का ज़िम्मा सौंपा गया है.

### अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, यह दिन विभिन्न संस्कृतियों और लोगों के बीच सहिष्णुता स्थापित करने के लक्ष्य से मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1995 में यह दिवस मनाने की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य वृहत्तर पैमाने पर शैक्षणिक संस्थानों और लोगों तक यह संदेश पहुंचाना था कि सहिष्णुता समाज का अभिन्न अंग है.16 नवंबर के चुने जाने का कारण इसी दिन यूनेस्को द्वारा सहिष्णुता के सिद्धांतों का घोषणापत्र जारी किये जाने की जयंती होना है.

### नवंबर (13): विश्व आयुर्वेद दिवस

धनतेरस के शुभ दिन दुनिया भर में मनाया जाता है. माना जाता है कि इस दिन भगवान धनवंतरी अमृत कलश के साथ ही प्रकट हुए थे. भगवान धनवंतरी भगवान विष्णु के अवतार हैं. वेदों और पुराणों में उनका वर्णन देवताओं के वैद्य और आयुर्वेदिक चिकित्सा के जनक के रूप में किया गया है. इस साल भारत में आयुर्वेद दिवस का विषय था-  'कोविड -19 में आयुर्वेद की भूमिका'.

### 17 नवंबर: राष्ट्रीय एपिलेप्सी/ मिरगी दिवस

भारतीय मिरगी फाउंडेशन द्वारा मिरगी और इसके उपचार के तरीकों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है. इस दिन विभिन्न अस्पताल भी मुफ्त उपचार प्रदान करते हैं और रोगियों के लिए परामर्श शिविर आयोजित करते हैं.

मस्तिष्क की कार्यप्रणाली से जुड़ी बीमारी मिरगी में मस्तिष्क के न्यूरॉन्स या इसकी कोशिकाओं में अचानक आये अत्यधिक विद्युतीय प्रवाह के कारण मरीज़ को दौरे पड़ते हैं.

### 18 नवंबर: प्राकृतिक चिकित्सा दिवस

आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (AYUSH) मंत्रालय ने आहार और जीवन शैली में बदलाव कर बीमारियों की रोकथाम करने पर केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2018 में पहला प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया था. नेचुरोपैथी मनुष्य द्वारा शारीरिक, मानसिक, नैतिक और जीवन के आध्यात्मिक तलों पर प्रकृति के रचनात्मक सिद्धांतों के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रणाली है.

### 19 नवंबर: विश्व शौचालय दिवस

इस दिवस को मनाने का लक्ष्य वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए प्रेरक कार्रवाई को उत्साहित करना है. UNO का 6वां सतत विकास लक्ष्य है - 2030 तक सभी के लिए स्वच्छता, पानी की उपलब्धता और इनका सततशील प्रबंधन सुनिश्चित करना. पूरी दुनिया में 4.5 अरब लोगों को सुरक्षित शौचालय उपलब्ध नहीं है और 89. 2 करोड़ लोग अभी भी खुले में शौच करते हैं. इस वर्ष के आयोजन का विषय है - 'सततशील स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन'.

### नवंबर (19): विश्व दर्शन दिवस

समकालीन मानवता के समक्ष चुनौतियों से अधिक प्रभावी तरीके से निपटने हेतु दर्शन के प्रति राष्ट्रीय, उप-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को फिर से मज़बूत करने और प्रमुख समकालीन मुद्दों पर दार्शनिक विश्लेषण, अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए नवंबर के तीसरे गुरुवार को दुनिया भर में मनाया जाता है. इस वर्ष के आयोजनों में दुनिया के समक्ष मौजूद चुनौतियों से निपटने में दार्शनिक सोच के महत्व पर ध्यान दिया जाएगा. विशेषतय: इस वर्ष के आयोजन में COVID-19 महामारी के अर्थ पर चिंतन -मनन किया जाएगा.

### 19 नवंबर: महिला उद्यमिता दिवस

दुनिया भर में महिला उद्यमिता का जश्न मनाने, इसका सम्मान और इसकी सराहना करने के उद्देश्य से हर साल मनाया जाता है. उद्यमी बनने की इच्छुक सभी महिलाओं के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है. महिलाएं बदलाव लाने में महत्वपूर्ण कारक हैं और वे अर्थव्यवस्था और समाज को कोविड संकट से सततशील और समावेशी तरीके से उबारने में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती हैं.

### 19 नवंबर: अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

यह दिन राष्ट्र, समाज, समुदाय, परिवार, विवाह और बच्चों की देखभाल में पुरुषों और लड़कों की उपलब्धियों और उनके योगदान के स्मरण का अवसर है.

भारत में यह आयोजन पहली बार इंडियन फैमिली नामक पुरुष अधिकारों से जुड़े भारतीय संगठन द्वारा 19 नवंबर, 2017 को किया गया था. इस वर्ष के आयोजनों का विषय था - पुरुषों और लड़कों का बेहतर स्वास्थ्य, जिसका उद्देश्य पुरुष आबादी के स्वास्थ्य और कल्याण में बेहतरी लाना था.

### 20 नवंबर: विश्व बाल दिवस

यूनिसेफ द्वारा समर्थित यह दिवस दुनिया भर में बच्चों की दशा में सुधार करने और उनके अधिकारों को प्रोत्साहन देने के लिए मनाया जाता है.

यह आयोजन उस तिथि की वर्षगांठ भी है, जिस दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकार घोषणा-पत्र और बाल अधिकार परिपाटी, दोनों को अंगीकार किया था. यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस अवसर पर बच्चों के अधिकारों की वकालत में मज़ेदार तरीके से गंभीर संदेश दिया जाता है और ऐसे कामों का आह्वान किया जाता है जो बच्चों के लिए बेहतर दुनिया का सृजन करने में सहायक हो सकते हैं.

### 20 नवंबर: आवास दिवस

2016 में आगरा (उत्तर प्रदेश) में इसी दिन हुए प्रधानमंत्री आवास योजना नामक ग्रामीण आवास योजना के शुभारंभ की वर्षगांठ मनाने के लिए हर साल आयोजित किया जाता है. इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2022 तक सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस 2.95 करोड़ घर बनाकर 2022 तक 'सभी के लिए आवास' उपलब्ध कराना है. योजना के तहत अब तक 1.20 करोड़ घर बनाये जा चुके हैं.

### 21 नवंबर: विश्व मत्स्य दिवस

यह दिवस मत्स्य पालन और स्वस्थ महासागरों के पारिस्थितिकी तंत्र के स्थायी भंडार को सुनिश्चित करने के लिए मछुआरा समुदाय द्वारा दुनिया भर में मनाया जाता है. इसका उद्देश्य अत्यधिक मछलियां पकड़ने और मशीनीकरण जैसी समस्याओं को उजागर करने के साथ साथ दुनिया भर में मछलियों का जीवन बनाए रखने के महत्व को दर्शाना है. नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार भारत वर्तमान में वैश्विक मछली उत्पादन में लगभग 7.7 प्रतिशत का योगदान देता है और यह मछली उत्पादों के वैश्विक निर्यात में चौथे स्थान पर है.

### 21 नवंबर: विश्व टेलीविजन दिवस

यह दिवस जनमानस की निर्णय लेने की क्षमताओं पर टेलीविज़न के बढ़ते प्रभाव को उजागर करने, विश्व शांति के समक्ष मौजूदा खतरों की ओर विश्व का ध्यान आकर्षित करने और आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है.

संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) ने टेलीविजन को जनमानस के विचारों और वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक माना है. टेलीविजन का आविष्कार 1924 में जॉन लोगी बेयर्ड ने किया था.

### नवंबर (24): राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) दिवस

1948 में नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर की पहली इकाई की स्थापना के उपलक्ष्य में हर नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है. NCC का उद्देश्य युवाओं में चरित्र, बंधुत्व (कामरेडशिप), अनुशासन, धर्मनिरपेक्षता, रोमांच की भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्श विकसित करना है.

## 25 नवंबर: अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस

यह दिन महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के उन्मूलन के लिए 16 दिनों के आयोजन की शुरुआत है, जो 10 दिसंबर 2020 को अतंरराष्ट्रीय मानवाधिकार वाले दिन समाप्त होगा.

*इसका उद्देश्य पूरे विश्व में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने की दिशा में समर्पित नीति निर्धारण और संसाधनों को प्रोत्साहन देना है. इस वर्ष इस दिन का विषय है- Orange the World: Fund, Respond, Prevent, Collect!". इसका केंद्र बिंदु मौजूदा महामारी के दौरान हिंसा के उत्तरजीवी लोगों हेतु आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए धन जुटाने पर ध्यान केंद्रित करना है.*

## 26 नवंबर: राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

भारत के सफलतम डेयरी उद्यम अमूल के प्रवर्तक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. उन्हें 'ऑपरेशन फ्लड' शुरू कर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बनाने का श्रेय जाता है. उन्हें भारत में 'श्वेत क्रांति के जनक' के रूप में भी जाना जाता है. उन्हें वर्ष 1965 में पद्मश्री, वर्ष 1966 में पद्म भूषण और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था. उनका 90 वर्ष की आयु में 9 सितंबर, 2012 को निधन हो गया था.

*कृपया ध्यान दें कि विश्व दूध दिवस 1 जून को मनाया जाता है.*

## 26 नवंबर: संविधान दिवस

इसी दिन 1949 में संविधान निर्मात्री सभा ने भारतीय संविधान अपनाया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया. इसके लागू होने से भारत के इतिहास में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के तहत नए युग की शुरुआत हुई. इस अवसर पर भारतीय संविधान के जनक माने जाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है. उन्होंने दुनिया का सबसे लंबा और सबसे भारी भरकम संविधान तैयार किया, जिसमें 448 धाराएं और 12 अनुसूचियां शामिल थीं.

*इस दिन को राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में भी जाना जाता है.*

## 27 नवंबर: भारतीय अंगदान दिवस



इसे मनाने का उद्देश्य अंगदान के मामले में मिथकों को दूर कर लोगों को ज़रूरतमंदों के लिए अंगदान करने को प्रेरित करना है. स्वस्थ अंगों वाले व्यक्तियों द्वारा अंगदान हेतु आगे आने से बहुत से लोगों को नया जीवनदान मिल सकता है.

*कृपया ध्यान दें कि 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है.*

*विश्व विरासत सप्ताह: 19-25 नवंबर*

*यूनेस्को द्वारा समर्थित यह सप्ताह 19 से 25 नवंबर तक हर साल मनाया जाता है. भारत में 38 वैश्विक धरोहर दर्जे वाले यूनेस्को स्थल हैं, जिनमें 30 सांस्कृतिक स्थल, 7 प्राकृतिक स्थल और एक मिश्रित स्थल शामिल हैं. आम जनता को सांस्कृतिक विरासत और स्मारकों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से यह सप्ताह दुनिया भर में मनाया जाता है.*

# अक्टूबर

## 1 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

यह दिवस आज के परिप्रेक्ष्य में वृद्ध लोगों के समक्ष उपलब्ध अवसरों और उनके सामने पेश चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है. इस वर्ष के आयोजनों का विषय है - "Pandemics: Do They Change How We Address Age and Ageing?"

## 1 अक्टूबर: विश्व शाकाहारी दिवस

इस दिन को मनाने का उद्देश्य शाकाहारी भोजन के अनगिनत स्वास्थ्य लाभों को उजागर करना है, जिससे बेहतर दुनिया का निर्माण हो सके चूंकि शाकाहारी भोजन सर्वांगीण रूप से लाभकारी है. शाकाहारी भोजन पोषक तत्वों और प्रोटीन से भरा होता है जो शारीरिक प्रतिरक्षा बढ़ाने में मदद करता है.

यह दिन पहली बार उत्तरी अमेरिकी शाकाहारी सोसायटी द्वारा 1977 में शुरू किया गया था और 1978 में अंतर्राष्ट्रीय शाकाहारी संघ द्वारा इसका समर्थन किया गया था.

## 1 अक्टूबर: राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस

यह दिन मानव जीवन में सुरक्षित रक्त की आवश्यकता और इसका महत्व उजागर करने के उद्देश्य से मनाया जाता है. इस दिवस का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद (NBTC) और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (NACO) द्वारा किया जाता है. स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में, खासकर COVID- 19 महामारी के चलते, ज़रूरतमंदों को रक्त या इसके कुछ घटक दान करना आधुनिक मानव जीवन का अभिन्न अंग बन गया है. NBTC - National Blood Transfusion Council

## 2 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस

महात्मा गांधी के अहिंसा के संदेश की स्मृति में मनाया जाता है. उन्होंने कहा था कि "अहिंसा मानव जाति के पास सबसे बड़ी ताकत है. यह मनुष्य की मानसिक क्षमताओं द्वारा निर्मित सर्वाधिक शक्तिशाली विनाशक हथियार से भी अधिक शक्तिशाली है". 15 जून, 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अहिंसा का संदेश फैलाने के लिए इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाये जाने से संबंधित प्रस्ताव पारित किया था.

## अक्टूबर (5) विश्व पर्यावास दिवस (वर्ल्ड हैबिटेट डे)

यह दिन दुनिया के सभी नागरिकों को शहरों और कस्बों के भविष्य को आकार देने की दिशा में उनके कर्तव्य की याद दिलाने के लिए हर साल अक्टूबर के पहले सोमवार को मनाया जाता है. इसका उद्देश्य हमारे कस्बों और शहरों की स्थिति और आवस के हमारे मूल अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है. इस वर्ष का यह आयोजन शहरी क्षेत्रों में आवास पर महामारी के प्रभाव को लेकर है, क्योंकि लॉकडाउन के दौरान कई लोगों को नकदी संकट का सामना करना पड़ा और वे किराया देने में असमर्थ थे. इस वर्ष का विषय है- 'हाउसिंग फॉर ऑल: बेहतर शहरी भविष्य'. कोविड -19 महामारी के चलते सिर छुपाने की जगह होना पहले से कहीं अधिक ज़रूरी हो गया है.

### 5 अक्टूबर: विश्व शिक्षक दिवस

यह दिन दुनिया भर में शिक्षण के पेशे को सलाम करने, उपलब्धियों का जायज़ा लेने और शिक्षकों की बात पर ध्यान आकर्षित करने का अवसर है. यह दिवस सभी के लिए समावेशी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को याद करने का सुअवसर है. इस वर्ष का विषय है- "शिक्षक: संकट काल में अग्रणी, पुन: भविष्य की परिकल्पना"

### 4 अक्टूबर: विश्व पशु दिवस

जानवरों की प्रजातियों के कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल मनाया जाता है. यह दिन हमें जानवरों की देखभाल और सुरक्षा करने और उनके बारे में जागरूकता फैलाने का महत्व सिखाने का अवसर है. इसी दिन जानवरों के संरक्षक माने जाने वाले असीसी के सेंट फ्रांसिस का पर्व भी मनाया जाता है. यह दिवस पहली बार जर्मनी के बर्लिन में 1925 में मनाया गया था.

### 8 अक्टूबर: वायु सेना दिवस

इंग्लैंड की रॉयल एयर फोर्स के सहायक बल के रूप में भारतीय वायु सेना की इसी दिन 1932 में हुई स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी भारतीय वायु सेना के पहले भारतीय प्रमुख थे. वर्तमान में इसकी अध्यक्षता एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया कर रहे हैं.

### 7 अक्टूबर: विश्व कपास दिवस

यह दिन प्राकृतिक फाइबर के रूप में कपास के गुणों से लेकर लोगों को इसके उत्पादन, परिवर्तन, व्यापार और उपभोग से प्राप्त होने वाले लाभों पर प्रकाश डालने का अवसर है. इसका उद्देश्य कपास की पसंदीदा कच्चे माल के तौर पर मांग बढ़ाना और इसके लाभों के बारे में प्रमुख हितधारकों को जागरुक करना है. भारत हर साल औसतन 5,770 हज़ार मीट्रिक टन कपास का उत्पादन करता है, जिसकी बदौलत यह दुनिया का सबसे बड़ा कपास उत्पादक देश है.

### 8 अक्टूबर: विश्व दृष्टि दिवस

यह दिवस अंधेपन और दृष्टि संबंधी दोषों पर वैश्विक ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से अक्टूबर के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है. आंखों की रोशनी कम होने या न होने से जीवन के सभी पहलुओं पर गहरा और दीर्घावधि प्रभाव पड़ सकता है. दुनिया में लगभग 100 करोड़ ऐसे लोग हैं, जिन्हें दृष्टि दोष हैं या फिर अभी तक उनका इलाज नहीं हुआ है. इस वर्ष इस दिवस का विषय है- 'Hope in Sight'

### 9 अक्टूबर: विश्व अंडा दिवस

अंडों के आहारगत लाभों और मानव पोषण में उनके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष अक्टूबर के दूसरे शुक्रवार को मनाया जाता है. इस दिवस के आयोजन की घोषणा 1996 में हुए IEC वियना सम्मेलन में की गई थी. अच्छी गुणवत्ता वाले प्रोटीन से भरपूर होने के अलावा अंडे कोलीन का भी उत्तम स्रोत हैं, जो स्मृति और मस्तिष्क विकास में मददगार है.

### 9 अक्टूबर: विश्व डाक दिवस

यह दिन स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 1874 में हुई यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU) की स्थापना की सालगिरह पर हर साल मनाया जाता है. 1969 में टोक्यो (जापान) में आयोजित हुए एक समारोह के दौरान UPU कांग्रेस ने इसे विश्व डाक दिवस घोषित किया था. इस आयोजन का उद्देश्य व्यवसायों और लोगों के रोज़मर्रा के जीवन में डाक क्षेत्र की भूमिका और सामाजिक और आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है.

*भारत में विश्व का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क है, जिसमें 1,55,000 से अधिक कार्यालय हैं. भारत में पहला पोस्ट ऑफिस कलकत्ता जी.पी.ओ. पोस्टमास्टर जनरल की सरपरस्ती में 1774 में शुरू हुआ था. भारत में 1 जुलाई, 1852 को पहली बार डाक टिकट की शुरुआत हुई थी.*

### 10 अक्टूबर: विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

यह दिवस प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण की आवश्यकता पर ज़ोर देने का अवसर है और वर्ष में दो बार (मई और अक्टूबर के दूसरे शनिवार को) मनाया जाता है. इस आयोजन का उद्देश्य प्रवासी पक्षियों, उनके पारिस्थितिकीय महत्व और उनके संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है. बीजों के फैलाव, परागण, कीट नियंत्रण आदि जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाले प्रवासी पक्षी हमारे और हमारे ग्रह के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत फायदेमंद हैं. इस वर्ष का विषय है- "दुनिया को एक धागे में पिरोते हैं पक्षी"

### 10 अक्टूबर: विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा समर्थित यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़े सभी मिथकों को दूर करने के उद्देश्य से मनाया जाता है. इस वर्ष महामारी ने मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को और बढ़ा दिया है. इस वर्ष का विषय है- "सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य: अधिकाधिक निवेश, अधिकाधिक पहुंच". यह विषय अधिक मनोवैज्ञानिक मदद की आवश्यकता, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निवेश और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण होने वाली मौतों को कम करने पर केंद्रित है.

### 11 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

दुनिया भर में बालिकाओं को दरपेश समस्याओं जैसे लैंगिक असमानता, यौन शोषण और कन्या भ्रूण हत्या को उजागर करने हेतु हर साल मनाया जाता है. इस आयोजन का लक्ष्य विश्व भर में बालिकाओं के समक्ष चुनौतियों एवं कठिनाईयों को पहचान कर उनके सशक्तीकरण और उन्हें उनके मानवाधिकारों दिलाने को प्रोत्साहित देना है. इस वर्ष का विषय है- 'हमारी आवाज़ और हमारा समान भविष्य' ग़ौरतलब है कि भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है.

### 12 अक्टूबर: विश्व गठिया (आर्थराइटिस) दिवस

यह दिन गठिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है. उम्र के साथ बढ़ने वाली इस सूजन में जोड़ों में दर्द होता है और वे कठोर हो जाते हैं. इस वर्ष का विषय है- Time2Work. गठिया जोड़ों की सूजन से संबंधित बीमारी है, जिसके कारण एक या कई जोड़ों में दर्द, अकड़न या सूजन आ जाती है.

## 13 अक्टूबर: राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रह दिवस

यह दिवस डाक टिकट संग्रह तथा डाक टिकटों और डाक संबंधी अन्य उत्पादों के बारे में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है. डाक टिकट संग्रह का उद्देश्य डाक टिकटों और डाक इतिहास का अध्ययन करना है.

## 13 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस

संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा समर्थित यह दिवस हर साल प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें कम करने की वैश्विक संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय आपदा जोख़िम प्रशासन से संबंधित है. आपदा जोख़िम प्रशासन की गुणवत्ता बचाई गई ज़िंदगियों, आपदा प्रभावित लोगों की संख्या में कमी और उन्हें हुए आर्थिक नुकसान के संदर्भ में मापी जा सकती है.

## 14 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस

यह दिवस नियामकों, उद्योग और उपभोक्ताओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था में मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए विश्व स्तर पर मनाया जाता है. ये मानक औद्योगिक क्रांति लाने में मददगार रहे थे और आजकल ये वाहनों से लेकर दूरसंचार तक सभी प्रौद्योगिकियों को और उन्नत बनाने में योगदान दे रहे हैं. वर्ष 2020 का विषय है- “मानकों की बदौलत ग्रह की रक्षा”

## 14 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय ई-कचरा दिवस

इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पुन: उपयोग, मरम्मत, बहाली और रीसाइक्लिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रयुक्त उपकरणों की मरम्मत या उनके उचित निपटान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है. इसे WWEE फोरम ने विकसित किया है, जो इलेक्ट्रॉनिक कचरा संग्रह योजनाओं का अंतरराष्ट्रीय संघ है.

*संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक ई-कचरा मॉनिटर 2020 के अनुसार वर्ष 2019 में दुनिया भर में 5. 36 करोड़ मीट्रिक टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हुआ था. ई-कचरा कचरे का सबसे अधिक तेज़ी से बढ़ रहा प्रकार है लेकिन यह कचरे की सबसे मूल्यवान किस्म भी है. एक टन ई-कचरे में विद्यमान चांदी की मात्रा चांदी के एक टन अयस्क में विद्यमान चांदी की मात्रा से अधिक होती है.*

## 15 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस

यह दिन ग्रामीण परिवारों और समुदायों की सततशीलता सुनिश्चित करने, ग्रामीण आजीविकाओं और समग्र हित में सुधार लाने में महिलाओं और कन्याओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देने के लिए मनाए जाता है. इस वर्ष का विषय है -"Building rural women’s resilience in the wake of COVID-19"

इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आजीविका और उनका बेहतर कल्याण सुनिश्चित करना है.

## 15 अक्टूबर: विश्व छात्र दिवस

यह दिन पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र ने 2010 में 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस घोषित किया था. अपना पसंदीदा काम यानी शिक्षण करते हुए ही राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की 27 जुलाई, 2015 को मृत्यु हुई थी. उनका जीवन शिक्षण को समर्पित रहा और उनकी नज़र में उनकी सर्वोपरि व्यक्तिगत पहचान एक शिक्षक के तौर पर थी. उन्होंने 11वें राष्ट्रपति के रूप में 2002 से 2007 तक देश की सेवा की. इस वर्ष का विषय है- "Learning for people, planet, prosperity, and peace”.

## 15 अक्टूबर: राष्ट्रीय महिला किसान दिवस

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा समर्थित यह दिवस बुवाई, रोपण, निषेचन, पौधों की सुरक्षा, कटाई, निराई और भंडारण सहित विभिन्न कृषिगत गतिविधियों में महिला किसानों के योगदान के सम्मान में मनाया जाता है. इस दिन का उद्देश्य कृषि में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है.

## 15 अक्टूबर: विश्व हैंडवाशिंग डे

लोगों को साबुन से हाथ धोने के फायदों के प्रति जागरूक करने, उनमें हाथ धोने की आदतों को विकसित करने और दुनिया भर में हैंडवाशिंग की स्थिति उजागर करने के लिए हर साल मनाया जाता है. इस साल कोरोनावायरस के खिलाफ हाथ धोने से मिलने वाली सुरक्षा के मद्देनज़र इस दिन का विशेष महत्व है. इस वर्ष का विषय है -"Hand Hygiene for All".

## 16 अक्टूबर: विश्व खाद्य दिवस

1945 में कनाडा के क्यूबेक सिटी में इस दिन हुई संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की स्थापना के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है. यह दिन भुखमरी से पीड़ित लोगों के बारे में जागरूकता फैलाने और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय है- “Grow, nourish, sustain. Together. Our actions are our future." इस वर्ष का विश्व खाद्य दिवस आयोजन COVID -19 की प्रतिक्रिया के तौर पर खाद्य और कृषि की महत्त्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने को समर्पित है. वर्तमान में FAO का मुख्यालय रोम (इटली) में स्थित है.

FAO- Food and Agriculture Organization

## 17 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस

विश्व भर में गरीबी के उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है.

यह आयोजन शांति और प्रेम का संदेश फैलाने और गरीबी, भुखमरी, हिंसा और भय के शिकार लोगों को सम्मान देने का अवसर है. इस वर्ष का विषय है- "Acting together to achieve social and environmental justice for all”. हर साल लाखों लोग गरीबी और हिंसा के कारण काल के गर्त में समा जाते हैं और इसलिए इस मुद्दे के बारे में दुनिया भर में जागरूकता फैलाना बहुत महत्वपूर्ण है.

## 20 अक्टूबर: विश्व सांख्यिकी दिवस

संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकीय आयोग द्वारा समर्थित यह दिवस हर 5 साल के बाद मनाया जाता है. इस साल का यह आयोजन तीसरा विश्व सांख्यिकी दिवस है. यह दिन इस बात का स्मरण कराने का अवसर है कि गुणवत्तापूर्ण डेटा और आँकड़े समाज के सभी अंगों द्वारा समझ-बूझ भरे

निर्णय लेने हेतु अपरिहार्य हैं. इस वर्ष का विषय है - "Connecting the world with data we can trust". यह विषय राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों में विश्वास, आधिकारिक डेटा, नवाचार और लोक कल्याण के महत्व को दर्शाता है. *कृपया ध्यान दें कि भारत में "राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस" 29 जून को मनाया जाता है.*

### 20 अक्टूबर: विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस

यह दिन लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के महत्व के बारे में शिक्षित करने, उन्हें शरीर की देखभाल करने एवं अपनी हड्डियों और मांसपेशियों को जानलेवा बीमारियों से बचाने को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है. हड्डियों के इस रोग में फ्रैक्चर होने का खतरा काफी बढ़ जाता है.
*ऑस्टियोपोरोसिस का अर्थ है झरझरी हड्डियां. इस रोग में हड्डियों का घनत्व और गुणवत्ता कम हो जाती है और उनमें फ्रैक्चर होने की संभावना बहुत बढ़ जाती है.*

### 20 अक्टूबर: राष्ट्रीय एकजुटता दिवस

यह दिन हमारी बृहद सीमाओं की रक्षा करने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान और इसी दिन 1962 में शुरू हुए चीन-भारत युद्ध में भारतीय बलों द्वारा दिखाए गए शौर्य के सम्मान में मनाया जाता है.

### 21 अक्टूबर: पुलिस स्मरणोत्सव दिवस

यह दिन राष्ट्र के लिए पुलिस कर्मियों की वफादारी और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करने के लिए प्रति वर्ष मनाया जाता है. इस दिन 1959 में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स के दुर्गम इलाके में चीनी सेना का सामना करते हुए वीरता और बलिदान की गाथा लिखी थी. इस लड़ाई में देश की रक्षा में सीआरपीएफ के दस जवान शहीद हो गए थे.

### 22 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय हकलाहट जागरूकता दिवस

यह दिवस हकलाने वालों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जनता को इसके कारणों के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है. हकलाना (स्टैमरिंग या स्टटरिंग) नामक विकार से पीड़ित व्यक्ति का बोलना प्रभावित होता है. इस संचारगत विकार में पुनरावृत्ति या ध्वनियों और शब्दांशों में असामान्य ठहराव बोलने के प्रवाह को बाधित करते हैं. कई मामलों में बोलने में बाधा के साथ साथ चेहरे और शरीर की असमामान्य गतिविधियां भी शामिल हो सकती हैं.

### 24 अक्टूबर: संयुक्त राष्ट्र दिवस

इसी दिन 1945 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र की सालगिरह के मौके पर मनाया गया. 26 जून, 1945 को हस्ताक्षरित हुआ संयुक्त राष्ट्र चार्टर वैश्विक शांति और समानता के लिए कार्यरत इस तटस्थ संस्था का मूल दस्तावेज़ है. इस आयोजन का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र संघ और इसकी विशेष एजेंसियों के कार्य, भूमिका और उपलब्धियों पर ध्यान आकृष्ट करना है. एंटोनियो गुटेरेस 193 सदस्य वाले संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव हैं.

### 24 अक्टूबर: विश्व पोलियो दिवस

पोलियो टीकाकरण और पोलियो उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है. इस दिन की शुरुआत रोटरी इंटरनेशनल द्वारा जोनस साल्क के जन्मदिन के उपलक्ष्य में की गई थी, जिन्होंने पोलियोमाइलाइटिस का टीका विकसित करने वाली पहली टीम का नेतृत्व किया था. इस वर्ष के आयोजन का विषय है - "A win against polio is a win for global health". अगस्त 2020 तक उपलब्ध आकड़ों के अनुसार वर्तमान में अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही मात्र दो देश बचे हैं, जहां पोलियो का प्रकोप अब भी बना हुआ है.

### 27 अक्टूबर: विश्व ऑडियो विजुअल विरासत दिवस

यूनेस्को समर्थित यह दिवस फिल्मों, रेडियो और टेलीविजन कार्यक्रमों आदि जैसे दृश्य-श्रव्य दस्तावेज़ों के महत्व और तुरंत कदम उठाने की ज़रूरत के बारे में सामान्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है. दुनिया को समझने और दूसरे व्यक्तियों के साथ जुड़ने की हमारी इच्छा के कारण ही ऑडियो-विज़ुअल सामग्री हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. वर्ष 2020 का विषय है- "Your window to the World"

### 29 अक्टूबर: अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस

यह दिवस वर्ष 1969 में इसी दिन हुए हुए इंटरनेट के सर्वप्रथम उपयोग की वर्षगांठ के स्मरण में मनाया जाता है. हालांकि इससे पहले हुए लाखों अन्य महान आविष्कारों के बिना इंटरनेट का विकास संभव नहीं था, लेकिन इसके अलावा किसी अन्य आविष्कार के बारे में सोचना भी मुश्किल है, जिसका मानव जाति पर इतना बड़ा प्रभाव पड़ा हो. 56 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ भारत दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाज़ार है.

### 30/31 अक्टूबर: विश्व बचत दिवस

30 अक्टूबर को भारत में मनाया जाने वाला यह दिवस बचत के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने को समर्पित है. यह समाज के सभी वर्गों में बचत को बढ़ावा देने के लिहाज़ से महत्वपूर्ण आयोजन है. चूंकि हमें वित्तीय संसाधन कभी भी बहुतायत में उपलब्ध नहीं होते हैं, इसलिए धन की बचत करना और इसे बचाने के तरीके सीखना हमेशा से ही महत्त्वपूर्ण रहा है.

### 31 अक्टूबर: राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को मनाने के लिए मनाया जाता है. यह इंदिरा गांधी का शहादत दिवस भी है.

### 31 अक्टूबर: विश्व शहर दिवस/ विश्व नगर दिवस

जनसंख्या और समस्याओं के तेजी से विकास के मद्देनजर नियोजित और टिकाऊ शहरी जीवन के लिए एक साथ काम करने के लिए यह दिवस दुनिया भर में मनाया गया. इस वर्ष इस दिवस का विषय है- "बेहतर शहर, बेहतर जीवन" जो शहरीकरण पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान केंद्रित करने के लिए विकास के लिए एक केंद्रीय मुद्दा है. इस दिवस को मनाने का उद्देश्य वैश्विक शहरीकरण तथा शहरीकरण की चुनौतियों के लिए देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना तथा सतत शहरी विकास में योगदान देना है.

ALL THE NEWS ITEMS IN THIS MAGAZINE HAVE BEEN SOURCED FROM VARIOUS NEWS PAPERS AND GOVT. PRESS RELEASES

# BULLET NEWS
## (जून – सितम्बर 2020)
For details please visit our website: www.gyanm.in

# राष्ट्रीय समाचार
## सितम्बर

- सार्वजनिक इंजीनियरिंग कंपनी BHEL (भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्ज़ लिमिटेड) ने भारत में मैग्लेव ट्रेन परियोजनाओं के विकास के लिए स्विट्जरलैंड की कंपनी स्विसरैपिड एजी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर को वर्चुअल मोड में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) को संबोधित किया.
- 75वीं UNGA का थीम है - 'भविष्य जो हम चाहते हैं, संयुक्त राष्ट्र जिसकी हमें जरूरत है, कोविड-19 से प्रभावी बहुआयामी कदम के माध्यम से संघर्ष में हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता.'
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) द्वारा एक आभासी मंच पर आयोजित, पहली बार विश्व प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 8 सितंबर को आयोजित किया गया.
- 5वें ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की बैठक रूसी संघ के अध्यक्ष के तहत एक वीडियो सम्मेलन के माध्यम से आयोजित की गई.
- भारत को आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) के एक निकाय (महिलाओं के सीएसडब्ल्यू) के आयोग के सदस्य के रूप में चुना गया है.
- भारत 2021 से 2025 तक चार वर्षों के लिए 45 सदस्यों की प्रतिष्ठित संस्था का सदस्य होगा.
- 96.2 प्रतिशत साक्षरता वाला केरल एक बार फिर से देश में सबसे साक्षर राज्य के रूप में उभरा है. इसके बाद दिल्ली (88.7%) और उत्तराखंड (87.6%) हैं.
- 66.4 % की साक्षरता वाला आंध्र प्रदेश इस सूची में सबसे नीचे है, जिसके ऊपर राजस्थान (69.7%) और बिहार (70.9%) आते हैं.
- देश में कुल मिलाकर साक्षरता दर लगभग 77.7% है; ग्रामीण क्षेत्रों में 73.5% और शहरी क्षेत्रों में 87.7%; लिंगानुसार पुरुष साक्षरता 84.7% और महिलाओं में 70.3% है
- तीसरा राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में मनाया गया. हर साल प्रधानमंत्री पोषण अभियान के तहत यह माह हर साल मनाया जाता है.
- POSHAN:PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
- अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) ने भारत को हरित भवन विकसित करने और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों का विस्तार कर शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए दो खरब डॉलर देने का ऐलान किया है.
- 87 वर्ष पुरानी भारतीय मेडिकल काउंसिल को समाप्त करके इसकी जगह चिकित्सा शिक्षा के नए नियामक निकाय राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) ने 25 सितंबर से काम करना शुरू कर दिया.
- भारत और मालदीव के बीच सीधी कार्गो फेरी सेवा 21 सितंबर को शुरू हो गई. शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित यह फैरी सेवा महीने में दो बार चलेगी.
- कोंकण रेलवे ने 84.65 करोड़ नेपाली रुपये की कीमत पर दो आधुनिक डीज़ल-इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (DMUC) ट्रेनें नेपाल रेलवे को उपलब्ध कराई हैं.
- यह नेपाल में पहली ब्रॉड-गेज रेलवे सेवा होगी. इन ट्रेनों का निर्माण इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा किया गया है.
- भारत के पहले एकमात्र निजी जेट टर्मिनल का 17 सितंबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उद्घाटन किया गया.
- लोकसभा ने संसद के सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2020 को 15 सितंबर को पारित कर दिया.
- इस विधेयक में कोरोना फाइटिंग ऑपरेशन को सहायता प्रदान करने के लिए सांसदों और मंत्रियों के वेतन और भत्तों में एक साल तक तीस प्रतिशत की कटौती का प्रावधान किया गया है.
- सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा तय किए गए 30 सितंबर तक अंतिम वर्ष की परीक्षा दिए बिना नहीं पदोन्नत किया जा सकता है.

- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) में भारत पहली बार शीर्ष 50 देशों में शामिल हुआ है. 2019 के बाद से भारत चार पायदान की छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गया है.
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने स्मारकों के प्रबंधन में सुधार के लिए सात नए प्रशासनिक हलकों (सर्कलों) की स्थापना की घोषणा की है.
- संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं मानव सुरक्षा संस्थान, बॉन (जर्मनी) द्वारा जारी किए गए वर्ल्ड रिस्क इंडेक्स (WRI) 2020 में भारत को 181 देशों में 89वां स्थान दिया गया.
- ग्लोबल इकोनामिक फ्रीडम इंडेक्स (वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक) 2020 में भारत 26 पायदान खिसक कर 105वें स्थान पर आ गया है.
- 51वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) वर्चुअल और भौतिक प्रारूप, दोनों में ही, अगले साल गोवा में 16 से 24 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा.

## अगस्त

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार और सार्वजनिक बैंकों में अराजपत्रित पदों पर चयन के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (CET) आयोजित करवाने हेतु राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की स्थापना के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है.
  - ✓ यह एजेंसी शुरुआत में 3 भर्ती एजेंसियों - कर्मचारी चयन आयोग (SSC), रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (IBPS) की जगह लेगी.
  - ✓ NRA स्नातक, उच्च माध्यमिक (12वीं पास) और मैट्रिक (10वीं पास) वाले उम्मीदवारों के लिए अलग -अलग CET आयोजित करेगा.
  - ✓ CET बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पत्रों के आधार पर प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए होगा
  - ✓ CET वर्ष में दो बार आयोजित किया जाएगा और इस का स्कोर तीन साल के लिए वैध होगा
  - ✓ उम्मीदवार द्वारा सीईटी में किए जाने वाले प्रयासों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, जब तक कि वो ऊपरी आयु सीमा के अंदर है.
  - ✓ CET देश के विभिन्न हिस्सों से उम्मीदवारों के लिए उसकी सुविधा के अनुसार कई भाषाओं में उपलब्ध होगा.
  - ✓ सभी जिलों में कम से कम एक केंद्र होगा जो विशेष रूप से महिला उम्मीदवारों को बहुत लाभान्वित करेगा.
- लगभग पांच शताब्दियों के लंबे इंतज़ार के बाद प्रधानमंत्री ने अयोध्या में चांदी की करणी से 40 किलोग्राम की चांदी की शिला और अन्य प्रतीकात्मक पावन सामान रख मंदिर का भूमिपूजन कर राम मंदिर की आधारशिला रखी.
  - ✓ 161 फीट ऊंचे और तीन मंज़िला भव्य मंदिर के भू तल पर रामलला का मंदिर और पहली मंज़िल पर राम दरबार होगा.
- प्रधान मंत्री ने 'एक विश्व, एक सूर्य, एक ग्रिड' (One Sun One World One Grid- OSOWOG) या दुनिया भर में सौर ऊर्जा की आपूर्ति करने वाली ट्रांस-नेशनल बिजली ग्रिड नामक मेगा योजना की शुरुआत की.
  - ✓ यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 140 देशों को साझा ग्रिड के ज़रिए जोड़ेगा, जिसका उपयोग सौर ऊर्जा के स्थानांतरण में किया जाएगा.
- भारत जैविक किसानों की कुल संख्या के मामले में 'नंबर वन' और जैविक खेती के तहत कुल क्षेत्रफल की दृष्टि से नौवें स्थान पर है .
  - ✓ सिक्किम पूरी तरह से जैविक खेती वाला दुनिया का पहला राज्य बन गया है यही नहीं, त्रिपुरा एवं उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों ने भी ठीक इसी तरह के लक्ष्य तय किए हैं.
- भारतीय केंद्रीय जल आयोग (CWC) ने गूगल के सहयोग से बाढ़ का पूर्वानुमान जारी करने की पहल की शुरूआत की है और पूरे देश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को कई सार्वजनिक अलर्ट भेजे हैं.
- ब्रिटेन सरकार ने COVID-19 और पर्यावरणीय खतरों जैसी सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों से निपटने में शिक्षण और उद्योग में कार्यरत वैज्ञानिकों को मदद देने के लिए भारत में 30 लाख पाउंड का "इनोवेशन चैलेंज फंड" लॉन्च किया है.
- सरकार ने सभी सीमावर्ती और तटीय ज़िलों में रह रहे युवाओं की आकांक्षाओं के मद्देनज़र राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) विस्तार योजना के के तहत 173 सीमांत और तटीय ज़िलों से एक लाख कैडेटों को एनसीसी में शामिल किया जाएगा.
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ने लगातार दूसरे वर्ष भी भारत के शीर्ष नवाचारी शैक्षणिक संस्थानों की सूची में अपना पहला स्थान बनाए रखा है.
- चेन्नई और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को जोड़ने वाली 2313 किलोमीटर लंबी सबमेरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल (OFC) नेटवर्क परियोजना का उद्घाटन किया गया.
- नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (AIM) ने इनक्यूबेटर क्षमता वृद्धि कार्यक्रम AIM-iCREST शुरु करने के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और वाधवानी फाउंडेशन से साझेदारी की है.
  - ✓ यह कदम पूरे भारत के इनक्यूबेटर पारिस्थितिकी तंत्र में समग्र प्रगति को प्रोत्साहित करने और इसे सक्षम बनाने की प्रमुख पहल है.
- मालदीव इंडस्ट्रियल फिशरीज़ कंपनी (MIFCO) में मछली पकड़ने की सुविधाओं के विस्तार के लिए भारत ने माल्दीव को को 1. 8 करोड़ डॉलर (60 करोड़ रुपए) की लाइन ऑफ़ क्रेडिट दी है.

- भारत ने मालदीव को इसकी राजधानी माले को तीन द्वीपों से जोड़ने वाली संपर्क परियोजना के निर्माण में मदद करने के लिए 50 करोड़ डॉलर का पैकेज मंज़ूर किया है.
- भारत ने 120 किमी प्रति घंटे की गति के लिए डिज़ाइन किए गए दस ब्रॉड-गेज डीजल इंजनों को बांग्लादेश को सौंप दिया
- भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से प्राप्त अनुरोध के प्रत्युत्तर में उत्तर कोरिया को लगभग 10 लाख डॉलर की चिकित्सा सहायता दी है.

## जुलाई

- 2018-19 में भारत में की गई बाघ जनगणना ने विश्व में कहीं भी सबसे लंबे वक्त तक "कैमरे के ज़रिये वन्यजीव सर्वेक्षण" करने का गिनीज़ बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है.
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IIT मद्रास ने दुनिया की पहली ऑनलाइन B.Sc. (प्रोग्रामिंग और डाटा साइंस) डिग्री शुरू की है.
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित सत्र में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (UN ECOSOC) के उच्च-स्तरीय खंड में एक आभासी मुख्य भाषण दिया.
- भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार ट्रेनों के संचालन के मामले में 1 जुलाई को 100 प्रतिशत समय की पाबंदी हासिल कर चलीं सभी 201 ट्रेनें बिना किसी देरी के समयानुसार अपने अपने निर्धारित स्टेशन पर पहुंचीं.
- ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (OPHI) द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में 2005-06 से लेकर 2015-16 के दौरान 27 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं.
- मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ गणराज्य अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 87वां देश बन गया है.
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने डेटा का स्वचालित और नियमित आदान प्रदान सुगम बनाने के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- देश का "पहला केबल-स्टेड" रेल पुल जल्द ही जम्मू और कश्मीर में अंजी खड्ड पर बनाया जा रहा है. यह पुल कटरा और रियासी को आपस में जोड़ेगा.
- भारत और मालदीव ने मालदीव के दो द्वीपों में नेबरहुड फिश प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने से संबंधित अनुबंध पर हस्ताक्षर किए.
- भारत और भूटान ने 15 जुलाई को जयगांव (पश्चिम बंगाल) और पासाखा (भूटान) के बीच एक नया वाणिज्यिक मार्ग खोला.
- जहाज़रानी मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा कोलकाता बंदरगाह से बांग्लादेश के चटोग्राम पोर्ट से होते हुए अगरतला जाने वाला पहला प्रायोगिक मालवाहक जहाज़ रवाना किया गया.
- विश्व बैंक ने गंगा नदी के पुनरोद्धार कार्यक्रम और इसमें प्रदूषण का स्तर कम करने में समर्थन देने हेतु 40 करोड़ डॉलर (लगभग 300 करोड़ रुपये) की सहायता देने की घोषणा की है.
- भारत सरकार ने देश की रक्षा, सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता और देशवासियों के डेटा और उसकी गोपनीयता की रक्षा के प्रयोजन से 29 जून को 59 चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया.
- भारत और भूटान ने पूर्वी भूटान के त्राशियांगत्से जिले में खोलांगछू नदी के निचले हिस्से में 600 मेगावाट की खोलोंगचु जलविद्युत परियोजना के निर्माण हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.
- भारत और यूरोप के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 15 जुलाई को भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया.

## जून

- 15 जून को लद्दाख की गैलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच डी-एस्केलेशन प्रक्रिया के दौरान हिंसक झड़प में भारतीय कमांडिंग अधिकारी सहित बीस भारतीय सैनिक शहीद हो गए.
- 4 जून को पहली बार दो प्रधानमंत्रियों (भारत और ऑस्ट्रेलिया) के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से द्विपक्षीय आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.
- 193 सदस्यीय महासभा में 184 मतों की भारी जीत के बाद भारत को 8वीं बार दो साल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थाई सदस्य चुना गया है.
- यूएसए, यूके, ईयू, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा वैश्विक कृत्रिम बुद्धि गठबंधन (GPAI) शुरू करने के लिए 15 जून को बनाई गई लीग में भारत भी शामिल हो गया है.
- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत उच्च शैक्षिक संस्थानों की रैंकिंग 2020:
- **समग्र सर्वश्रेष्ठ संस्थान:** आईआईटी, मद्रास (इंजीनियरिंग)
- **सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय:** भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
- **सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थान:** आईआईएम, अहमदाबाद
- **सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान:** आईआईटी, मद्रास
- **सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा शिक्षा संस्थान:** एम्स, नई दिल्ली
- **सर्वश्रेष्ठ डेंटल साइंस संस्थान:** मौलाना आज़ाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज़, दिल्ली
- **सर्वश्रेष्ठ कॉलेज:** मिरांडा हाउस (लड़कियों के लिए), दिल्ली
- **एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक** (बीजिंग) ने कोविड -19 महामारी के बुरे प्रभावों की रोकथाम के लिए अपने प्रयासों को मज़बूती देने के लिए भारत को 75 करोड़ डॉलर का ऋण देने को स्वीकृति दी है.

# ख़बर राज्यों से

## सितम्बर

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिल्ली- आगरा यमुना एक्सप्रेस वे पर हस्तिनापुर क्षेत्र के पास भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी बनाए जाने का ऐलान किया है.
- प्रस्तावित जगह जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केवल 6 किलोमीटर, दिल्ली से लगभग 70 किमी और आगरा से 150 किमी दूरे पर स्थित है.
- मिज़ोरम, पंजाब और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह राष्ट्रीय खुशहाली और प्रसन्नता पर आधारित पहली वार्षिक इंडिया हैप्पीनेस रिपोर्ट में शीर्ष तीन राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में उभरे हैं.
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिटिकल एयर ट्रांसफर टीम (ICATT) और विमानन प्रौद्योगिकी फर्म कयती द्वारा संयुक्त रूप से बेंगलुरु में HAL एयरपोर्ट से देश की पहली एकीकृत एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है.
- सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) ने राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग के दूसरे संस्करण में केंद्र शासित प्रदेशों में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया.
- बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (BRAP) 2019 रैंकिंग में आंध्र प्रदेश सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शीर्ष स्थान पर रहा है. उत्तर प्रदेश और तेलंगाना को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला है.
- मेघालय सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ राज्य को सुअर के मांस के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 209 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाला भारत का सबसे बड़ा सुअर पालन मिशन लॉन्च किया.
- दुनिया भर में फैले केरलवासियों ने 31 अगस्त को लोकप्रिय त्योहार थिरुवोनम मनाया. थिरुवोनम ओणम त्यौहार का सबसे शुभ दिन है.
- यूरोपीय निवेश बैंक (EIB) कानपुर की पहली शहर मेट्रो लाइन के निर्माण के लिए 65 करोड़ यूरो का ऋण देगा.
- विश्व बैंक ने हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क रूपान्तर परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 8. 2 करोड़ डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है.

## अगस्त

- नीति आयोग ने निर्यात तैयारी सूचकांक (EPI) 2020 जारी किया है.  सूचकांक में गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु क्रमश शीर्ष तीन रैंक पर हैं.
- मध्य प्रदेश के इंदौर को स्वच्छ  सर्वेक्षण 2020 में लगातार चौथी बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.
  - ✓ सूरत और नवी मुंबई ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है.
  - ✓ नई दिल्ली को देश के सबसे स्वच्छ राजधानी के रूप में सम्मानित किया गया है.
  - ✓ 100 से अधिक शहरों वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ को पहला स्थान दिया गया है.
  - ✓ 100 से कम शहरों में सबसे साफ राज्य का खिताब झारखंड को मिला.
  - ✓ जालंधर छावनी बोर्ड को देश के सबसे स्वच्छ छावनी (कैंटोनमेंट) बोर्ड का पुरस्कार दिया गया.
  - ✓ गुजरात में अहमदाबाद को 40 लाख से अधिक आबादी वाले सबसे स्वच्छ शहर के लिए सम्मानित किया गया.
- उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन में सुधार लाने के लिए इज़रायल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासियों और अन्य पारंपरिक वन-निवासियों को घरेलू प्रयोजनों के लिए शहरी वनभूमि प्रदान करने का निर्णय लिया है. इस फैसले से जगदलपुर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन देश का ऐसा पहला नगरीय निकाय बन गया है, जिसने नगरीय आदिवासियों को शहरी वनों में भूमि का अधिकार प्रदान किया है.
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले ने फरवरी-जून 2020 की अवधि में सरकारी वैचारिक मंच नीति आयोग द्वारा संकलित आकांक्षात्मक ज़िलों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है.
- भारत और भारतीय महासागर क्षेत्र में पहली बार ओडिशा के दो तटीय गांवों को यूनेस्को अंतर-सरकारी समुद्र विज्ञान आयोग (IOC) द्वारा 'सुनामी रेडी' गांव घोषित किया है.
  - ✓ ये गावं हैं गंजम जिले के वेंकटरायपुर और जगतसिंहपुर ज़िले के नोलियासाही
- उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी 'एक जिला- एक उत्पाद योजना' (ODOP) को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.
- असम सरकार ने ब्रह्मपुत्र नदी पर भारत का सबसे लंबा केबल रोपवे शुरू किया है. 2 किमी लंबा यह रोपवे गुवाहाटी के कचहरी घाट को उत्तरी गुवाहाटी के डोल गोविंदा मंदिर से जोड़ता है.
- उत्तराखंड के वन विभाग ने हल्द्वानी में एक ग्रीन रामायण पार्क विकसित किया है. इस पार्क में महर्षि वाल्मीकि की 'रामायण' में वर्णित प्रजातियां हैं जो किसी ना किसी तरीके से भगवान राम से संबंधित हैं.




## Online Videos for All Government Exams

For Free Learning

Subscribe to

**Gyanm YouTube Channel**

**www.youtube.com/c/GroverGyanm**

www.gyanm.in

- एशियाई विकास बैंक ने तीव्र गति प्रदान करने में सक्षम, आधुनिक दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम के निर्माण के लिए 1 अरब डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है.
- एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) ने मुंबई शहरी परिवहन परियोजना- III के लिए 50 करोड़ डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी है.
- गोवा के पारंपरिक त्यौहारी मीठे पकवान 'खाजे', मसालेदार हरमल मिर्च और मंडोली केला (मोयरा केला) कोभौगोलिक संकेत रजिस्ट्री से जीआई टैग मिला है.

## जुलाई

- उत्तर प्रदेश में 5 जुलाई को एक ही दिन में 25 करोड़ पौधे लगाने का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया.
- प्रधानमंत्री ने 10 जुलाई को रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट का उद्घाटन किया. मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र के रीवा जिले में स्थापित इस प्लांट की कुल क्षमता 750 मेगावाट है.
- भारत के पहले सार्वजनिक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग प्लाजा का उद्घाटन 20 जुलाई को केंद्रीय नई दिल्ली के चेम्सफोर्ड क्लब में किया गया.
- उत्तराखंड वन विभाग ने पिथौरागढ़ ज़िले में स्थित कुमाऊं के मुनस्यारी पार्क में भारत का पहला लाइकेन पार्क विकसित किया है.
- लाइकेन एक प्रकार की वनस्पति होती है, जो कई कवक प्रजातियों के तंतुओं के बीच रहने वाले शैवाल या साइनोबैक्टीरिया के संगम से बनती है.
- 10 जुलाई को आंध्र प्रदेश के गुंटूर ज़िले से सूखी मिर्च लेकर जाने वाली पहली पार्सल कार्गो ट्रेन को बांग्लादेश के लिए रवाना किया गया.
- गुजरात के सूरत ज़िले में काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र की तीसरी इकाई ने 22 जुलाई को पहली बार क्रिटिकैलिटी (निरंतर श्रृंखलात्मक प्रतिक्रिया) प्राप्त कर ली.
- देश में ही निर्मित 700 मेगावाट का यह पहला दाबित भारी जल रिऐक्टर (PHWR) है, जो कमीशनिंग के स्तर तक पहुंचा है.
- फेरी वालों को अपना व्यवसाय जारी रखने हेतु आसान वित्त प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि - पीएम स्व निधि योजना को लागू करने में मध्य प्रदेश शीर्ष पर उभरा है.
- 21 जुलाई को मिज़ोरम में शुरू हुए राज्य के पहले मेगा फूड पार्क (ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क) से 5,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार मिलने और लगभग 25,000 किसानों के लाभान्वित होने की उम्मीद है.
- हिमाचल प्रदेश भारत का ऐसा पहला राज्य बन गया है जहाँ 100% घरों में एलपीजी गैस कनेक्शन हैं
- उत्तराखंड ने राज्य में उत्पन्न कचरे को बिजली में बदलने की योजना बनाई है जिसका उद्देश्य 5 मेगावाट बिजली पैदा करना और प्रदूषण पर अंकुश लगाना है.
- केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (AFSPA) की धारा 3 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर पूरे नागालैंड को दिसंबर 2020 तक "अशांत क्षेत्र" घोषित कर दिया है.
- सुप्रीम कोर्ट ने 13 जुलाई को अपने ऐतिहासिक फैसले में केरल (तिरुवनंतपुरम) के श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के संचालन में त्रावणकोर राजपरिवार के अधिकारों को बरकरार रखा है.
- मध्य प्रदेश पर्यटन ने राज्य के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर "इंतज़ार आप का" अभियान शुरू किया.
- विश्व बैंक ने तमिलनाडु में कम आय वाले समूहों को किफायती आवास सुलभ कराने के लिए तमिलनाडु सरकार को दो ऋण, (50 करोड़ डॉलर और 20 करोड़ डॉलर) देने को मंज़ूरी दी है.

## जून

- हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज विभाग ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ई-पंचायत पुरस्कार -2020 योजना के तहत प्रथम पुरस्कार जीता है.
- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने 7 जून को 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक' जारी किया. इस सूचकांक में बड़े राज्यों में गुजरात शीर्ष पर है, जिसके बाद तमिलनाडु और महाराष्ट्र आते हैं.
- छत्तीसगढ़ सरकार ने पशुपालन को व्यावसायिक रूप से लाभदायक बनाने, मवेशियों द्वारा खुले में चराई को रोकने, सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या को हल करने के लिए गोबर खरीदने के लिए 'गोधन न्याय योजना' शुरू की है.
- ओडिशा अपने यहां के आदिवासी छात्रों के छात्रावासों के लिए ISO प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है.
- केंद्र सरकार ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की 150वीं वर्षगांठ पर इसका नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट करने की स्वीकृति दे दी है.
- केरल इंटरनेट को नागरिकों का मौलिक अधिकार घोषित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है.
- बेंगलुरु का केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जिसके नए रनवे के दोनों छोरों पर स्वदेशी रूप से विकसित एविएशन वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया.

# योजनाएं एवं नीतियां

## सितम्बर

- संसद ने कृषि क्षेत्र का उदारीकरण करने और किसानों को और मज़बूत करने के उद्देश्य से कृषि क्षेत्र से संबंधित तीन महत्वपूर्ण बिल पारित किए.
- कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2020 में किसान अपनी फसल विभिन्न राज्य कृषि उपज विपणन विधानों के तहत अधिकृत मंडियों में बेचने के बजाए इसे अन्यत्र कहीं बेच सकते हैं.
- किसान (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) मूल्य आश्वासन अनुबंध एवं कृषि सेवाएं विधेयक, 2020
- इस के तहत किसानों को पूर्व-सहमति से निर्धारित दामों पर भविष्य में कृषि कंपनियों, प्रोसेसर, थोक विक्रेताओं, व्यापारी, निर्यातकों या बड़े खुदरा विक्रेताओं को अपनी उपज बेचने की इजाज़त होगी.
- आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020
- इस प्रस्तावित विधेयक में अनाज, दलहन, तिलहन, प्याज़ और आलू को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटाने का लक्ष्य है.
- संसद ने श्रम कानूनों में सुधार लाने के लिए तीन श्रम कोड पास किये हैं - औद्योगिक संबंध कोड; व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां कोड, और सामाजिक सुरक्षा कोड.
- संसद ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय विधेयक, 2020 पारित कर दिया. इस के तहत गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय शक्ति विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय बनाया जाएगा.
- राज्य सभा ने गांधीनगर (गुजरात) में गुजरात फोरेंसिक साइंसेज विश्वविद्यालय को अपग्रेड करके राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में एक राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय बिल 2020 पारित किया.
- FSSAI ने कहा है कि "Oct 1, 2020 से बिना पैकिंग वाली और खुली मिठाइयों के मामले में, विक्रेता को दुकान में मिठाई रखने वाले बर्तन और ट्रे पर अनिवार्यत: 'बेस्ट बिफोर' तारीख प्रदर्शित करनी होगी".
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) ने राष्ट्रीय कृषिगत उच्चतर शिक्षा परियोजना के तहत KRITAGYA (कृषि-टेक्नीक-ज्ञान) हैकाथॉन आयोजित करने की घोषणा की है.
- इसका उद्देश्य महिलाओं के अनुकूल उपकरणों पर विशेष जोर देते हुए कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी समाधानों को प्रोत्साहन देना है.
- केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में भूमि के पट्टे के नियमितीकरण के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए अजय तिर्की की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है.
- रोडमैप का लक्ष्य कल्याणकारी लाभों से चूक जाने वाले भूमिहीन कृषि श्रमिकों के अधिकारों को निर्धारित करना है.
- व्हाट्सएप ने देश के नागरिकों को डिजिटल साक्षरता सेवाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए एक चैटबोट लॉन्च करने के लक्ष्य से कॉमन सर्विसेज़ सेंटर (CSC) के साथ भागीदारी की है.
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम मॉड्यूल के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए लोग CSC अकादमी के आधिकारिक व्हाट्सएप अकाउंट 9999189321 पर 'नमस्ते' लिखकर भेज सकते हैं.
- डाक विभाग ने देश के ग्रामीण इलाकों में प्रमुख डाक योजनाओं का सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए फाइव स्टार गांव (Five Star Village) नामक योजना शुरू की है.
- समुद्री क्षेत्र से जुड़े विवादों के समय रहते समाधान करने के उद्देश्य से "SAROD-Ports" (सोसाइटी फॉर अफोर्डेबल रिड्रेसल ऑफ डिस्प्यूट्स-पोर्ट्स) नामक विवाद निवारण तंत्र का शुभारंभ किया गया.
- जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की दिशा में स्पष्ट रोडमैप प्रदान करने के लिए CSCAF-क्लाइमेट स्मार्ट सिटीज़ असेसमेंट फ्रेमवर्क CSCAF 2.0 लॉन्च किया गया.
- शहरों की गलियों को पैदल चलने वालों के लिए अधिक सुरक्षित एवं अनुकूल बनाने की आवश्यकता को पूरा करने के लिए "स्ट्रीट्स फॉर पीपल चैलेंज" लॉन्च किया गया.
- शिक्षा की समग्र मूल्यांकन प्रणाली में सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र परख (PARAKH) की स्थापना की गई.
- PARAKH - Performance Assessment, Review/ and Analysis of Knowledge for Holistic development
- देश में ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (GTAM) के शुभारंभ के साथ ही भारतीय विद्युत् बाज़ार ने एक और मील पत्थर पार कर लिया.
- GTAM से नवीकरणीय ऊर्जा-संपन्न राज्यों पर बोझ कम होगा और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि होगी.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिविल सेवकों के क्षमता निर्माण की नींव रखने के लिए 'राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम' "मिशन कर्मयोगी" को मंजूरी दी.
- इसके संस्थागत ढांचे में पीएम की सार्वजनिक मानव संसाधन परिषद, क्षमता निर्माण आयोग और कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समन्वय इकाई शामिल होगी.
- सार्वजनिक मानव संसाधन परिषद में चुनिंदा केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रख्यात सार्वजनिक मानव संसाधन विशेषज्ञ, विचारक, वैश्विक विचारक नेता और सार्वजनिक सेवा के अधिकारी शामिल होंगे.

- अपनी तरह का पहला GIS सक्षम राष्ट्रीय लैंड बैंक पोर्टल लॉन्च किया गया, जो निवेशकों को संभावित परियोजनाओं के लिए विभिन्न राज्यों में स्थित भूमि के चयन में मदद करेगा.
- इस पोर्टल पर विभिन्न औद्योगिक बेल्टों में उपलब्ध लॉजिस्टिक्स, भूमि, रेल और हवाई संपर्क, कर छूट, जल निकासी प्रणाली, बिजली की आपूर्ति और कच्चे माल आदि से जुड़ा विवरण मिलेगा.
- स्टार्टअप्स और सॉफ्टवेयर उत्पादों को और बढ़ावा देने के लिए, विशेष रूप से टियर-II के शहरों में, Next Generation Startup Challenge --"चुनौती" नामक स्टार्टअप प्रतियोगिता शुरू की गई.
- मानसिक रोगियों के पुनर्वास में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-599-0019 'किरण' लॉन्च किया गया.

## अगस्त

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 जुलाई को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 को मंजूरी दे दी. कैबिनेट ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय करने की भी मंजूरी दे दी.

  **नई नीति की मुख्य विशेषताएं**
  - ✓ उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक एकल नियामक
  - ✓ डिग्री पाठ्यक्रमों में कई प्रवेश और निकास विकल्प,
  - ✓ एमफिल कार्यक्रमों को बंद करना,
  - ✓ केवल 12 वीं के लिए बोर्ड परीक्षा
  - ✓ विश्वविद्यालयों, आदि के लिए आम प्रवेश परीक्षा

  नए शैक्षणिक पाठ्यक्रम को 5 + 3 + 3 + 4 प्रणाली के तौर पर निम्नानुसार 4 भागों में बांटा गया है:
- ✓ आधारभूत चरण (3 से 8 साल): स्कूली शिक्षा के पहले पांच साल में प्री-प्राइमरी स्कूल के तीन साल और कक्षा 1 और 2 सहित बहु स्तरीय खेलकूद आधारित शिक्षण
- ✓ प्रारंभिक चरण (8-11 वर्ष): कक्षा 3 से 5; क्षेत्रीय भाषा में खेल, खोज और गतिविधि-आधारित इंटरैक्टिव कक्षा आधारित शिक्षण
- ✓ मध्य चरण (11-14 वर्ष):कक्षा 6 से 8; विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला और मानविकी में अनुभव आधारित शिक्षा
- ✓ माध्यमिक चरण (14-18 वर्ष): कक्षा 9 से 12; छात्रों के लिए बहु-विषयी अध्ययन, आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और पसंदीदा विषयों पर ज़ोर को बढ़ावा.
- पूर्णतय प्रौद्योगिकी-आधारित पहल "राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अभियान" की शुरुआत जिसमें हर नागरिक को डिजिटल हेल्थ ID कार्ड मिलेगा
  - ✓ इसमें उसकी पहले की बीमारियों, उपचार और नैदानिक रिपोर्ट और डॉक्टर द्वारा संस्तुति की गई दवाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी.
- प्रधानमंत्री ने देश में ईमानदार करदाताओं के सम्मान में “पारदर्शी कराधान – ईमानदार का सम्मान” नामक मंच का शुभारंभ किया जिसमें फेसलेस मूल्यांकन, फेसलेस अपील और करदाताओं का चार्टर शामिल है.
- राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे लगाए गए वृक्षों की निगरानी के लिए 'हरित पथ' नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है.
- सरकार ने इनोवेटर्स, स्टार्टअप और छात्रों के लिए #आत्मनिर्भर भारत के लिए “स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज- " लॉन्च की.
  - ✓ वे दो माइक्रोप्रोसेसरों "SHAKTI (32 बिट) और VEGA (64 बिट)" का उपयोग कर विभिन्न प्रौद्योगिकी उत्पादों को विकसित करेंगे.
- आदिवासी स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित “स्वास्थ्य” नामक पोर्टल लॉन्च किया, जहां एक ही मंच पर भारत की जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी.
- वास्तविक समय में जानकारी के संग्रहण और टकराव प्रबंधन के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय ने मानव हाथी टकराव (HEC) पर "सुरक्ष्या" नामक राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया है.
- देश की पहली किसान स्पेशल पार्सल ट्रेन या "किसान रेल" महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर स्टेशन के लिए रवाना हुई.
  - ✓ इस ट्रेन के ज़रिये महाराष्ट्र क्षेत्र से बिहार क्षेत्र के बीच कृषि उपज को लाने - ले जाने का काम किया जाएगा.
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने भारत मौसम विज्ञान विभाग के लिए मोबाइल ऐप "मौसम" लॉन्च किया.
  - ✓ यह 200 शहरों के लिए तापमान, आर्द्रता, हवा की गति और दिशा सहित वर्तमान मौसम की जानकारी प्रदान करेगा और सूचना दिन में आठ बार अपडेट की जाएगी.
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने अगरबत्ती उत्पादन की एक नई योजना “खादी अगरबत्ती आत्मनिर्भर मिशन” को मंजूरी दी है.
- उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने एक मोबाइल ऐप BIS-केयर लॉन्च किया है जिसका उपयोग उपभोक्ता ISI और हॉलमार्क प्रमाणित उत्पादों की प्रामाणिकता की जांच करने के अलावा हिंदी और अंग्रेजी में शिकायत दर्ज करने के लिए कर सकते हैं.
- रेलवे बोर्ड ने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर काम करने वाले "खलासियों" या 'बंगला चपरासियों' की नियुक्ति की औपनिवेशिक युग की प्रणाली को समाप्त करने की पूरी तैयारी कर ली है.
- इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के प्रयास के तौर पर सरकार ने प्री-फिटेड बैटरी के बिना भी इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) की बिक्री और पंजीकरण की अनुमति दे दी है.
- सरकार ने देश भर में राजमार्ग टोल प्लाज़ा पर किसी भी छूट का लाभ उठाने के लिए उपयोगकर्ताओं के लिए फास्टैग (FASTag) लेना अनिवार्य कर दिया है.
- भारत ने 24 जुलाई को 47 और चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया जोकि पहले 29 जून को प्रतिबंधित हुए 59 ऐप्स के क्लोन हैं.

## जुलाई

- संशोधित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 20 जुलाई 2020 को लागू हो गया. नया अधिनियम उत्पाद दायित्व की अवधारणा का परिचय देता है और मुआवजे के लिए किसी भी दावे के लिए उत्पाद निर्माता, सेवा प्रदाता और विक्रेता को दायरे में लाता है.
- सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए अपने उत्पादों पर निर्माता देश अंकित करना अनिवार्य कर दिया है.
- अब ई-कॉमर्स कंपनियों को अन्य शुल्कों के विवरण के साथ-साथ बेची जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमत भी दिखानी होगी.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रूपए की एक नए पैन इंडिया सेंट्रल सेक्टर स्कीम- "एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड" को अपनी मंजूरी दी.
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने डिजिटल शिक्षा के लिए 'प्रज्ञाता' (PRAGYATA) 'दिशानिर्देश जारी किया, जिसमें कहा गया है कि प्री-प्राइमरी के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए.
- "नेशनल इनिशिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट" (NISHTHA) कार्यक्रम पहली बार वर्चुअल मोड में आंध्र प्रदेश में **शुरू** किया.
- NISHTHA बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित है और इसमें शिक्षा का पाठ्यक्रम भी शामिल है. इसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है.
- युवा मामले और खेल मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 1 करोड़ युवा स्वयंसेवक जुटाने के अपने संकल्प को मज़बूत करने हेतु यूनिसेफ (पेरिस) के साथ भागीदारी की है.
- मंत्रालय ने भारतीय युवाओं में स्वैच्छिकता को बढ़ावा देने में साझेदारी के लिए युवा (यूनिसेफ द्वारा गठित बहु-हितधारक मंच) के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं.
- मछली किसानों को हर समय मछली के शुक्राणुओं की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने हेतु सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में दुनिया का पहली मछली क्रायोबैंक स्थापित किया.
- क्रायोबैंक भविष्य के उपयोग के लिए कम तापमान (आमतौर पर -196.5 डिग्री सेल्सियस) पर वीर्य को जमाने और संरक्षित करने की सुविधा है.
- केंद्र सरकार ने कुशल लोगों को स्थायी आजीविका के अवसर खोजने में मदद करने के लिए एक नया आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मानचित्रण या मैपिंग (ASEEM) पोर्टल शुरू किया है.
- विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) ने देश भर में अनुसंधान में इंटर्नशिप, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के लिए एकल मंच प्रदान करने हेतु 'एक्सेलरेट (accelerate) विज्ञान' नामक नई योजना शुरू की है.
- भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली इकाई इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT), मानेसर (हरियाणा) ने मोटर वाहन की तकनीकी क्षमता में सुधार के लिए ASPIRE (ऑटोमोबाइल सॉल्यूशंस पोर्टल फॉर इंडस्ट्री, रिसर्च एंड एजुकेशन) नामक ई-पोर्टल लॉन्च किया है.
- CBSE ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में कक्षा XI और XII के लिए एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पाठ्यक्रम एकीकृत किया है.
- वर्तमान कोरोना संकट के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को मनो-सामाजिक सहयोग प्रदान करने के लिए मनो-दर्पन पहल शुरू की गई.
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने COVID-19 संकट के बीच अगले 12 महीनों में भारत के युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ भागीदारी की है.
- कोविड -19 महामारी के बीच भारत अंतर्राष्ट्रीय यातायात को फिर से शुरू करने के नए तरीके के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी के साथ द्विपक्षीय एयर बबल्स व्यवस्था को अंतिम रूप देने वाला है.
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने सभी IIT, NIT और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों से स्वैच्छिक आधार पर अपने निकटवर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों को अपनाने के लिए संपर्क किया है.
- इस पहल का उद्देश्य देश के सड़क अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के प्रति छात्रों और शिक्षकों की बौद्धिक समझदारी का लाभ उठाना है.
- रेलवे का लक्ष्य है कि वह अपनी ऊर्जा की जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर होकर अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अपनी खाली भूमि का उपयोग करके 2030 तक 'नेट ज़ीरो' कार्बन उत्सर्जन जन परिवहन नेटवर्क के रूप में परिवर्तित हो जाए.
- ऑल इंडिया रेडियो ने 4 जून से 'संस्कृत सप्तहिकी' में अपने पहले संस्कृत समाचार पत्रिका कार्यक्रम के प्रसारण की शुरुआत की.
- रेलवे ने 109 मूल गंतव्यों पर निजी ऑपरेटरों द्वारा चलाई जाने वाली 151 ट्रेनों का प्रस्ताव देकर निजी भागीदारी के लिए अनुरोध किया है.

## जून

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) की स्थापना को मंजूरी दी है.
- इसका उद्देश्य नियामक वातावरण के माध्यम से अंतरिक्ष गतिविधियों की पूरी श्रृंखला में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ साथ अनुकूल मार्गदर्शक करना भी है.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जून को कोरोनोवायरस प्रकोप और लॉकडाउन के बीच घर लौट रहे प्रवासी कामगारों के लिए ग्रामीण भारत में रोजगार के अवसर के सृजन के लिए "गरीब कल्याण रोज़गार अभियान" का शुभारंभ किया.
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शहरी मामलों के मंत्रालय के सहयोग से एक संयुक्त "द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (TULIP)" नामक कार्यक्रम लॉन्च किया है.
- इस कार्यक्रम में नए इंजीनियरिंग स्नातकों को देश भर के 4,400 शहरी स्थानीय निकायों और 100 स्मार्ट शहरों में प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे.
- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने आईबीएम के साथ साझेदारी में भारत में कारोबारियों को नए संसाधन प्रदान करने के उद्देश्य से फ्री डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म 'स्किल बिल्ड रिग्नाइट' का अनावरण किया
- भारत सरकार ने 'वंदे भारत मिशन' के तहत विदेशों से लौटने वाले भारतीय नागरिकों का कौशल मानचित्रण करने के लिए एक नई पहल 'SWADES' (स्किल्ड वर्कर्स अराइवल डेटाबेस फॉर एम्प्लॉयमेंट सपोर्ट) शुरू की है.
- रेहड़ी - फड़ी वालों को किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना यानी पीएम स्व-निधि की शुरुआत की है.
- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित यह योजना रेहड़ी - फड़ी वालों को 10,000 रुपये तक के कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करती है.
- सरकार ने पशुपालन, डेयरी और पशुधन से संबंधित उद्यमों से जुड़े बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु 15,000 करोड़ रू की पशुपालन अवसंरचना विकास निधि स्थापित करने का फैसला किया है.
- उच्च शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक क्षमता और इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप से संबंधित जानकारी रखने में मदद करने के लिए YUKTI 2.0 (यंग इंडिया कॉम्बेटिंग कोविड विद नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन) नामक पहल की शुरुआत की है.
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम योजना के कार्यान्वयन में सुधार के लिए Science and Technology Yojana for Aatmanirbhar Bharat in Mining Advancement - SATYABHAMA योजना लॉन्च की गई.
- देश का पहला देशव्यापी ऑनलाइन डिलीवरी-आधारित प्राकृतिक गैस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, इंडियन गैस एक्सचेंज (IGX) बाजार सहभागियों को मानक गैस अनुबंधों में व्यापार करने में सक्षम बनाने के लिए लॉन्च किया गया.
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने देश में पहली संक्रामक रोग निदान प्रयोगशाला विकसित की.
- बीएसएल -2 सुविधा से युक्त इस प्रयोगशाला में बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र, रीयल-टाइम रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन-पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) और ऑन-साइट एलिसा परीक्षण की सुविधा है.
- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने COVID-19 महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद देने के लिए एक वेब-आधारित समाधान 'आरोग्य पथ" नामक पोर्टल शुरू किया है.
- गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण की समीक्षा करने के लिए गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी के नेतृत्व एक नई समिति का पुनर्गठन किया है.
- गृह मंत्रालय के एक विशेष प्रभाग के पास लगभग 30,000 स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों को पेंशन वितरित करने का काम है.
- आयातित वस्तुओं की तेज़ गति से सीमा शुल्क निकासी हेतु केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने बेंगलुरू और चेन्नई में प्रौद्योगिकी-आधारित प्रमुख कार्यक्रम 'तुरंत कस्टम्स' लॉन्च किया है.
- युवाओं को पेड इंटर्नशिप प्रदान करने और युवा सहकारों को ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए "सहकार मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम" शुरू किया गया.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में किसानों और व्यापारियों को कृषि उत्पादों की उन्मुक्त बिक्री और खरीद की सुविधा के लिए 'वन इंडिया, वन एग्रीकल्चर मार्केट' के स्थापन के लिए अध्यादेश को मंजूरी दे दी है.
- भारत 3 जून को रियल-टाइम विद्युत् ऊर्जा मार्केट (RTM) बनाने वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है. इसके माध्यम से उपभोक्ता आपूर्ति से ठीक एक घंटे पहले बिजली की खरीद कर सकेंगे.
- एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने विश्व पर्यावरण दिवस - 5 जून के अवसर पर it #iCommit 'अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य ऊर्जा लचीला भविष्य का निर्माण करना है.
- अगले पांच वर्षों में देश भर में 200 शहरी वनों को विकसित करने के लिए नगर वन (शहरी वन) योजना शुरू की गई.

# उद्योग-अर्थव्यवस्था

## सितम्बर

उपभोक्ता मांग और घटते निजी निवेश के चलते अप्रैल से जून तिमाही (Q1 FY21) में भारतीय अर्थव्यवस्था में 23.9 फीसदी की बड़ी गिरावट आई.

केंद्र सरकार ने सभी निर्धारित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSPs) में वृद्धि की घोषणा की है.

| फसल | 2019-20 | 2020-21 | वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|
| दाल | 4800 | 5100 | 6.3 |
| सरसों | 4425 | 4650 | 5.1 |
| जौ | 1525 | 1600 | 4.9 |
| चना | 4875 | 5100 | 4.6 |
| गेहूं | 1925 | 1975 | 2.6 |
| कुसुम | 5215 | 5327 | 2.1 |

- मनीला स्थित एशियाई विकास बैंक (ADB) ने अपने एशियाई विकास परिदृश्य (ADO) -2020 अपडेट में चालू वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में नौ प्रतिशत की गिरावट होने का अनुमान लगाया है.
- S & P ग्लोबल रेटिंग्स (USA) ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भारत के बारे में पहले जारी किये गए आर्थिक पूर्वानुमान को (-) 5% से घटाकर (-) 9% कर दिया है.
- इस की वजह COVID-19 के बढ़ते मामलों के कारण अधिक लम्बे समय तक निजी उपभोग और निवेश का निचले स्तरों पर रहना बताया गया है.
- 8 सितंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रक्षा क्षेत्र में स्वत: स्वीकृति के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा 49 प्रतिशत से 74 प्रतिशत कर बढ़ाने से संबंधित नई नीति को मंज़ूरी दे दी
- रेलवे की अपनी ब्रॉड गेज लाइनों का वर्ष 2023 तक शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने की योजना है. इस वर्ष एक अप्रैल तक कुल 63 हज़ार, 631 किलोमीटर लम्बी रेल लाइनों में से लगभग 63 प्रतिशत लाइनों का विद्युतीकरण किया जा चुका है.
- बांग्लादेश के दाउदकंडी से त्रिपुरा के सोनमुरा तक एक नये अंतर्देशीय जल मार्ग का परीक्षण 3 सितंबर को गुमती नदी से शुरू हुआ.
- 7 सितम्बर को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन $200 बिलियन का आंकड़ा (14,67,350 करोड़ रुपये) पार कर गया. इस मील पत्थर को हासिल करने वाली यह पहली घरेलू कंपनी बन गई.
- लोकप्रिय टेलीकॉम ब्रांड वोडाफोन और आइडिया ने अपने विलयन के दो साल बाद अब अपनी नई एकीकृत ब्रांड पहचान 'VI' (उच्चारण 'वी') का अनावरण किया है.

## अगस्त

- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने छोटे व्यवसायों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए 40 लाख रुपये सालाना तक के टर्नओवर वाले कारोबार को जीएसटी से मुक्त करने की घोषणा की है.
  - ✓ इसके अलावा 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना टर्नओवर वाले कारोबार को कम्पोजिट स्कीम का चुनाव कर महज़ 1 फीसदी टैक्स देने का विकल्प भी दिया गया है.
  - ✓ पहले यह सीमा 75 लाख रुपये और कराधान की दर 2% थी. इस योजना को अब सेवा क्षेत्र में भी लागू किया गया है.
- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने चीनी मिलों को 2020-21 के लिए चीनी मिलों द्वारा देय गन्ने का FRP दाम 10 रुपये बढ़ाकर 285 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है.
- भारत की शीर्ष कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने 11 अगस्त को फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में शीर्ष 100 में स्थान पाने वाली पहली भारतीय कंपनी बन कर एक और मील पत्थर पार कर लिया.
- तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में संलग्न कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने फ्यूचर ब्रांड इंडेक्स 2020 में एपल के बाद विश्व के दूसरे सबसे बड़े ब्रांड के रूप में जगह हासिल की है.
- मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया (MCX), मुंबई ने 24 अगस्त को 'बुलडेक्स' नामक देश का पहला बुलियन इंडेक्स लॉन्च किया.

## जुलाई

- भारत ने अमेरिका के साथ आपातकालीन कच्चे तेल भंडार पर सहयोग के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें भारत द्वारा अमेरिकी आपातकालीन भंडार में तेल का भंडारण करने की संभावना भी शामिल है.
- वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए डेटा से पता चलता है कि यूएसए 2019-20 में लगातार दूसरे वित्तीय वर्ष में भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है.
- राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से सार्वजनिक खरीद पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सामान्य वित्तीय नियम 2017 में संशोधन किया है.
- गूगल की पैरंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत डिजिटलीकरण कोष के लिए गूगल के माध्यम से अगले 5 से 7 वर्षों में भारत में 75,000 करोड़ रु निवेश की घोषणा की है.
- विश्व बैंक ने COVID-19 महामारी से प्रभावित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के धन प्रवाह को प्रोत्साहन देने के लिए 75 करोड़ डॉलर के MSME आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रम की घोषणा की.
- एनएलसी इंडिया लिमिटेड और कोल इंडिया लिमिटेड ने पैन-इंडिया आधार पर सौर और थर्मल पावर परिसंपत्तियों के विकास के लिए एक संयुक्त उद्यम के गठन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए.
- 24 जुलाई को रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने 14 लाख करोड़ रुपये के बाजार-मूल्यांकन मूल्य को पार किया, जो उस बेंचमार्क तक पहुंचने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई.

## जून

- मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति अपना नकारात्मक दृष्टिकोण बरक़रार रखते हुए भारत की क्रेडिट रेटिंग को Baa2 से Baa3 के निम्नतम स्तर पर कर दिया है.
- कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने चीनी उत्पादों के बहिष्कार को लेकर राष्ट्रीय अभियान 'भारतीय सामान-हमारा अभिमान' शुरू किया है जिसका उद्देश्य दिसंबर 2021 तक चीनी उत्पादों के आयात में लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये की कमी लाना है.
- CCEA ने खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की
- धान - 1,888 रुपए, कपास- लंबी - 5825 रुपए, मूंगफली- 5275 रुपए, मक्का - 1,850 रुपए, तुअर / उरद दाल - 6000 रुपए, मूंग दाल - 7196 रुपए, सूरजमुखी - 5885 रुपए
- घरेलू बांस के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने तत्काल प्रभाव से बांस आयात पर सीमा शुल्क 10% से बढ़ाकर 25% कर दिया.
- केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) ने 1 जुलाई, 2020 से प्रभावी होने वाली एमएसएमई की परिभाषा और मानदंड में संशोधन कर के इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त करने से जुडी अधिसूचना जारी कर दी है.
- एक करोड़ रुपये तक के निवेश और 5 करोड़ रुपये तक के कारोबार वाले विनिर्माण और सेवा उद्यमों को सूक्ष्म उद्यमों के तौर पर वर्गीकृत किया जाएगा.
- लघु उद्यमों के लिए निवेश की सीमा को संशोधित कर 10 करोड़ रुपये और टर्नओवर की सीमा 50 करोड़ रुपये रखी गई है.
- 20 करोड़ रुपये तक के निवेश और 100 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले उद्यम को मध्यम उद्यम कहा जाएगा.
- भारतीय रेलवे ने पहली डबल-स्टैक कंटेनर ट्रेन का सफल संचालन कर नया वैश्विक मानदंड स्थापित किया है. इस ट्रेन में कंटेनरों की दो परतें थीं, जो एक के ऊपर एक रखी हुई थीं.
- इस ट्रेन का संचालन 10 जून को गुजरात के पालनपुर और बोटाद स्टेशनों के बीच किया गया, जिनकी दूरी 338 किमी है.

# बैंकिंग एवं फाइनेंस

## सितम्बर

- लोकसभा ने 16 सितंबर को बैंकिंग विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित कर ताकि सहकारी बैंकों में अन्य वाणिज्यिक बैंकों में लागू नियमों और विनियमों के संदर्भ में समानता लाई जा सके दिया
- RBI ने सभी बैंकों को NPA के वर्गीकरण और इनके प्रावधान की गणना की प्रक्रिया को पूर्णतय स्वचालित करने का निर्देश दिया है और यह आदेश सभी लोन खातों पर लागू होगा, और इसे 30 जून, 2021 तक अमल में लाना होगा.
- RBI ने स्टार्ट-अप्स को 50 करोड़ रुपये तक के ऋण, सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना के लिए किसानों को ऋण और कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट्स स्थापित करने के लिए दिए गए ऋणों को प्राथमिकता क्षेत्र के ऋणों तहत शामिल कर लिया है.
- सरकार ने बैंक उधारकर्ताओं को राहत के आकलन में सहायता करने के लिए राजीव महर्षि की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है.
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने देश के 100 शहरों में चयनित सेवा प्रदाताओं द्वारा तैनात डोरस्टेप बैंकिंग एजेंटों द्वारा डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएँ शुरू की हैं।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949 के तहत 28 जुलाई, 2020 से आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग गतिविधियां बंद करने का आदेश दिया है.
- इस बैंक ने पिछले साल जुलाई में कारोबार के आर्थिक रूप से गैर-व्यवहार्य होने के कारण इसे बंद करने के लिए आवेदन किया था.
- देश के शीर्ष ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और टाइटन वॉच कंपनी ने घड़ियों के माध्यम से टाइटन पे (Titan Pay) नामक कॉन्टैक्टलेस पेमेंट सेवा शुरू करने के लिए भागीदारी की है.
- बैंक ऑफ इंडिया ने उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों अथवा औसतन 10 लाख रुपये और उससे अधिक तिमाही औसत बैलेंस बनाए रखने वाले व्यक्तियों के लिए अंतरराष्ट्रीय संपर्क-रहित डेबिट कार्ड "Signature Visa Debit Card" लॉन्च किया है.
- भारतीय बैंक संघ (IBA) ने सार्वजनिक बैंकों के अच्छे प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए EASE पुरस्कारों की घोषणा की है. इस सूचकांक में बैंक ऑफ बड़ौदा ने पहला स्थान हासिल किया.
- EASE: 'Enhanced Access and Service Excellence. यह सूचकांक IBA और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा तैयार किया जाता है.

## अगस्त

- भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्निंग बोर्ड ने 30 जून को समाप्त हुए लेखांकन वर्ष 2019-20 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 57,128 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने को मंज़ूरी दे दी है.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने COVID-19 से उपजी दाबित परिसम्पत्तियों (NPA) के निपटान की देखरेख के लिए अनुभवी बैंकर के वी कामथ की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने देश के वित्तीय क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का दोहन कर इनोवेशन हब स्थापित करने की योजना बनाई है.

- ऋणगत संयम में सुधार करने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों को कैश क्रेडिट या ओवरड्राफ्ट सुविधाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों के चालू खाते खोलने पर रोक लगाने को कहा है.
- स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ़ इंडिया (SIDBI) ने ट्रांसयूनियन CIBIL के सहयोग से "MSMESaksham" नामक एकल खिड़की जानकारी पोर्टल लॉन्च किया है.
- Paytm ने एक एंड्रॉइड-आधारित मिनी पोर्टेबल पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) डिवाइस लॉन्च किया, जो एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर, क्यूआर स्कैनिंग के लिए कैमरा और वाई-फाई और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी का समर्थन करता है.
- ग्राहकों से प्रश्नों की बढ़ती संख्या से तुरंत और प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक्सिस बैंक ने ऑटोमेटिक वॉयस असिस्टेंट 'AXAA '-- एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित संवादी BOT लॉन्च किया.
- HDFC बैंक ने सरकार द्वारा जारी किसान क्रेडिट कार्ड दिशानिर्देशों के आधार पर सशस्त्र बलों के लिए अपनीं तरह का पहला उत्पाद 'शौर्य केजीसी कार्ड' लॉन्च किया.
- IRCTC और SBI कार्ड ने मिलकर RuPay प्लेटफार्म पर अपना नया सह-ब्रांडेड कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया.
  - ✓ कार्ड में नियर फील्ड कम्यूनिकेशन तकनीक है, जिसके द्वारा उपयोगकर्ता PoS मशीनों के पास कार्ड को हिला करके अपना लेनदेन कर सकते हैं.
- ICICI बैंक भारत में ऐसा पहला बैंक बन गया है जिसने किसानों की ऋण योग्यता का आकलन करने के लिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों से सैटेलाइट डेटा का उपयोग किया.
- SBI जनरल इंश्योरेंस ने "शगुन - गिफ्ट ए इंश्योरेंस" नामक अपनी तरह का पहला बीमा उत्पाद लॉन्च किया, जो एक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी है जिसे किसी भी तीसरे पक्ष को उपहार में दिया जा सकता है.

भारतीय स्टेट बैंक ने अपने सभी बचत खातों के लिए न्यूनतम शेष के गैर-रखरखाव पर जुर्माना माफी के अलावा एसएमएस शुल्क भी माफ कर दिया है.

## जुलाई

- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जुलाई को 517.64 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया, जो चीन, जापान, स्विट्जरलैंड और रूस के बाद दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी रैंकिंग है.
- NPCI ने 2000 रुपये तक के मोबाइल बिल, बिजली बिल, EMI भुगतान और ऋण भुगतान आदि के आवर्ती भुगतान के लिए UPI AutoPay सुविधा शुरू की.
- IRDAI ने 30 सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को अल्पकालिक 'कोरोना कवच' स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों को लॉन्च करने की अनुमति दी है.
- RBI के अनुसार, तमिलनाडु देश के राज्यों के बीच बाजार से उधार लेने में सबसे ऊपर है. कुल उधार में तमिलनाडु का 17% हिस्सा है.
- एचडीएफसी बैंक ने 1,000 शहरों में अपने ग्राहकों को जिपड्राइव नामक तत्काल ऑटो ऋण देने की योजना की घोषणा की.
- HDFC बैंक ने देश भर में किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए ई-किसान धन ऐप लॉन्च किया है. जिसके माध्यम से किसान बैंकिंग और कृषि दोनों सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे.
- बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने सभी ग्राहकों के लिए 'इंस्टा क्लिक सेविंग अकाउंट' नामक डिजिटल सेल्फ-असिस्टेड ऑनलाइन बचत खाता लॉन्च किया.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (UBI) ने अपने ग्राहकों को LIC पॉलिसियां देने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी समझौता करने की घोषणा की.

## जून

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सभी शहरी सहकारी बैंकों और बहु-राज्य सहकारी बैंकों को आरबीआई की देखरेख में लाने के लिए अध्यादेश पारित किया.
- आरबीआई ने भारत में पूर्वोत्तर और ग्रामीण जिलों में डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में सुधार और समर्थन के लिए 500 करोड़ रुपये का भुगतान अवसंरचना विकास कोष की स्थापना की है.
- RBI ने निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व, शासन और कॉर्पोरेट संरचना की समीक्षा करने के लिए RBI के सेंट्रल बोर्ड के निदेशक, पी के मोहंती के नेतृत्व में एक पाँच सदस्यीय आंतरिक कार्य समूह का गठन किया.
- एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (एग्ज़िम बैंक) द्वारा निकारागुआ गणराज्य में एल्डो चावरिया अस्पताल के पुनर्निर्माण के लिए 2.01 करोड़ डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (LOC) को विस्तारित किया गया.
- बैंक ऑफ बड़ौदा ने कृषि, गृह, एमएसएमई, ऑटो और व्यक्तिगत ऋण सहित अपनी सम्पूर्ण ऋण प्रणाली को डिजिटल बनाने का निर्णय लिया.
- ICICI होम फाइनेंस ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, निम्न-मध्यम-आय वाले और EWS ग्राहकों के लिए गृह ऋणों के लिए विशेष किफायती आवास ऋण योजना सरल (SARAL) शुरू की है
- ICICI बैंक ने अपने वेतन खाता ग्राहकों के लिए ऑनलाइन ओवरड्राफ्ट (OD) सुविधा 'इंस्टा फ्लेक्सीकैश' शुरू की है.

# रक्षा/विज्ञान टेक्नोलॉजी

## सितम्बर

- भारत ने ओडिशा के बालासोर के पास स्थित अब्दुल कलाम द्वीप से 7 सितंबर को हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल (HSTDV) मिसाइल तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया.
- HSTDV क्रूज़ मिसाइलों को संचालित करती है और स्क्रैमजेट इंजनों पर काम करती है, जो मैक 6 के आसपास की गति से उड़ सकते हैं.
- DRDO ने बालासोर (ओडिशा) के पास चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (HEAT) वाहन ABHYAS का सफलतापूर्वक परीक्षण किया.
- भारतीय नौसैनिक विमानन के इतिहास में पहली बार दो महिला अधिकारियों सब लेफ्टिनेंट कुमुदिनी त्यागी और सब लेफ्टिनेंट रीति सिंह को हेलीकॉप्टर स्ट्रीम में 'ऑब्ज़र्वर' पद के लिए चुना गया.
- भारत ने उत्तर प्रदेश में कोरवा आयुध निर्माणी में AK-47/203 राइफल के निर्माण के लिए रूस के साथ एक समझौते को अंतिम रूप दिया.
- JIMEX: भारतीय नौसेना और जापानी समुद्री आत्म-रक्षा बल (JMSDF) के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास (JIMEX) का चौथा संस्करण उत्तरी अरब सागर में सितंबर 26 से 29 तक आयोजित किया गया.
- PASSEX: भारत और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं ने 23-24 सितंबर को हिंद महासागर में दो दिवसीय मेगा अभ्यास किया.
- इंद्र नौसैनिक अभ्यास/ इंद्र नेवी: भारतीय और रूसी नौसेनाओं ने 4-5 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में दो दिवसीय मेगा सैन्य अभ्यास किया.
- CSIR-CMERI (वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान) ने दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) में अपनी आवासीय कॉलोनी में दुनिया का सबसे बड़ा सौर वृक्ष विकसित किया है.
- भारतीय खगोलविदों ने भारत की पहली अंतरिक्ष वेधशाला 'एस्ट्रोसैट' के माध्यम से ब्रह्मांड में सबसे दूर के स्टार आकाशगंगाओं में से एक की खोज की. एस्ट्रोसैट ने पृथ्वी से 9.3 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक आकाशगंगा से निकलने वाली अल्ट्रा-यूवी किरणों का पता लगाया है.
- चीन ने समुद्र में एक जहाज के मंच से अपने पहले वाणिज्यिक प्रक्षेपण में एक रॉकेट से नौ उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में भेजा.

## अगस्त

- फ्रांस से उड़ान भर कर पाँच राफेल जेट विमानों की पहली खेप ने 29 जुलाई को अंबाला में वायु सेना अड्डे पर ऐतिहासिक लैंडिंग की.
- भारतीय वायु सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए कैरियर से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए भारतीय वायु सेना ने एक मोबाइल ऐप "MY IAF" लॉन्च किया
- रक्षा मंत्रालय ने वन स्टॉप शॉप ऑनलाइन पोर्टल 'सृजन' (SRIJAN) लॉन्च किया है. यह पोर्टल विक्रेताओं को उन वस्तुओं तक पहुंच प्रदान करता है, जिनका स्वदेशीकरण किया जा सकता है.
- इज़राइल ने अपनी उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली "एरो -2" बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर का सफल परीक्षण किया.
- **ICGS सार्थक** :गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित अपतटीय गश्ती पोत (ओपीवी) को औपचारिक रूप से गोवा .शिपयार्ड में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया
- चंद्रयान-2 के टेरेन मैपिंग कैमरा-2 ने हाल ही में चंद्रमा की सतह और उसके क्रेटर्स की तस्वीरें लीं हैं. इसरो ने इस क्रेटर का नाम भौतिकीविद् विक्रम साराभाई की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके नाम पर रखा है.
- इसरो निजी क्षेत्र को श्रीहरिकोटा लॉन्च सेंटर (SHAR) (आंध्र प्रदेश) में अपना स्वयं का लॉन्चपैड स्थापित कर अपना रॉकेट या अंतरिक्ष यान लॉन्च करने देने के लिए पूरी तरह तैयार है.
- हैदराबाद की अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी स्टार्टअप स्काईरुट एयरोस्पेस अंतरिक्ष रॉकेट 'विक्रम' के ऊपरी चरण के इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण करने वाली पहली भारतीय निजी कंपनी बन गई है.
  - ✓ 'रमन' नामक इस 3-डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन का नाम नोबेल पुरस्कार विजेता सी वी रमन के नाम पर रखा गया है.
- केरल के जॉय सेबेस्टियन द्वारा स्थापित टेकजेंशिया सॉफ्टवेयर नामक स्टार्टअप ने विश्व स्तरीय स्वदेशी वीडियो कॉन्फ्रेंस समाधान विकसित करने की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीत ली है.
- गूगल ने भारत में अपना नया "पीपल कार्ड्स" फीचर लॉन्च किया है जो उपयोगकर्ताओं को अपने वर्चुअल विज़िटिंग कार्ड बनाने और सर्च प्लेटफॉर्म के लिए अपना सार्वजनिक प्रोफ़ाइल बनाने की सुविधा देता है.
- नासा ने Perseverance नामक मार्स रोवर मंगल ग्रह के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया, जो सात महीने की यात्रा कर मंगल ग्रह पर पहुंचेगा. यह रोवर कार के आकार का छह पहियों वाला वाहन है, जो एक टन से अधिक वज़नी है और कैमरे, माइक्रोफोन, ड्रिल और लेज़र से लैस है.

gyanm.college Edit Profile

1,180 posts 10.4k followers 39 following

Gyanm

Helping students realize their dreams for more than 10 years

Target: Making 5,000 students get a Govt Job before 2022. Be one of them!

Gyanm App

bit.ly/38WjkHt

# Government Jobs Made Easy




Follow Gyanm on Instagram & learn quick facts from trained teachers

https://www.instagram.com/gyanm.college/

www.gyanm.in

# जुलाई

- रक्षा खरीद परिषद ने सशस्त्र बलों को उनकी आपातकालीन परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 300 करोड़ रुपये तक की तात्कालिक सैन्य सामग्री की खरीद के लिए अधिकार प्रदान किए.
- रक्षा मंत्रालय ने आखिरकार भारतीय सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (PC) देने से संबंधित औपचारिक स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है.
- भारतीय नौसेना ने केरल में भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला में अपने सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की
- भारतीय नौसैनिक जहाज़ों ने हिंद महासागर में अंडमान – निकोबार द्वीप समूह के पास दुनिया के सबसे बड़े विमान वाहक यूएसएस निमित्ज़ कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ 'पासेक्स' (PASSEX) अभ्यास का आयोजन किया.
- DRDO ने ओडिशा के बालासोर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) में हेलिकॉप्टर द्वारा लॉन्च किये जाने वाले एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र' का परीक्षण किया.
- DRDO ने भारतीय सेना को 'भारत' नामक ड्रोन प्रदान किया है जिस से सेना को वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास ऊंचे और पहाड़ी इलाकों में, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख में, सटीक निगरानी करने में मदद मिलेगी.
- बोइंग इंडिया ने AH-64E अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की खेप के अंतिम पांच हेलीकॉप्टर और 15 सीएच -47 एफ (I) की खेप के अंतिम पांच, भारी-भरकम चिनूक हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना को सौंप दिए.
- DRDO ने P7 हैवी ड्रॉप सिस्टम विकसित किया है, जो सैन्य कार्गो विमान 'IL 76 गजराज ' से 7-टन वजन तक के सैन्य स्टोर को गिराने में सक्षम है.
- आईआईटी, दिल्ली द्वारा कोरोना वायरस के लिए दुनिया की सबसे सस्ती डायग्नोस्टिक टेस्ट किट Corosure विकसित की गई है.
- भारत और इज़राइल ने संयुक्त रूप से COVID-19 के लिए एक अल्ट्रा रैपिड टेस्टिंग किट विकसित की है जो केवल 30 सेकंड में परिणाम दे सकती है
- ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने भारत के पहले पूर्ण रूप से विकसित न्यूमोकोकल पॉलीसेकेराइड कंजुगेट वैक्सीन (न्यूमोनिया वैक्सीन) को मंजूरी दे दी है.
